ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 71,106.96 ▲+241.86 | | |
| डॉलर | 83.173 ▼ +0.000 | | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 13.0 | 24.0 |
| धनबाद | 24.2 | 16.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 24.3 | 16.0 | 27.0 |
| पलामू | 25.2 | 14.6 | 27.0 |

रांची मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 रांची, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 319, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय फिर बढ़ रही कोरोना की तेज रफ्तार...8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

अरबाज खान की शादी में सलमान खान...10 देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 59.800

चांदी (किलो) 80.700

## एक नजर

### कमाल खान 2016 के मामले में मुंबई हवाईअड्डे से गिरफ्तार

**मुंबई।** विवादास्पद बॉलीवुड और भोजपुरी अभिनेता-निमार्ता कमाल राशिद खान को सोमवार को यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह दुबई के लिए फ्लाइट पकड़ने जा रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि मुंबई पुलिस उन्हें 2016 के एक मामले में उन्हें पकड़ना चाहती थी और जब वह दुबई जा रहे थे तो उन्हें पकड़ लिया। खान ने कहा कि वह पिछले एक साल से मुंबई में थे और सभी तारीखों पर नियमित रूप से अदालत में हाजिर हो रहा थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि अगर मैं किसी भी हालात में पुलिस स्टेशन या जेल में मर जाता हूं, तो आप सभी को पता होना चाहिए कि यह एक हत्या है। और आप सभी जानते हैं कि कौन जिम्मेदार है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि बॉलीवुड मेगा-स्टार सलमान खान ने टाइगर-3 (2023) की कथित विफलता के लिए उन्हें दोषी ठहराया है। कमाल खान ने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और कई मीडिया हाउस को टैग किया है।

### दिल्ली, हैदराबाद समेत अन्य हवाईअड्डों पर उड़ान सेवाएं प्रभावित

**बेंगलुरु।** लगातार बदलते मौसम का असर हवाई सेवाओं पर भी देखी जा रही है। सोमवार को नई दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और हैदराबाद में कई उड़ान सेवाएं प्रभावित हुई। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में कोहरे की वजह से लोग परेशान नजर आ रहे हैं। घने कोहरे के कारण राज्यों के कुछ हिस्सों में विजिबिलिटी कम हो गई है। जहां यात्रियों ने सोशल मीडिया पर देरी और व्यवधान की शिकायत की, वहीं इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट सहित एयरलाइंस ने उन्हें 'लो विजिबिलिटी' और खराब मौसम के बारे में सूचित किया।दिल्ली में खराब मौसम के कारण आज सुबह 06:00 बजे से 09:00 बजे के बीच 7 उड़ानों को जयपुर और एक उड़ान को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया।

### अरब सागर में ड्रोन हमले से प्रभावित जहाज मुंबई बंदरगाह पर पहुंचा

**मुंबई।** भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम की सुरक्षा में, अरब सागर में हमला किया गया व्यापारी जहाज एमवी केम प्लूटो सोमवार को मुंबई बंदरगाह पर पहुंचा। इसके लिए आईसीजीएस विक्रम को भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की गश्त पर तैनात किया गया था जब उसे संकट में फंसे व्यापारी जहाज की ओर निर्देशित किया गया था। इस बीच, एमवी केम प्लूटो के माल को दूसरे जहाज पर ले जाने के लिए एक विमान शुरू किया गया है।

# झारखंड में डंढ से थोड़ी राहत, मध्य भारत के हिस्सों में घना कोहरा

## फिलहाल झारखंड में न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि अगले तीन-चार दिन पश्चिमोत्तर और आसपास के मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा रहने की आशंका है, जबकि तटीय तमिलनाडु में 30 दिसंबर से एक जनवरी तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं झारखंड में ठंढ से थोड़ी राहत मिलती दिख रही है। यहां न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ दिन पहले झारखंड के अधिकतर जिलों में न्यूनतम तापमान जहां आठ से नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा था वह अब 11 से 12 के बीच पहुंच गया है। झारखंड के राजधानी सहित कुछ जिलों हल्का बादल छाये रहने का भी अनुमान है। आईएमडी ने आगे कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में



न्यूनतम तापमान 6-10 डिग्री सेल्सियस और राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में और झारखण्ड के कुछ भाग में 11-12 डिग्री सेल्सियस के बीच है। अपने बुलेटिन में, मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने कहा कि मंगलवार-गुरुवार के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में और मंगलवार एवं बुधवार को राजस्थान तथा उत्तरी मध्य प्रदेश में सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

मंगलवार और बुधवार को ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में, मंगलवार-गुरुवार के दौरान उत्तराखंड, बुधवार और गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में सुबह घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने शुक्रवार और शनिवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में और मंगलवार से शनिवार तक असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घने कोहरे की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की, अगले पांच दिनों में केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और लक्षद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

### अवैध कोयला लोड 54 ट्रक जब्त, 6 गिरफ्तार

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार की रात 11 बजे से लेकर सुबह के 4:30 बजे तक जिला खनन टास्क फोर्स ने जीटी रोड पर बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया। अभियान में तोपचांची थाना क्षेत्र से 25-25 टन अवैध कोयला लोड 44 ट्रक एवं हरिहरपुर थाना क्षेत्र से 25-25 टन अवैध कोयला लोड 10 ट्रक को पकड़ा गया।

### क्रिसमस डे कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लिया हिस्सा

# धर्म ग्रंथों के परम सत्य का समन्वय इस शताब्दी में भारत को नई ऊंचाइयां देगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बड़ा दिन के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में लंच बैठक का आयोजन किया। इसमें 60 बिशप, फादर व ईसाई समुदाय के प्रमुख लोगों ने भाग लिया। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संयोग की बात यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ 'परम सत्य' को जानने पर केंद्रित हैं। सभी ग्रंथों का यह समन्वय 21वीं सदी के आधुनिक भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। पीएम मोदी ने क्रिसमस डे कार्यक्रम में कहा, हम अपने जीवन में कई समान मूल्यों को देखते हैं जो हमें एकजुट करते हैं। जैसे पवित्र बाइबिल कहती है कि भगवान ने हमें जो कुछ भी दिया है, वह दूसरों की सेवा के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। यही 'सेवा परमो धर्म' है। इसमें कहा गया है कि केवल सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि पवित्र बाइबल में सत्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया है।



### गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं ईसाई : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे समाज को दिशा देने और सेवा भावना में भूमिका के लिए ईसाई समुदाय की सराहना की और कहा कि देश इस बात को गर्व से स्वीकार करता है। क्रिसमस के मौके पर मोदी ने ईसाइयों के साथ अपने पुराने, घनिष्ठ और मधुर संबंधों को याद किया और कहा कि वे गरीबों और वंचितों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं।

#### यीशु का जीवन संदेश करुणा से भरा है

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में ईसाई समुदाय द्वारा संचालित संस्थान देश भर में बड़ा योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा और सेवा पर केंद्रित था और उन्होंने एक समावेशी समाज के लिए काम किया जहां सभी के लिए न्याय हो।

#### मुख्यमंत्री ने क्रिसमस पर्व की दी शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्यवासियों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि प्रेम, सद्भाव, उत्साह और खुशियों का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए, यही कामना करता हूं।

# सरकार ने निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप किया है काम : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वीर शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति के जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहीद निर्मल महतो चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार ने शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप काम किया है। झारखंड के निमार्ता शिबू सोरेन के निरंतर आशीर्वाद से मैं निर्मल दा के सपनों को साकार कर पा रहा हूं। आने वाले 10 वर्षों में हर झारखंडी की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हो चुकी होगी। निर्मल दा के सपनों का झारखंड



बनाने में सफल हो चुके होंगे।कार्यक्रम में केन्द्रीय प्रवक्ता सह मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिन्टु, मुख्यमंत्री के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, सांसद डॉ महुआ माजी, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### विदेश मंत्री जयशंकर आज से रूस के दौरे पर

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर सोमवार को रूस जाएंगे। यात्रा के दौरान द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा है कि वह मास्को और सेंट पीटर्सबर्ग की यात्रा करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री दोनों पक्षों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के हिस्से के रूप में 25 से 29 दिसंबर तक रूस का दौरा करेंगे।

## हथियारों के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार, एक सरकारी शिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के लातेहार जिले की पुलिस ने सोमवार को प्रतिबंधित संगठन जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति मोर्चा) के तीन नक्सलियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। इनमें से एक कमलेश सिंह उर्फ गुरुजी एक सरकारी स्कूल में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत है, लेकिन नक्सली संगठन के लिए सक्रिय था। गिरफ्तार किए गए दो अन्य नक्सलियों में एरिया कमांडर सूरज कुमार लोहरा उर्फ सर्वनाश, अनिल लोहरा शामिल हैं। ये सभी कमलेश सिंह उर्फ गुरुजी के घर इकट्ठा होकर कांट्रैक्टर्स और कारोबारियों से लेवी (रंगदारी) वसूलने की योजना बना रहे थे। लातेहार पुलिस ने इनके पास से एक लोडेड पिस्तौल, एक बोलेरो, दो मोटरसाइकिल, चार जिंदा कारतूस, दो वॉकी- टॉकी, सात एंड्रॉयड मोबाइल, चार की-पैड मोबाइल, चार चार्जर, दो राउटर, चार सिम, एक पिट्ठू, दो वर्दियां बरामद की हैं।

# सिलक्यारा टनल भूस्खलन की जांच टीम ने सौंपी रिपोर्ट

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के यमुनोत्री हाइवे पर निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल हादसे की जांच को गठित 6 सदस्य विशेषज्ञ कमेटी ने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में भारी खामियां पाई गई हैं। सूत्रों का कहना है जांच रिपोर्ट में कहा गया कि जहां भूस्खलन हुआ वो सुरंग का सिर जोन है। सिर जोन यानी बहुत संवेदनशील चट्टान जहां पर उसके ऊपर-नीचे निर्माण करना बहुत ही खतरनाक होता है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि उसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। समिति में हिमालय वाडिया इन्स्टीट्यूट के साथ ही भू-वैज्ञानिक, टनल एक्सपर्ट आदि



शामिल थे। समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में केंद्र सरकार को ये बताया है कि जहां भूस्खलन हुआ वो सिर जोन है, सिर जोन यानी बहुत संवेदनशील चट्टान जहां उसके ऊपर और नीचे पर निर्माण करना बहुत ही खतरनाक होता है। यदि जहां मलबा गिरा है यदि ₹सिर जोन₹ है यानी संवेदनशील चट्टान है तो फिर तो वहां पर जो सुरंग का अलाइनमेंट है वो पूरा का पूरा ही गलत होता दिख रहा है, क्योंकि जो उनके नीचे से सुरंग का जाना यानी अलाइनमेंट का गड़बड़ है। जांच कमेटी ने इस तरह की और भी तमाम खामियां पाई हैं। इतना ही नहीं जांच कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा गया कि जहां पर गार्डर के रिब लगने चाहिए थे, वहां सरिया के लगाया गया जो कि नियम के विपरीत व बड़ी खामी है। गौरतलब है कि सिलक्यारा सुरंग में रेस्क्यू के दौरान वर्टिकल ड्रिलिंग भी ऊपर से गई थी । जिससे पहाड़ी के ऊपर आधा अधूरा गड्ढे को खुला छोड़ रखा है। ऐसे में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्रीवास्तव कार्यदायी संस्था एनएचआइडीसीएल एवं नवयुगा इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी ने पर कार्रवाई कर सकती है।

### मेरी सरकार के कार्यों में महामना मालवीय की दृष्टि की झलक : पीएम

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि मेरी सरकार के कार्यों में महामना मालवीय की दृष्टि की स्पष्ट झलक मिलती है। महामना ने राष्ट्र के आधुनिक शरीर में प्राचीन आत्मा को सुरक्षित रखने की दृष्टि दी थी। सनातन सोच और संस्कारों का वे संगम थे। स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाते हुए वे भविष्य का निर्माण भी कर रहे थे। उनकी प्रेरणा से ही हम देश के तेज गति से विकास के साथ ही विरासत को संवारने के कार्यों में जुटे हैं। पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्मदिवस पर उनके संपूर्ण वाङ्मय का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का संतोष और गर्व है कि इसी सरकार के समय महामना के राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान को समझा गया और हम उन्हें भारत रत्न देकर गौरवान्वित हैं।

## बंगाल के राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह पर मांगा स्पष्टीकरण

**एजेंसी। कोलकाता**

जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में रविवार को आयोजित दीक्षांत समारोह पर विवाद उत्पन्न हो गया है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। राजभवन के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल के कार्यालय से एक संदेश जेयू रजिस्ट्रार के कार्यालय को भेज दिया गया है और मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य सवाल यह है कि अंतरिम कुलपति की कुर्सी से हटने के बाद भी बुद्धदेव साव दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर कैसे निर्णय ले सकते हैं और उसके लिए आवश्यक लागत की मंजूरी कैसे दे सकते हैं। मालूम हो कि दीक्षांत समारोह से महज 12



घंटे पहले राज्यपाल ने शनिवार शाम को साव को अंतरिम कुलपति की कुर्सी से हटा दिया। राज्यपाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में अपनी समानांतर स्थिति के आधार पर साव को उनकी कुर्सी से हटाया। हालांकि, रविवार की सुबह, राज्य के शिक्षा विभाग ने दीक्षांत समारोह की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के उद्देश्य से साव को बहाल कर दिया। रविवार को राज्यपाल की मौजूदगी के बिना ही दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

### अब सूबे पर नहीं छोड़ेगा कांग्रेसचुनावी रणनीति का बागडोर

**नई दिल्ली।** हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों की चुनावी रणनीति की बागडोर स्थानीय क्षत्रपों पर छोड़ने का बड़ा खामियाजा भुगतने के बाद कांग्रेस अब इसको लेकर सतर्क होती दिख रही है। लोकसभा चुनाव के बाद अगले साल होने वाले हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के चुनावी प्रबंधन की रणनीति का संचालन पेशेवर विशेषज्ञों के जरिए करने का पार्टी का ताजा उठाया गया कदम इसका साफ संकेत है। इन दोनों सूबों के चुनाव प्रबंधन की कमान चुनावी विशेषज्ञ सुनील कानूगोलू को सौंपने के फैसले से यह भी साफ है कि चाहे राज्यों में पार्टी के क्षत्रप जितने भी दमदार हों मगर पार्टी हाईकमान चुनावी रणनीति की बागडोर पूरी तरह से उन्हें सौंपने से परहेज करेगा।

## इंडिया

# भारत में मानव व्यापार का दंश और झारखंड



सुनील बादल

भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया को चौंका चुका है और खनिल तथा प्राकृत्रिक सौंदर्य के मामले में सबसे समृद्ध राज्यों में अग्रणी झारखंड भी तेजी से आगे बढ़ रहा है । यह अलग बात है कि इसकी गति क्षमता से बहुत कम है। दूसरी तरह देश के साथ झारखंड भी सतरंगी मोर के समान अपने पैरों को जब देखता ही तब उसे एहसास होता कि आर्थिक खाई अभी भी बहुत बड़ी है और योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसियों के भ्रष्टाचार के कारण गरीबों का सदियों से चल रहा पलायन और मानव तस्करी अभी जारी है । फ्रांस ने अधिकतर भारतीय मूल के लोगों सहित 300 से ज्यादा यात्रियों से भरे विमान को मानव तस्करी के आरोप में तीन दिनों बाद कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार को छोड़ा । अपनी मेहनत और ईमानदारी के कारण जानेजाने वाले झारखंड में पिछले पांच साल 2017 से लेकर 2022 के अंत तक मानव तस्करी के कुल 656 केस दर्ज किये गये जिसमें 1574 लोग मानव तस्करी के शिकार हुए जबकि 18 वर्ष से कम उम्र के मानव तस्करी के शिकार की संख्या 332 और 18 वर्ष या उससे अधिक की संख्या 216 थी। जबकि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की संख्या 717 और 18 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों



की संख्या 309 थी। झारखंड पुलिस ने 197 महिलाएं और 586 पुरुष सहित कुल 783 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया था । गत वर्ष सबसे अधिक मामले गुमला, सिमडेगा, खूंटी, साहिबगंज और रांची में दर्ज किये गये थे । सबसे अधिक 212 लोग सिमडेगा से मानव तस्करी के शिकार हुए। मानव तस्करी की शिकार सिमडेगा की 16 वर्षीय किशोरी की मौत दो जून को दिल्ली में हो गयी जो राजौरी गार्डन में एक परिवार के यहां घरेलू नौकरानी के रूप में काम करती थी। उसकी हत्या हुई या या उसने आत्महत्या की थी यह अभी स्पष्ट नहीं है। झारखंड में समस्या से मुक्ति के लिए तमिलनाडु मैनुअल वर्क्स रेगुलेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एंड कंडीशन ऑफ वर्क्स एक्ट 1982 जैसा कानून बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मानव तस्करी की समीक्षा के बाद सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने इससे संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था। राज्य में मानव तस्करी रोकने के लिए प्रवासी मजदूरों के पंचायत स्तर पर निबंधन का मॉडल तैयार किया जाएगा। निबंधित प्रवासी मजदूरों का पूरा डाटा बेस में गांव वार डाटा होगा कि किस परिवार के कितने सदस्य बाहर नौकरी करते हैं। जिन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। ऐप भी विकसित किया जाएगा। जो प्रवासी मजदूर पंचायत के स्तर पर निबंधित होंगे, उन्हें निबंधन के बाद प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। टीआरआई की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार झारखंड से ज्यादातर बच्चियों को दिल्ली, हरियाणा व पंजाब के अलावा बंगाल, ओडिशा, बिहार और असम भी भेजा जाता है। हरियाणा,राजस्थान और पंजाब जैसे राज्य में ये जबरन शादी के लिए बेची जाती हैं जबकि अन्य राज्यों में इनकी ट्रैफिकिंग घरेलू काम के लिए होती है । इन्हें प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से खरीदा-बेचा जाता है। यूपी में कालीन उद्योग के लिए झारखंड के बच्चों की काफी तस्करी हुई है। मानव तस्करी की शिकार इन बच्चियों में 30 शेष पृष्ठ 11 पर

## श्रावणी मेला में भक्तों को 10 किमी लंबी लाइन से मिलेगी मुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

सांसद निशिकांत दुबे ने क्यू कॉम्प्लेक्स के दूसरे फेज के कार्य को लेकर मानसरोवर तट का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि 160 करोड़ की लागत से कॉम्प्लेक्स का कार्य पूरा होने के बाद 50 हजार तीर्थयात्रियों के क्यू के लिए यह क्यू कॉम्प्लेक्स मील का पत्थर साबित होगा।



2025 के श्रावणी मेला में भक्तों को दस किलोमीटर लंबी कतार से मुक्ति मिल जाएगी। अब भक्तों को कुमैठा तक नहीं जाना होगा। देर रात से सड़क पर नहीं रहना होगा। हाईकोर्ट के निर्देश पर नवयुग कंपनी अपने सीएसआर के फंड से यह कार्य आरंभ करेगी। अभी पहले फेज का काम 15 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। श्रावणी और भादो मेला के बाद दूसरे फेज का काम शुरू होगा। सांसद ने कहा- क्यू कॉम्प्लेक्स काफी खूबसूरत होगा

सांसद ने कहा कि क्यू कॉम्प्लेक्स काफी खूबसूरत होगा, जो एक धरोहर होगा। नवयुग कंपनी इसमें एक्सपर्ट है। उसमें सारी सुविधाएं होंगी। विवाह, उपनयन जैसे अनुष्ठान एक साथ एक सौ स्थान पर होंगे। इसकी भी व्यवस्था यहां करेंगे। यात्रियों को और स्थानीय लोगों को भी बहुत राहत होगी।

## एक नजर

### मनायी गयी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**खूंटी,** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 99वीं जयंती के मौके पर खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक आवास में स्व वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर विधायक ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे। विधायक ने कहा कि वे पहले ऐसे पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने, जिनके नेतृत्व में गठबंधन की सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया। 16 अगस्त 2018 को उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने तीन बार देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला। विधायक नीलंठ सिंह मुंडा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वाजपेयी जी बताये मार्ग का अनुसरण करें और समाज के विकास में अपना योगदान दें।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव शुरू

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का सोमवार को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉक्टर एसएन पाठक एवं विशिष्ट अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक एचएन मिश्र ने महोत्सव का उदघाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्राथमिक खंड की बहनों द्वारा गीत-नृत्य गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि विद्यालय में 2600 भैया-बहन संस्कारमय वातावरण में आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्या भारती योजना के अंतर्गत 32000 विद्यालय देश भर में कार्य कर रहे हैं। अध्यक्षीय आशीर्वचन में शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल नाथ दास ने कहा कि क्रीड़ा विद्या भारती की एक प्रमुख योजना है। जिसके तहत बच्चों में शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता विकसित होती है। खेल प्रतिस्पद्धा का माध्यम हो वैमनस्य का नहीं। प्राचार्य डॉ संध्या सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एक जनवरी से पीडीएस दुकानों की हड़ताल होगी शुरू

**रांची।** इस बार नए साल में गरीबों को राशन नहीं मिल सकेगा। सोमवार को डोरंडा के शिशु सदन स्कूल परिसर में फेयर प्राइस शॉप लीडर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में एक जनवरी से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार पीडीएस दुकानदारों के बकाए कमिशन को देने में आनाकानी कर रही है। पीडीएस दुकानदारों को कमिशन का पैसा नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। कई बार कमिशन समेत अन्य मांगों को लेकर बैठक हो चुकी है। इसके बाद भी पीडीएस दुकानदारों की मांग पूरी नहीं हो सकी है। इससे पीडीएस दुकानदारों में सरकार के प्रति नाराजगी है।

# क्रिसमस आपसी सौहार्द का परिचय देता है : आर्च बिशप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची,** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो से मिलकर क्रिसमस पर्व की बधाई दी। चैंबर अध्यक्ष ने राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों के सुख समृद्धि की कामना के साथ ही राज्य के विकास के लिए प्रार्थना की। आर्च बिशप ने सभी चैंबर सदस्यों को क्रिसमस की बधाई दी। यह कहा कि यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द तथा एक दूसरे के लिए समर्पण का परिचय देता है। प्रतिनिधिमंडल ने जीइएल चर्च के बिशप सृमंत संदीप तिर्की से भी मुलाकात कर राज्य की खुशहाली के साथ ही क्रिसमस और आनेवाले नये साल की बधाई देते हुए राज्य के व्यापार व उद्योग जगत के विकास की कामना की। प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और सदस्य संदीप नागपाल के अलावा चर्च के असीम मिंज और महिमा गोल्डेन उपस्थित थीं।

### फिल्म, कला संस्कृति के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

चैंबर के फिल्म कला संस्कृति उप समिति और मेरी आवाज मेरी पहचान के संयुक्त तत्वावधान में चैंबर भवन में सांस्कृति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उप समिति चेयरमेन आनंद जालान, किशन अग्रवाल, राजीव चौधरी, बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, सिंगर कुमार गहलोत, कविता होरो, मो. रिजवान, आफताब आलम, गौरव कुमार, तनवीर खान, बुलंद अख्तर समेत कई लोगों ने उपस्थित होकर, कार्यक्रम का आनंद लिया।

### झारखंड अंडर 17 एवं अडर-19 बालक एवं बालिका कुश्ती टीम दिल्ली रवाना

**रांची :** 67वीं एसजीएफआई अंडर 17 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। इसमें भाग लेने के लिए झारखंड से बालक एवं बालिका टीमें सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुईं। इस मौके पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, भारतीय हॉकी के महासचिव एवं झारखंड हॉकी के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक बबलू कुमार, राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजीव रंजन, निलेश कुमार साहू एवं मधु तिर्की, झारखंड कुश्ती टीम के प्रबंधक नवीन कुमार एवं शंभू कुमार समेत आदि अन्य पदाधिकारियों ने राज्य कुश्ती टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### बाघवार अकादमी के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**चान्हो ,** बाघवार एकेडमी की ओर से कक्षा - 3 से कक्षा -6 तक के बच्चों को पिकनिक के लिए बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी ले जाया गया। यात्रा से पूर्व बच्चों को विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने अनुशासन में रहते हुए यात्रा एवं पिकनिक दोनों का भरपूर आनंद लेने की सलाह दी। वहां पहुंचकर सभी बच्चे पंक्तिबद्ध होकर एक-एक कर सभी जानवरों को देखा तथा उन जानवरों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी बच्चों को लंच कराया गया। बच्चों की देखभाल के लिए विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव , प्राइमरी सेक्शन इंचार्ज हरे कृष्णा सिंह, शिक्षिका -फरहत जहां, संगीता एक्का, जोलेन सोय, पिंकी कुमारी, मीनाक्षी कुमारी , रानी कुमारी, शिवानी चौधरी , रागी रश्मि, शालिनी टोप्पो ,शिक्षक शिवकाश गुप्ता, मुकेश विश्वकर्मा, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा , वरूण गुप्ता, अनुज सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी गण मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल



**बेड़ो:** बेड़ो प्रखंड के गरीब दिब्यांग एतवा उरांव जो अपने आंख से लाचार है और अपना जीवन बसर लोगों को अपनी आवाज के जादू से गाना गाकर करता है। कड़कड़ाती इस ठंड में जब सांसद प्रतिनिधी धनंजय कुमार रॉय का नजर एतवा पर पड़ा तो उसे बुला कर उन्होंने एक नया कंबल निकालकर एतवा को दिया। इस दौरान धनंजय कुमार राय ने एतवा को ठंड से बचने को कहा। उन्होंने एतवा को किसी तरह का कोई परेशानी होने पर मिलके निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर बेड़ो भाजपा के पुर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, मंडल महामंत्री बली सिंह उपस्थित थे।

### डीपीएस में सीबीएसई रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन



**रांची।** सीबीएसई द्वारा डीपीएस रांची में रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी वैज्ञानिक नवाचार और रचनात्मकता के प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। पटना रीजन (झारखंड) के 41 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। 22 और 23 दिसंबर को आयोजित प्रदर्शनी में दो श्रेणियों में छात्रों के वैज्ञानिक कौशल को प्रदर्शित किया गया। पहली श्रेणी में कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थी एवं दूसरी श्रेणी में कक्षा नवमीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक जिज्ञासा की व्यापकता और गहराई को दर्शाते हुए विविध विषयों पर परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। प्रदर्शनी के पांच विषयों में स्वास्थ्य, जीवन (पर्यावरण के लिए जीवन शैली), कृषि, संचार और परिवहन और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग शामिल थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 41 विद्यालयों में से, 09 विद्यालयों के विद्यार्थी विजेता बनकर उभरे और दिल्ली में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी के राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया।

## बेड़ो कपड़ा बैंक ने परयागो बस्ती में किया कपड़े व कंबल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो:** बेड़ो कपड़ा बैंक की टीम के द्वारा सोमवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में परयागो बस्ती में वहां के समाजसेवी बेरनाबेत बेक के सहयोग से जरूरमंदों के बीच में 300 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। वितरण में लोगों के बीच ठंड कपड़े में स्वेटर, जैकेट, कंबल, शॉल, साड़ी, जीन्स, पैंट, सर्ट, कुर्ती इत्यादि का वितरण किया गया। जहां मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि ठंड में लोगों को ठंड से बचने के लिए कपड़े की अधिक आवश्यकता होती है। कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया की जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं जिससे अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरण किया जा सके। कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है। जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन मे खुसी ला सकती है। कपड़ा बैंक की टीम में कैलाश कुमार, शक्ति साहू, अनुज कुमार गुप्ता और सुनील कुमार शामिल थे।

### देवेंद्रनाथ महतो ने सिल्ली में निकाली बाइक रैली

**रांची।** शहीद निर्मल महतो की 73वें जयंती पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने सिल्ली में नीति बनाओ बाइक रैली निकाली। बाइक रैली के माध्यम से सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंड राहे, सिल्ली, सोनहातू और अंनगड़ा में आमलोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बाइक रैली सिल्ली के बंता चौक में भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर शुरूआत की गयी। बाइक रैली बंता चौक और झारखंड मोड़ से होते हुए सुंडील पहुंचे। सुनील चौक स्थित शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा में श्रद्धांजलि दी गयी। बाइक रैली के दौरान जगह जगह केंद्रीय सदस्य देवेंद्रनाथ महतो, विजय सिंह, खतियाणी सुमित, हरिंदर करमाली, कलाकार जयराम, मदन, अमित गिरी, वीरेंद्र महतो ने अपने भी अपने विचार व्यक्त किये। देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि शहीद निर्मल दा के नाम पर इस वक्त राज्य में दो-दो झारखंड नामधारी पार्टी चल रहा है।

## राजनीतिक शुचिता के पर्याय थे भारत रत्न वाजपेयी : कोचे मुंडा

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में किया फल वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी,** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को नमन किया। तोरपा नगर भवन में सोमवार को भाजपा कार्यकताओं ने विधायक कोचे मुंडा के नेतृत्व में केक काटकर वाजपेयी जी की जयंती मनाई। मौके पर विधायक और पार्टी कार्यकर्ताओं ने रेफरल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल और ब्रेड का वितरण किया। मौके पर कोचे मुंडा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी और अन्य कार्यकताओं ने वाजपेयी जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विधायक ने कहा कि भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में अजातशत्रु थे। वे जितना लोकप्रिय भाजपा और समर्थकों के बीच थे, उतना ही लोकप्रिय वे विपक्षीयों के बीच भी थे। विधायक ने कहा कि स्व वाजपेयी राजनीतिक शुचिता के पर्याय थे।

उन्होंने कहा कि देश के विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति की प्रगति के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहे। कोचे मुंडा ने कहा कि हमें अटल जी के आदर्शों को अत्मसात करना होगा, तभी सबका साथ सबका विकास का लक्ष्य पूरा हो सकता है।

## रांची आसपास

## ईडी के समन की अनदेखी पर बंधे हैं सीएम सोरेन के हाथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देशभर में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों पर कार्रवाई कर रही ईडी के समन की दो राज्यों के मुख्यमंत्री और एक राज्य के उपमुख्यमंत्री लगातार अनदेखी कर रहे हैं। ईडी के पास समन की बार-बार अनदेखी करने पर कार्रवाई के अधिकार हैं, लेकिन उसकी सीमाएं भी हैं। इस कारण हेमंत सोरेन, केजरीवाल और तेजस्वी के मामले में उसके हाथ बंधे हुए हैं। बताया जा रहा है कि इन मामलों में ईडी कानूनविदों की राय ले रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के छह समन के बाद भी जवाब देने के लिए पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। रांची में जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने उन्हें पूरे परिवार की संपत्ति के विवरण के साथ आने को कहा है। इस मामले में हेमंत सोरेन ने ईडी के अधिकार को पहले सुप्रीम कोर्ट में और बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, यहां उन्हें राहत नहीं मिली। झारखंड हाई कोर्ट ने कहा कि ईडी को समन भेजकर पूछताछ करने का अधिकार है। इसलिए, उसके अधिकार को चुनौती नहीं दी जा सकती। इसके बाद भी हेमंत सोरेन पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं।

**यह है कार्रवाई का प्रावधान :** पीएमएलए की धारा-19 के तहत ईडी को यह अधिकार है कि लगातार तीन बार समन के बाद भी अगर कोई आरोपित पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होता है तो ईडी उसे गिरफ्तार कर सकती है, लेकिन उसके पास गिरफ्तारी के लिए पुख्ता आधार होने चाहिए।

## नाबालिग आदिवासी लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, पांच हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी,** नाबालिग आदिवासी लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपित हिरासत में तपकरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर तपकरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस एक महिला सहित पांच आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार तोरपा के प्रतिष्ठित स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा क्रिसमस की छुट्टी के बाद अपने एक मित्र के साथ भेलकी टोंगरी घूमने गई थी। वहीं से तपकरा के कुछ युवक लड़की के मित्र को धमकाकर भगा दिया और नाबालिग लड़की को तपकरा ले गए, जहां चार-पांच युवकों ने उसके साथ मुंह काला किया। लड़की के स्वजनों द्वारा लड़की के घर नही आने की सूचना दिए जाने पर तपकारा थाना की पुलिस ने रात में ही कई जगहों पर दबिश दी। इसे देखकर युवकों ने लड़की को होस्टल पहुंचा दिया। रात में ही पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया। पुलिस ने शहबाज खान, हसनैन, मिराज और एक महिला सहित चार-पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई कर रही थी। इस सम्बंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी से फोन से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

## बेड़ो में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनी



**बेड़ो:** बेड़ो भाजपा मंडल के द्वारा सोमवार को भारत के पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जयंती बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत के डुमरी गांव के बुथ नं 304 में मंडल महामंत्री बलराम सिंह के अगुवाई में मनाया गया। इस दौरान गांव के जरूरतमंदों के बीच साड़ी व कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पूर्व बीस सूत्री रंजन अधिकारी के द्वारा अटल जी के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में भाजपा बेड़ो मंडल के उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, मंगरु मुण्डा, पंचायत संयोजक इन्द्रजीत मुण्डा, कामेश्वर सिंह, सनिका उरांव, अजय भगत, बसंती देवी, भिस्मदेव सिंह, दुःखू गोप समेत कई भाजपा समर्थक उपस्थित थे।

## बेड़ो में एकल अभियान संच समिति ने मनाया तुलसी पूजन दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो:** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में सोमवार को एकल अभियान संच समिति के द्वारा तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम के दौरान महादानी मंदिर के पुजारी अशोक पंडा ने विधिवत रूप से तुलसी की पूजा अर्चना की। वही तुलसी पूजन दिवस पर एकल अभियान बेड़ो संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस घर के आंगन में तुलसी रहे उस घर में सभी लोग निरोग रहते हैं और सुख समृद्धि की कमी नहीं होती है। अतः सभी कोई अपने घर में तुलसी का पौधा लगाए। कार्यक्रम को आदिवासी विकास मंच के जगरनाथ भगत, संघ के रंजीत खत्री, मुकेश कुमार राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एकल अभियान बेड़ो संच के सभी आचार्यों एवं बच्चों ने भाग लिया। मौके पर रूप रानी देवी, मनी लकड़ा, विमल टोप्पो, नीतू मिंज, रीता देवी, सरिता उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

### अयोध्या के पूजित अक्षत का वाल्मीकि नगर में किया गया वितरण

**रांची।** श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या धाम का पूजित अक्षत कलश वितरण वाल्मीकि नगर के रिम्स स्थित दुर्गा मन्दिर में सोमवार को किया गया। विहिप प्रांत समाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण -प्रतिष्ठा होना है। इस उत्सव में हर एक व्यक्ति को अपने अपने घर के नजदीक के मंदिर में शामिल होना है। दिन में 11 बजे से एक बजे के बीच और संध्या को दीपावली उत्सव हर घर में और मंदिर में बनाना है। 22 जनवरी को प्रदेश के मंदिर अयोध्या के रूप में सजा कर पूजा अर्चना की जाएगी। सभी बस्ती के संयोजक और सहसंयोजक को पूजित अक्षत कलश दिया गया और वहां से पूजा अर्चना करने के बाद बैंड बाजा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। मौके पर रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, महानगर उपाअध्यक्ष गोपाल पारिक,बजरंग दल सह संयोजक दीपक साहू, अशोक सिंह, अजय महतो,सुशील सिंह,निवेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### खूंटी में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्योहार

## गरीबों व असहायों के मुक्तिदाता हैं प्रभु यीशु : विशप कंडुलना

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी,** प्रभु यीशु के जन्म पर मसीही विश्वासियों में उल्लास, गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना खूंटी। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मनाए जाने वाले क्रिसमस का त्यौहार खूंटी और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मसीही विश्वासियों में काफी उल्लास है। इस अवसर पर शहर के आरसी चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में सोमवार सुबह अलग-अलग समय पर आयोजित क्रिसमस की विशेष आराधना और अनुष्ठान के बाद विश्वासियों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। तत्पश्चात प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में आनंद मनाने और खानपान का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर शहर के तीनों चर्चों के साथ ही ईसाई बहुल मुहल्लों को सजाया गया है। जगह-जगह सामूहिक नाच-गान का आयोजन कर ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु के आगमन काल की खुशियां मनाई। इससे पूर्व आरसी चर्च में सुबह दो पालियों में आयोजित विशेष मिस्सा अनुष्ठान के दौरान अपने संदेश में बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि प्रभु यीशु समस्त मानव जाति के मसीहा और गरीबों, दबे कुचले लोगों के मुक्तिदाता हैं। वे पापों को क्षमा करने वाले और शांति के दूत हैं। उन्होंने लोगों से प्रभु यीशु के संदेश प्रेम और शांति को आत्मसात कर जरूरतमंदों की मदद व सेवा करने की अपील की। मौके पर फादर विशु बेंजामिन आईंद, फादर आइजैक सहित अन्य धर्म गुरु और मसीही समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वाजपेई की जयंती पर ओरमांझी में बांटे कंबल

**रांची।** भाजपा मंडल पांचा उच्च विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन मनाया गया। उनके चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर ठंड को देखते हुए वृद्ध,असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि भाजपा गरीबों व असहाय लोगों की चिंता करती है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है। जो गरीब के बारे में सोचती है। उनके विकास के बारे में सोचती है। मौके पर दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, अलखनाथ महतो, विक्रांत तिवारी, राजधाम साहू, कैलाश पाहन, नीलमोहन पाहन, राजेंद्र चौधरी, शशि मेहता, अशेश्वर लाल गुप्ता, धनंजय महतो, नवीन साहू, अजय साहू, शैलेंद्र, बालक महतो, सुनील महतो, दीपक मुंडा, विक्की साहू, सरोज महतो, अनिरुद्ध साहू, ओमप्रकाश साहू, सुखलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### बढ़ती ठंड को लेकर गरीबों को मिल रहे गरम कपड़े

## मांडर जिप ने असहायों के बीच कंबल का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददता**

**मांडर:** मांडर जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि रबुल अंसारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में बढ़ती ठंड को लेकर लगातार बुजुर्ग वृद्धा विधवा वृद्धा गरीब असहयों के बीच कंबल का किया जा रहा है वितरण सोमवार को इसी कड़ी में रबुल अंसारी के द्वारा ब्राम्बे में कम्बल का वितरण किया गया उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा भी कुछ कंबल जिला परिषद सदस्य को उपलब्ध कराया गया था मगर कंबल की संख्या कम रहने के कारण गरीबों के बीच बांटने में कठिनाई हो रही थी जिसके कारण निजी खर्च से जिला परिषद प्रतिनिधि द्वारा अतिरिक्त कम्बल मांगा कर गरीबों के बीच वितरण किया जा रहा है।

मौके पर उपमुखिया मोइन अंसारी महबूब अंसारी अतहर अंसारी वार्ड सदस्य सूरज प्रकाश खलखो सरीफ अंसारी ब्राम्बे सदर आफताब अंसारी मौजूद थे।

## एक नजर

### आरपीएफ ने तीन नशाखुरानी आरोपितों को किया गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से तीन नशा खुरानी के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सदस्यों में कलीमुद्दीन, बहारुल और शमीम अख्तर शामिल है। इनके पास तीन पुड़िया में हल्का गुलाबी रंग का टैबलेट और चार पैकेट क्रीम बिस्कुट, कुछ पुराने कपड़े और पैसे बरामद हुई। रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर सोमवार को बताया कि नशाखुरानी गिरोह को पकड़ने के लिए बनाए गए टीम फ्लाइंग टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आरपीएफ रांची पोस्ट के अधिकारी और कर्मचारियों को साथ रांची रेलवे स्टेशन स्थित प्लेटफार्म संख्या दो तीन पर गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी क्रम में तीन लोगों को पकड़ा गया। इसके बाद जांच करने पर 11 नवंबर, 16 और 17 दिसंबर का सीसीटीवी फुटेज का पुनरावलोकन करने बाद पाया गया कि नशाखुरानी की घटना घटित हुई है। उस घटना को इन तीन लोगों ने अंजाम दिया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के जिला रांची इकाई की ओर से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री विश्वकर्मा धाम सेवा समिति मंदिर खादगड़ा रातू रोड, सब्जी मंडी एवं ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था पिस्कामोड़ के द्वारा की गयी। शिविर में डॉ बीके सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा 39 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई। रमेश मिस्त्री, वकील राणा, वीरेन्द्र शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, शिव किशोर शर्मा, राजकिशोर राणा, अशोक कुमार राणा और सुबोध कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

### जुगाड़ फाउंडेशन ने बच्चों संग मनाया क्रिसमस

**रांची।** जुगाड़ फाउंडेशन की ओर से स्लम एरिया के बच्चों संग क्रिसमस की खुशियां बांटी गई। मौके पर बरियातू थाना के पीछे बच्चों के साथ फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रभु यीशु के जन्म पर्व पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया। क्रिसमस गीत गाये गये और पेंटिंग का आयोजन किया गया। क्रिसमस केक काटे गए और बच्चों को उपहार के रूप में चॉकलेट, टॉफी, गुब्बारे, कॉपी एवं पेन दिए गये। सांता टोपी पहन बच्चे फूले नहीं समा रहे थे। फाउंडेशन की डायरेक्टर चंचला देवी शालिनी, स्वस्तिका, रंजन, अंकित, स्वप्निल, विशाल, सोनू तथा रिया उपस्थित थे।

### ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में एलुमनी मीट

**रांची।** ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। सभी पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने शिक्षकों से मुलाकात कर पुराने दिनों को याद किया। एलुमनी मीट में वर्त्तमान में पढ़ रहे छात्रों ने पुराने छात्रों का जोरदार स्वागत किया। सभी ने स्वागत गान-नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके बाद पुराने छात्रों ने अपना-अपना परिचय दिया और अपने अनुभव साझा किये। सभी ने छात्रों को करियर संबंधी सलाह दी और मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने बताया कि अभी की गयी मेहनत कैसे उनके सुनहरे भविष्य के लिए मददगार साबित होती है।

## रांची के विभिन्न गिरजाघरों में मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव, काटा गया केक

# चरनी से निकले यीशु, मनी खुशियां

### गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की गई, देश एवं समाज में शांति की दुआ मांगी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को रात 12:00 बजते ही लोग प्रभु यीशु मसीह के जन्म होने की खुशियां मानने लगे। महा गिरजाघर में फादर डेविड ने यीशु मसीह के बालक रूप को चरनी से निकाल कर लोगों के दर्शन के लिए चर्च में रखा। ऐसा ही नजारा सभी चर्च में देखने को मिली। प्रभु यीशु के जन्म की खुशियों को लोगों ने केक काटकर और एक दूसरे से गले लगाकर जाहिर की। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की और देश एवं समाज में शांति की दुआ मांगी गई। चर्च में प्रार्थना करने पहुंच लोगों ने बताया कि प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मना कर वो लोग काफी खुश हैं। महागिरजा घर में लोगों को बालक यीशु के दर्शन करा रहे फादर डेविड बताते हैं कि प्रभु यीशु का जन्म होने के बाद लोगों का यह मानना है कि अब जनता के कष्ट और समस्याएं दूर हो जाएगी। देश-दुनिया में चारों ओर खुशहाली बनी रहेगी। इसीलिए 24 दिसंबर की रात्रि 12:00 बजे के बाद भी

### ईसाई समुदाय गिरजाघर में कैरोल गाते और थिरकते दिखाई दिये

रांची के सड़कों पर चहल-पहल देखने को मिलती है। रविवार की रात और सोमवार की सुबह खुशी में ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघर में कैरोल गाते और थिरकते दिखे। सोमवार की सुबह से लोग एक-दूसरे के घर आज जा रहे जाना और क्रिसमस की बधाईयां दे रहे है। मेहमानों का स्वागत केक और विशेष व्यंजनों में अरसा और नमकीन देकर करते रहे।

जगह जगह युवाओं द्वारा क्रिसमस पार्टी का आयोजन भी किया गया। जिसमें कैरोल गाते और नागपुरी गीतों में नाचते और झूमते नजर आये। ईसाई बहुल इलाकों में उत्सव सा नजारा दिखा। लोग क्रिसमस की उत्साह में खुशियां मनाते नजर आये।

## राज्यस्तरीय परिसंपत्ति वितरण समारोह 29 को लेकर डीसी ने की बैठक

# हजारों की संख्या में शामिल होंगे लाभुक



**रांची।** हेमंत सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय में अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम को लेकर अब तक की तैयारियों की जानकारी ली गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस बार मोरहाबादी मैदान में खुले आसमान के नीचे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। उपायुक्त ने इस संबंध में लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम स्थल में लोगों के लिए पीने का पानी, शौचालय और आस पास साफ-सफाई को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम के पदाधिकारी को निर्देशित किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची फाइनल करने के निर्देश दिये। विभिन्न प्रखंडों से आनेवाले लाभुकों के आवागमन और खाने की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये।

### एलईडी से होगा लाइव टेलीकास्ट

कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट किया जायेगा। इसको लेकर उपायुक्त द्वारा आवश्यक संख्या में एलईडी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन आदि को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल दंडाधिकारी सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा नेता ने बांटे कंबल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वी जयंती पर भाजपा नेताओं ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने पहाड़ी मंदिर के समीप वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। जायसवाल ने पहाड़ी मंदिर, दुर्गा मंदिर और काली मंदिर सहित विभिन्न जगहों पर जाकर कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कहा कि जननेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य का निर्माण किया। हमलोग हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। वाजपेयी एक ऐसे नेता थे जिन्हें हर राजनीतिक दल स्वीकार करते थे। अटल बिहारी एक कुशल प्रशासक और एक सफल राजनेता थे। कंबल वितरण में राज कुमार जायसवाल, संजीव चौधरी, उदय चौधरी, अविनाश जायसवाल, रवि प्रजापति, तरुण जायसवाल, प्रदीप ठाकुर, अभिनव यादव, पीयूष गुप्ता, सागर वर्मा, गोलू कुमार, अंकित कुमार, मंगल पांडेय, आशीष मिश्रा, किशन महतो और सुमित वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# 26 दिसंबर को मनायी जाती है वीर बाल दिवस

**रांची।** गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरुघर सेवक मनीष मिढ़ा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार सिंख और हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। मुगल शासन के अत्याचार और जुर्म के खिलाफ अपने अंतिम सांस तक लड़ने वाले गुरू गोबिंद सिंह के चारों पुत्र 17 वर्ष के अजीत सिंह, 15 वर्ष जुझार सिंह, 7 वर्ष के जोरावर सिंह और 5 वर्ष के फतेह सिंह के साथ माता गुजरी जी अल्प आयु में ही अपनी प्राणों की आहुति दे दी। लेकिन मुगल शासक वजीर खान के सामने इस्लाम धर्म स्वीकार करने से मना कर दिया और सिर झुकाने से इंकार कर दिये थे। शहादत की ऐसी मिशाल पूरी दुनिया में दुसरा कोई नहीं है। सिखों के दसवें गुरू गुरू गोबिंद सिंह जी के पुत्रों को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाता है। वर्तमान सरकार द्वारा इसी शहादत को सम्मान देते हुए हर साल 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस के रुप में मनाने की घोषणा की है। झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से राज्य के सभी स्कूलों में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने और इस दिन ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया है। भी राज्य के सइस दिन को उनकी वीरता और बलिदान के रुप में याद किया जाता है।

# आर्य समाज का 129 वां वार्षिकोत्सव संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आर्य समाज द्वारा आयोजित 129 वॉ त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव यज्ञ कुण्ड में सभी की कल्याण की कामना के साथ आहुतियॉ प्रदान के साथ समाप्त हो गया। वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन सुबह 8:30 बजे कार्यक्रम की हवन से हुई। जिसके ब्रह्मा वैदिक विद्वान आचार्य योगेश शास्त्री एवं आचार्य कौटिल्य थे। दोनों आचार्यों के संयुक्त वेदोच्चारण से यजमान राजेन्द्र आर्य, संजय गोयल, अजय आर्य और संजय पोद्दार सपत्नीक ने यज्ञ कुण्ड में सभी के कल्याण के लिए आहुतियॉ प्रदान की।वरेण्यं आर्य ने गीता के चौथे अध्याय का पाठ किया। आर्ष कन्या गुरुकुल, हजारीबाग की ब्रह्माचारिणीयों ने ऋषि दयानन्द की गाथा गई। आचार्य योगेश शास्त्री ने संस्कार विषय पर उपदेश करते हुए कहा कि संस्कारविहीन मनुष्य चलती-फिरती लाश के समान होता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए। हम घर, वैभव, ऐश्वर्य बढ़ाने की चिंता करते हैं। बच्चों में संस्कार बढ़ाने की नहीं। इसलिए आज समाज का पतन हो रहा है। झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रेम प्रकाश आर्य ने भारतीय नव जागरण के पुरोधा एवं आधुनिक भारत के प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती का 200वॉ जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मानने की अपील की। रांची आर्य समाज के प्रधान राजेन्द्र आर्य ने कहा कि हम स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा बताए गए मार्ग पर शनैः-शनैः आगे बढ़ रहे हैं। सत्यप्रकाश आर्य ने भजन ऋषि की निशानी है ये आर्य समाज गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज के मंत्री अजय आर्य एवं कोषाध्यक्ष संजय पोद्दार ने सभी का धन्यवाद किया। शान्ति पाठ अशोक पाठक ने किया। इस अवसर पर वरुण बिहारी, पूर्णचन्द्र आर्य, सुनील गुप्ता, डॉ प्रद्युमन शास्त्री, विमलेंद्र शास्त्री और डॉ परम हंस प्रसाद उपस्थित थे।

### मौलाना आजाद कॉलोनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन की ओर से मौलाना आजाद कॉलोनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। कांटाटोली स्थित अंजुमन इस्लामिया नूरिया पंचायत के प्रधान कार्यालय आयोजित शिविर में करीब 200 लोगों के आंखों का जांच किया गया। मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर की सुविधा मुहैया करायी जाय। जिससे की जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सुविधा मिल सके। शिविर में सेंटर फॉर साईट आई हॉस्पिटल के राजकुमार, संजीव भगत, रुखसार परवीन, बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर, अंजुमन इस्लामिया नूरिया पंचायत के हाजी सदर सऊद आलम, सचिव जफर, सह सचिव नेजाम, बुलंद और चांद खान ने सहयोग किया।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल व रोटी बैंक ने रिम्स में जरूरतमंदों को बांटे भोजन




**रांची।** तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल कि ओर से भोजन का वितरण किया गया। स्कूल ने रिलेशनस के साथ मिलकर रिम्स स्थित रोटी बैंक के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कराया गया। भोजन वितरण में मुख्य अथिति डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रोटी बैंक के संचालक विजय पाठक एवं गंगा यात्री पीयूष पाठक उपस्थित थे। भोजन वितरण में मुख्य रूप से प्रमोद सहाय, निराकार आचार्या, एके सिंह, बीके सिन्हा, गोविंद झा, पुष्प झा, कृष्णा प्रसाद, एनएसएस के स्वंसेवक शुभम चौधरी, मनीष कुमार, जय श्रीवास्तव, गोविंद कुमार सहयोग किया। स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंदो की सेवा और भूखे को खाना खिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। हमे हमेशा मानव सेवा के लिए तैयार रहने की जरूरत है तभी समाज की उन्नति होगी। यह जानकारी स्कूल के प्रमोद सहाय ने दी।

### चार दिवसीय चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ शुरू



**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का राष्ट्र चेतना गायत्री महायज्ञ कांके में शुरू हुआ। गायत्री महायज्ञ का कलश शोभा यात्रा कांके ब्लाक चौक के डॉ उपेन्द्र गली से वैदिक मंत्रों के उच्चारण के निकाली गयी। कलश यात्रा करीब 300 की संख्या में माताऐं एवं बहनें शामिल हुई। सभी सिर पर सदगुरु ज्ञान सद्ग्रंथ, मंगल जल कलश और हाथों में पौधा लेकर चल रही थी। कलश यात्रा में शामिल भाईयों एवं बहनों ने पर्यावरण संरक्षण एंव नशा मुक्त झारखंड का संदेश दे रहे थे। भक्त बैंडबाजों की धुन एवं भक्ति गीतों पर लोग झूमते नजर आएं। श्रद्धालुओं द्वारा हम बदलेंगे युग बदलेगा और हम सुधरेंगे युग सुधरेगा के नारों के साथ बोड़िया नदी से जल भर कर यज्ञ स्थल तक पहुंची। सोमवार की शाम को चौबीस कुण्डीय संगीत के साथ नारियों जागो, अपने को पहचानों का उद्बोधन शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। इसमें महायज्ञ में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है। सभी को भारतीय संस्कृति वेषभूषा में आकर ही भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यकम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-दो धुर्वा के स्थानीय गायत्री परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

### ब्लड डोनेशन कैंप में 50 लोगों ने किये रक्तदान



**रांची।** मशिरा फाउंडेशन और हेल्थ पॉइंट ने संयुक्त रूप से पुरानी रांची स्थित मोमिन हॉल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। कैंप का शुभारंभ फाउंडेशन के डायरेक्टर रमजान अंसारी ने स्वयं रक्तदान कर किया। रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने स्वेच्छा से अपना रक्त दुसरे के जीवन बचाने के लिये दिया। रमजान अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में रक्तदान महादान है। अपने जीवन में हरेक लोगों को रक्तदान जैसे पुण्य काम करते रहना चाहिए। रक्तदान मरीजों की जिंदगियां को बचाती है।

शिविर में हेल्थ पॉइंट हॉस्पिटल से ऐमन रजा, टीम ऑफिसर आशुतोष झा, मेडिकल अधिकारी, विनीत मिश्रा ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। रक्तदान करने वाले सैफ अली, इसरार अंसारी, सोहेल अंसारी, मो इश्तेयाक, अरशद, मोहसिन अंसारी, जहांगीर आलम, सैफ अली, अदनान सब्बू, एमडी शादाब, मो अरशद अली, बाबर अंसारी सहित अन्य शामिल हैं। जिन्हें संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कैंप में सदर हामिद, इरशाद, बबलू, आसिफ, फैयाज, पिंटू और बुलेट सहित कई लोगों ने सहयोग किया।

### ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान में तीन दिनों में 34 लोग पकड़े गए

**रांची :** रांची के ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान के दौरान पिछले तीन दिनों में 34 लोगों को पकड़ा। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की चारों थानों ने ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान अलग-अलग जगह पर चलाया। अभियान के क्रम में 22 दिसम्बर को 14, 23 दिसम्बर को 10 और 24 दिसम्बर को 10 लोगों को कुल 34 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया। इनमें दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालक शामिल हैं। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर सड़क से होकर गुजरने वाले वाहनों के चालक और सवार की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। एसपी ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें, शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी।

# मुगल शासन के अत्याचार के खिलाफ चारों साहिबजादों ने दी प्राणों की आहुति

**रवि चंद कपूर**

**रांची।** सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी की शहादत हुई, तो उसी समय गुरु गोविंद सिंह जी ने मुगलों के अत्याचार से मुकाबला करने की ठान ली। समय के साथ अपने को ढालते हुए उन्होंने आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठा लिया और सिखों में ऐलान किया कि अब समय बदल गया है। सन 1666 में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश (जन्म) हुआ था। उन्होंने वर्ष 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की और संदेश दिया कि हमे संत और सिपाही दोनों बनना है। पहले हथियार नहीं उठाना है, लेकिन अगर कोई हम पर जुल्म करेगा। तो उसे रोकने के लिए हथियार जरूर उठाना होगा। हमारे पर जुर्म करने वालों को छोड़ना भी नहीं है। वर्ष 1704 में चमकौर की घड़ी में गुरु गोविंद सिंह के दो बड़े सुपुत्र बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी शहीद हुए।

### गुरू महल सेवक गंगू ने माता गुजरी को दिया धोखा

खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासकों, सरहिंद के सूबेदार वजीर खां के आक्रमण के बाद 20-21 दिसंबर 1704 को मुगल सेना से युद्ध करने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने परिवार सहित श्री आनंदपुर साहिब का किला छोड़ा। सरसा नदी पर गुरु गोबिंद सिंह जी का परिवार जुदा हो गया। बड़े साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह गुरु जी के साथ रह गए। जबकि छोटे बेटे जोरावर सिंह और फतेह सिंह माता गुजरी जी के साथ थे। रास्ते में माता गुजरी जी को गंगू मिला। जो किसी समय पर गुरु महल की सेवा करता था। गंगू उन्हें बिछड़े परिवार से मिलाने का भरोसा देकर अपने घर ले गया। उनके साथ ना कोई सैनिक था और ना ही कोई उम्मीद थी। जिसके सहारे वे परिवार से वापस मिल सकते। अचानक रास्ते में उन्हें गंगू मिल गया जो किसी समय पर गुरु महल की सेवा करता था। गंगू ने उन्हें यह आश्वासन दिलाया कि वह उन्हें उनके परिवार से मिलाएगा। तब तक के लिए वे लोग उसके घर में रुक जाएं। इसके बाद सोने की मोहरें के लालच में गंगू ने वजीर खां को उनकी खबर दे दी।

### इस्लाम धर्म कबूल करने से साहिबजादों ने किया इंकार

वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 7 वर्ष के साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्ष के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार करके ले आए। उन्हें ठंडे बुर्ज में रखा गया। सुबह दोनों साहिबजादों को वजीर खां के सामने पेश किया गया। जहां उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया। लेकिन गुरु जी की नन्हीं जिंदगीयों ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। मुलाजिमों ने सिर झुकाने के लिए कहा तो दोनों ने जवाब दिया कि हम अकाल पुरख और अपने गुरु पिता के अलावा किसी के भी सामने सिर नहीं झुकाते। ऐसा करके हम अपने दादा की कुबार्नी को बर्बाद नहीं होने देंगे। यदि हमने किसी के सामने सिर झुकाया तो हम अपने दादा को क्या जवाब देंगे। जिन्होंने धर्म के नाम पर सिर कलम करवाना सही समझा, लेकिन झुकना नहीं।

### चमकौर के युद्ध शहीद हुए

### अजीत सिंह एवं जुझार सिंह

अजीत सिंह श्री गुरु गोबिंद सिंह के सबसे बड़े पुत्र थे। चमकौर के युद्ध में अजीत सिंह वीरगति को प्राप्त हुए। इतिहासकार बताते हैं कि रणभूमि में जाते ही अजीत सिंह ने मुगल फौज को कांपने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने एक-एक करके मुगल सैनिकों का संहार किया। लेकिन तभी लड़ते-लड़ते उनकी तलवार भी टूट गई। महज 17 वर्ष की आयु में आखिरी सांस तक मुगलों से लड़ते हुए उन्होंने रणभूमि में शहादत दे दी। अजीत सिंह की शहादत के बाद साहिबजादा जुझार सिंह ने मोर्चा संभाला। वह भी उनके पदचिन्हों पर चलकर अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।



### चारों साहिबजादों की शहादत है वीर बाल दिवस



रांची। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरुघर सेवक मनीष मिढ़ा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार सिंख और हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। मुगल शासन के अत्याचार और जुर्म के खिलाफ अपने अंतिम सांस तक लड़ने वाले गुरू गोबिंद सिंह के चारों पुत्र 17 वर्ष के अजीत सिंह, 15 वर्ष जुझार सिंह, 7 वर्ष के जोरावर सिंह और 5 वर्ष के फतेह सिंह के साथ माता गुजरी जी अल्प आयु में ही अपनी प्राणों की आहुति दे दी। लेकिन मुगल शासक वजीर खान के सामने इस्लाम धर्म स्वीकार करने से मना कर दिया और सिर झुकाने से इंकार कर दिये थे। शहादत की ऐसी मिशाल पूरी दुनिया में दुसरा कोई नहीं है।

# श्री माहेश्वरी सभा दस वर्षों से दे रहा है गरीबों को अन्नपूर्णा सेवा : संजय सेठ

### अन्नपूर्णा सेवा के 11 वें वर्ष में प्रवेश करने पर कार्यक्रम का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा रांची द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा के 10 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि झारखंड बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा अध्यक्ष राजकुमार मारु, पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व चेंबर अध्यक्ष दीपक मारु, चेंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं माहेश्वरी समाज पदाधिकारी उपस्थित थे। सभा अध्यक्ष किशन कुमार साबू ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि समाज के सभी लोगों के सहयोग से समाज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा 25 दिसंबर 2013 को शुरू हुई। अन्नपूर्णा सेवा में उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन मात्र 10 रूपये में 6 रोटी, सब्जी, अचार अपराह्न और रात्रि को प्रतिदिन दिया जाता है। सेवा नागरमल मोदी सेवा सदन के पास माहेश्वरी भवन के सामने संचालित की जाती है। मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने समाज द्वारा संचालित इस सेवा कार्य की सराहना की। माहेश्वरी समाज द्वारा पिछले 10 वर्षों से इस सेवा कार्य को कई बाधाएं आने के बाद भी संचालन करते रहने के लिए बधाई। संजीय विजयवर्गीय ने कहा कि कोरोना काल में भी माहेश्वरी समाज ने इस सेवा के द्वारा लोगों को भोजन व्यवस्था दी। सचिव नरेंद्र लाखोटिया ने बताया 10वर्ष में इस सेवा का लाभ 15 लाख 42 हजार 133 लोगों ने लिया। मंच संचालन पूर्व सचिव मुकेश काबरा ने किया। समारोह में जय किशन गट्टानी, सुमन चितलांगिया, अनीता साबू, विमला पलोड़, महिला समिति सदस्य एवं युवा संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि आर्पित की।

### 26दिसंबर को सभी जिलों,मंडलों में राष्ट्रीय वीर बाल दिवस मनाएगी भाजपा

**रांची।** भारत सरकार ने 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस घोषित किया है। यह भारत के सिख गुरुओं की महान बलिदान परंपरा का दिन है। दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत इसी दिन हुई थी। प्रदेश भाजपा इस दिवस को जिला और मंडल स्तर मनाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक गुरविंदर सिंह सेठी ने दी। सेठी ने बताया कि वीर बाल दिवस लोगों को देश के सम्मान की रक्षा केलिए दस सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान का स्मरण कराएगा।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्य उत्तराखंड रवाना

**रांची ।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड के सदस्य सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन से गरीब रथ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। वहां से उत्तराखंड के ऋषिकेश के लिए रवाना होंगे। 28 दिसम्बर को उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित होने वाली चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकीकरण की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार (पुटू), राष्ट्रीय सैनिक संस्था यूनिट के सचिव ऋषभ कुमार, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, कार्यकारणी सदस्य सत्यम कुमार ठाकुर और मुन्ना कुमार शामिल होंगे।

### आदिवासियों को स्वार्थी तत्वों का आहार व हथियार नहीं बनने देंगे : बंधु तिर्की

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों के समन्वित, संतुलित, भेदभाव रहित और संपूर्ण विकास के लिए 4 फरवरी 2024 को राजधानी के मोरहाबादी मैदान में झारखंड जनाधिकार मंच द्वारा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया जायेगा। तिर्की ने कहा कि इस महारैली में न केवल आदिवासियों के मुद्दे पर गहन विमर्श करते हुए आदिवासियों को वास्ताविक जमीनी स्थिति से परिचित कराया जायेगा।

### मां ललिता पॉलीडॉक की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची।** मां ललिता पॉलीडॉक की ओर से सोमवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय एवं झारखंड राज्य कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर डॉ अजीत कुमार एवं अन्य चिकित्सकों ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। शिविर में मेदांता इरबा, रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार मिश्रा, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ रिम्स के सहायक प्राध्यापक डॉ विनय प्रभात ,नेत्र रोग विशेषज्ञ (एम्स दिल्ली)की डॉ कुमारी रीना, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीतिलता, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार आशुतोष,जनरल फिजिशियन डॉ रविंद्र सिंह, एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने योगदान दिया। इस शिविर में मरीजों का निःशुल्क ब्लड शुगर जांच की गई। सम्मानित अतिथियों ने भी आम मरीजों के बीच अपना ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच करवाया। कल 520 मरीजों ने इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। दो मरीजों के ऑपरेशन भी निःशुल्क तत्काल माइनर ओटी में डॉ अजीत कुमार के द्वारा की गई। डॉ विनीत ने मरीजों को बताया कि हृदयघात के प्रमुख कारणों में एक कारण तंबाकू का सेवन भी है,हाई ब्लड प्रेशर को उन्होंने साइलेंट किलर बताया। उन्होंने बताया कि शुगर के मरीजों के लिए रक्तचाप की उच्चतम सीमा 130 होनी चाहिए।

# झारखंड अलग राज्य निर्माण के दो पुरोधाओं को किया नमन

## झारखंड का तोहफा दे अटल ने लोगों की आकांक्षा पूरी की : बाबूलाल मरांडी



**पूरे राज्य में भाजपा 100 वीं जयंती पर वाजपेयी को किया याद**



**रांची/धनबाद ।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार को उन्हें देशभर में श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड के सभी जिलों में भाजपा ने इसे मंडल व जिला स्तर तक मनाया। धनबाद में जयंती समारोह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वैसे तो अटल बिहारी वाजपेयी पूरे देश वासियों के दिलों पर राज करते हैं। लेकिन झारखंड और झारखंड वासियों के लिए वह काफी खास हैं क्योंकि अटल बिहारी वाजपेयी ने ही झारखंडवासियों नए राज्य का तोहफा दिया था। जब झारखंड वासियों की बात कोई नहीं सुना तब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड वासियों की आवाज सुनी और अलग झारखंड राज्य का सौगात झारखंड वासियों को दिया। कार्यक्रम में रांची के सांसद संजय सेठ ने वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

### युगों-युगों तक याद किए जाएंगे झारखंड निमार्ता अटल जी : कर्मवीर सिंह

**रांची :** प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्रभक्त विराट व्यक्तित्व का नाम है अटल बिहारी वाजपेयी। ऐसा व्यक्तित्व जो कुशल संगठक हो, दूर दृष्टा राजनेता हो, अजात शत्रु हो, कवि, लेखक हो, ओजस्वी वक्ता हो विरले ही जन्म लेते हैं। कर्मवीर सिंह ने कहा कि युगों-युगों तक झारखंड निमार्ता अटल जी याद किए जाएंगे।

## निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : सुदेश महतो

**झारखंड के भविष्य की कल्पना उनकी सोच में छिपी हुई थी**

**निर्मल दा की परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे**

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी किया नमन**



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी निर्मल महतो के विचारों और सपनों का संगठन है। उनके आंदोलन में दिए गए योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। राज्य के प्रति उनकी परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे। झारखंड अलग राज्य के निर्माण के लिए अपने बहुमूल्य जीवन का बलिदान देने वाले शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनकी शहादत ने इस आंदोलन को बल दिया। झारखण्ड निर्माण में निर्मल महतो जी के नेतृत्व और योगदान के लिये सभी झारखंडवासी हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। झारखंड के भविष्य की कल्पना उनकी सोच में छिपी हुई थी। सुदेश कुमार महतो ने ये बातें सोमवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर रांची के जेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही। मौके पर उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाई और एक नया मुकाम दिया। झारखंड उदय में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने देश में एक श्रेष्ठ राजनेता के तौर पर खुद को स्थापित किया था। इस दौरान सुदेश महतो ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि मदन मोहन मालवीय जी के शिक्षा एवं समाज के हित में किए गए कार्यों को हमेशा स्मरण में रखा जाएगा। आजसू के संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आजसू पार्टी द्वारा राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्मल महतो की फोटो पर माल्यार्पण कर उनकी सोच को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वहीं शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखण्ड के मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

# राज्य के सभी जेलों का हुआ निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सभी केंद्रीय कारा का सोमवार को निरीक्षण किया गया। कहीं से कोई आपत्तिजनक सामग्री मिलने की सूचना नहीं है। इधर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा जेल का औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने प्रत्येक वार्ड और सेल की जांच की। जेल में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा-व्यवस्था की जानकारी ली। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने जेल में कैदियों के लिए खाने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। कैदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए बनी खाद्य सामग्री और कच्ची खाद्य सामग्री का सैंपल कलेक्ट किया गया। खाद्य सामग्री के स्टॉक पंजी का भी मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान करीब 200 कैदियों का बयान लिया गया। इस संबंध में जिला स्तर से विस्तृत जांच प्रतिवेदन जेल आईजी को उपलब्ध कराया जाएगा। इधर धनबाद मंडल कारा में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद जिला प्रशासन जेल में लगातार छापेमारी कर रहा है। सोमवार को एक बार फिर से उपायुक्त वरुण रंजन के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम जेल में छापेमारी करने पहुंची। करीब 2 घंटे तक चली छापामारी के बाद धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि रूटीन जांच को लेकर वह निरीक्षण करने धनबाद जेल पहुंचे थे।



### बाबूलाल मरांडी ने की थी होटवार जेल के अधीक्षक की तारीफ

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने होटवार जेल के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट की सराहना की थी। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेसरा निशांत रॉबर्ट को सख्ती से अपनी ड्यूटी निभाने और कानून सम्मत बढ़िया काम करने को लेकर प्रोत्साहित करने की अपील की थी। सोशल मीडिया के जरिये मुख्यमंत्री को टैग कर अपनी बात रखते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि उन्होंने सुना है कि होटवार जेल में ईडी के केस में बंद आपके कमाउ चेलों को युवा संथाल आदिवासी नये जेल सुपरिटेंडेंट बेसरा निशांत रॉबर्ट की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह यह सुपरिटेंडेंट प्रेम की लीला के मायाजाल में फंस नहीं रहा। इतना टाइट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में दिन में ही तारे दिखायी दे रहे हैं।

### होटवार जेल अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से किया इनकार

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से इनकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, बेसरा निशांत रॉबर्ट को धनबाद मंडल कारा का अधीक्षक बनाये जाने की अधिसूचना जारी हुई थी, लेकिन उन्होंने धनबाद जेल का प्रभार लेने में असमर्थता जतायी है। उन्होंने कहा है कि धनबाद जेल काफी संवेदनशील है। उन्हें विभागीय कार्यों के केस के सिलसिले में कई बार हाई कोर्ट का रुख भी करना पड़ता है। रांची से धनबाद की दूरी ज्यादा होने के कारण उन्हें परेशानी होगी।

## राज्यपाल से आर्चबिशप और फादर ने की मुलाकात

**रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को क्रिसमस के शुभ अवसर पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो और फादर अजित खेस ने राज भवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें क्रिसमस की बधाई दी।**



## राजेश ठाकुर ने फेलिक्स टोप्पो को दी बधाई



**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को ईसाई धर्म गुरु बिशप फेलिक्स टोप्पो से मिलकर उन्हें और सभी ईसाई धर्मावलंबियों को क्रिसमस की बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि ईसा मसीह ने मानव जाति के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। ईसा मसीह का यह संदेश आज के समय में भी काफी सार्थक है। उन्होंने नफरत और धर्म के आधार पर समाज को बांटने की राजनीति पर अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि मानव जाति के कल्याण के लिए आपसी प्रेम और भाईचारा से बड़ा कोई मंत्र नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्तों और मूल्यों पर आधारित सदैव राष्ट्र के विकास में हर एक व्यक्ति और समाज की भागीदारी के महत्व को समझती है। बिशप टोप्पो ने भी इस अवसर पर मानवता के कल्याण और सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण के लिए एवं सर्वधर्म सम्भाव की विचारधारा को सामने रखते हुए बेहतर समाज के निर्माण के लिए ईश्वर से विशेष प्रार्थना की ।

# फर्जी दस्तावेज पर दिये जा रहे हैं पेयजल योजनाओं के टेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में तय नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। विभाग में बगैर कायार्नुभव फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होकर लाखों का न्यारावारा कर टेंडर आवंटन का खेल चल रहा है। यही नहीं फर्जी दस्तावेज के आधार पर नियम विरुद्ध टेंडर आवंटित करने का खेल तो चल ही रहा है। साथ ही टेंडर मैनेज करने खेल में एक योजना का तो बार-बार टेंडर हो रहा है। बगैर कायार्नुभव फर्जी दस्तावेज के आधार पर टेंडर आवंटित करने की दिशा में फाईल तेजी से संबंधित पदाधिकारी व अभियंता के बीच घूम रही है। उन्होंने कहा है कि यह मामला क्षेत्र भ्रमण के दौरान आया है। इस की जांच मंत्रिमंडल निगरानी विभाग की तकनीक परीक्षण कोषांग से कराकर दोषी पदाधिकारियों व संवेदकों के खिलाफ सख्त अनुशासनिक, प्रशासनिक व आपराधिक कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्य सचिव व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि डुमरी प्रखंड में बिना कायार्नुभव प्रमाण पत्र का मेसर्स तपेश्वर सिंह को गिरिडीह-।। प्रमंडल के अंतर्गत डुमरी प्रखंड में विभागीय अभियंता प्रमुख व निविदा समिति के अन्य सदस्यों ने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर करोड़ों का न्यारावारा करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से ससारखों जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) व बेढ़ा सुइयाडीह जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) आदि कई योजनाओं का टेंडर आवंटन किया गया है। इसी प्रकार खूंटी प्रमंडल में सुंदरी पोंडा नगर ग्राम जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 35 करोड़) के टेंडर आवंटन में नियमों की घोर अनदेखी की गयी है।



# आदिवासी साहित्य में अब आदिवासी संदर्भ, आदिवासी लेखक, उनका दर्शन बना रहा जगह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्तमान आदिवासी साहित्य में आदिवासी संदर्भ, आदिवासी लेखक, उनके कार्य, उनका दर्शन धीरे-धीरे जगह बना रहा है। यह बातें सोमवार को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार जोबा मुर्मू ने धुमकुड़िया-2023 कही। मुर्मू ने प्रख्यात आदिवासी साहित्यकार महादेव टोप्पो को आदिवासी साहित्य का जनक बताया। वे आदिवासियों की वार्षिक गोष्ठी धुमकुड़िया-2023 के दो दिवसीय कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। इस वार्षिक गोष्ठी के पहले दिन विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, युवा शोद्यार्थी व समाजसेवी शामिल हुए। इसमें आदिवासी समाज की वर्तमान दशा-दिशा पर विचार विमर्श किया गया। इस बौद्धिक परिचर्चा में रुद्र मांझी ने सरना धर्म और गौतम बुद्ध के बीच संबंध बताया। इस पर श्रोताओं द्वारा इसका खंडन किया गया। ज्ञांति कुमारी ने बुनियादी बीजों की कमी से आदिवासी महिलाओं के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पर अपनी बात रखी। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार और उसकी वर्तमान स्थिति पर विमर्श बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ मंजरी राज उरांव और नीतू साक्षी टोप्पो के बाद शुभम अहाके ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार और उसकी वर्तमान स्थिति पर बातचीत करते हुए संविधान में आदिवासियों के लिए किए गए प्रावधानों तथा उसके जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल किए। अंतिम वक्ता के रूप में स्वाति असुर ने असुर आदिवासी समाज काल, आज और कल विषय पर बातचीत करते हुए असुर आदिवासियों की सृजन, संस्कृति, परंपरा, राजनीतिक व्यवस्था, आर्थिक व्यवस्था, सांस्कृतिक व्यवस्था और भविष्य में इसकी राह अर्थात अनंत काल तक मां प्रकृति के संरक्षण में रहने की बात कही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर डॉ गणेश मांझी ने की और संचालन प्रवीण उरांव और अरबिंद भगत ने किया, कार्यक्रम का समापन में कविता पाठ के साथ हुआ। नीतू साक्षी टोप्पो, अरविंद भगत और डॉ गोश मांझी के अपनी कधिता पढ़ी। इसके बाद प्रसिद्ध आदिवासी साहित्यकार ने सुंदर टिप्पणी देते हुए शुमकुड़िया को बौद्धिक आदोलन के रूप में परिभाषित किया। कार्यक्रम का समापन प्रवीण पुराय ने धन्यवाद ज्ञापन से किया गाया। हर गांव में धुमकुड़िया निर्माण पर जोरराजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय कुजूर ने हर गांव में धुमकुड़िया निर्माण और सांस्कृतिक अभ्यास के साथ-साथ पुस्तकालय की स्थापना पर जोर दिया. अधिवक्ता निशी कच्छप, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रांची के प्रोफेसर रामचंद्र उरांव द्वारा विधिक जागरूकता पर बात की गयी। आदिवासी समाज में शिक्षा का महत्व पर स्कॉलर राजनीति विज्ञान के अरविंद भगत द्वारा वक्तव्य दिया गया। धुमकुड़िया का उद्देश्य एवं महत्व पर जोर देते हुए इसके संरक्षण का आह्वान किया गया।




## हाई कोर्ट की खबर

# आईपीएस प्रिया दुबे के पति संतोष दुबे के प्री मिच्योर रिटायरमेंट के आदेश पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट से वरीय आईपीएस अधिकारी प्रिया दुबे के पति और धनबाद के तत्कालीन आरपीएफ सीनियर कमांडेंट संतोष कुमार दुबे को सोमवार को बड़ी राहत मिली है। विभागीय कार्यवाही पर रोक के बावजूद रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा संतोष को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट देने पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। संतोष दुबे वर्तमान में डीआईजी आरपीएफ पद पर लखनऊ में पदस्थापित हैं। संतोष कुमार दुबे चक्रधरपुर, धनबाद और रांची डिवीजन में पदस्थापित रहे थे। इस दौरान उन पर 1.48 करोड रुपये की आय से अधिक संपत्ति का मामला सीबीआई ने दानापुर में 10 जुलाई 2013 को केस दर्ज किया था। इसके बाद आरपीएफ नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया। संतोष की अधिकांश पोस्टिंग झारखंड में हुई थी। इसी दौरान उनपर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा था। संतोष कुमार दुबे द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने का चेक पीरियड 1998 से 2013 तक सीबीआई ने रखा है। मामले में सीबीआई ने 28 जून 2022 को संतोष और उनकी आईपीएस पत्नी प्रिया दुबे एवं अन्य खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पटना ने 22 जुलाई 2022 को मामले में संज्ञान लिया था। 31 जनवरी 2023 को आरपीएफ, नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी। इसके बाद संतोष कुमार ने विभागीय कार्यवाही को निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। पांच अक्टूबर 2023 को झारखंड हाई कोर्ट ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ आरपीएफ द्वारा विभागीय कार्रवाई के आदेश पर रोक लगा दिया। इसके बाद पांच दिसंबर 2023 को रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने विभागीय कार्यवाही पर रोक के बावजूद 1802 (ए) इंडियन इस्टैब्लिशमेंट कोड के तहत संतोष कुमार को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दे दिया था। मामले में हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को 07 नवंबर 2023 को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने संतोष कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पर रोक जारी रखी थी। इसी दौरान प्रीमेच्योर रिटायरमेंट किए जाने को लेकर संतोष कुमार दुबे ने हाई कोर्ट में एक हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की, जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट में संतोष कुमार दुबे को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दिए जाने के आदेश पर रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 12 फरवरी 2024 निर्धारित करते हुए केंद्र सरकार को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मित्तल की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची ।** मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले के चार्जशीटेड आरोपित मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को याचिका की त्रुटि दूर करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई के लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को कोर्ट खारिज कर चुका है। वहीं उसकी अग्रिम जमानत याचिका को भी ईडी कोर्ट ने 16 दिसंबर को खारिज कर दिया था। इसके बाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

## एक नजर

### नये साल के आगमन के पहले ही पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ने लगी भीड़



**बरकट्ठा।** नए साल के आगमन के पहले ही प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है.सोमवार को क्रिसमस दिवस की खुशी के साथ साथ नए साल के आगमन के पूर्व ही स्वागत के लिए युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। पिकनिक स्पॉटों पर भारी संख्या में लोग अपने परिवार रिस्तेदारों और दोस्तों के साथ पिकनिक का लुप्त उठाते हुए नजर आए, जहां लोगों ने जमकर मस्ती की।

### गिद्दी चर्च में क्रिसमस को लेकर प्रार्थना सभा का आयोजन

गिद्दी। गिद्दी कोयलांचल सोमवार को क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। गिद्दी स्थित नार्थ वेस्ट जीईएल चर्च में क्रिसमस प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गिद्दी, रेलीगढ़ा और आसपास के गांवों के दर्जनों महीसी परिवार शामिल हुए। सर्वप्रथम में फादर ने प्रभु यीशु की प्रतिमा को चरनी में स्थापित किया। इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना किया गया। फिर प्रार्थना सभा किया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात महीसी परिवार के लोग प्रभु यीशु के जन्म पर गीत प्रस्तुत किए। फिर फादर सुधीर सोनवार ने प्रभु यीशु के शांति, प्रेम और भाईचारिगी का संदेश दिया गया। प्रार्थना सभा में सचिव सुशील लकड़ा, हरमन खलको, रचना खलको, आनंद खलको, प्रेम सहाय खलको, इलियानी मिंज आदि शामिल हुए।

### मारपीट मामले में 10 नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

रामगढ़। हमारे प्रतिनिधि। गोलपार निवासी आसिफ अंसारी ने रामगढ़ थाना में 10 नामजद व अन्य पर मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। आसिफ ने आवेदन में कहा है कि उसके दोस्त आदिल की बहन के साथ मुंडा टोली के प्रिंस कुमार पिछले तीन-चार दिन से छेड़खानी कर रहा था। इसी को लेकर उसे बुलाकर समझाया। इस बात को लेकर एक घंटे बाद मुझे बुलाया और अपने साथ लाये 10-15 लोगों के साथ मिलकर मारपीट की। मेरे साथ-साथ उन लोगों ने मेरी मां के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### हिंदू राष्ट्र बनाने की कोशिश का होगा पुरजोर विरोध: आदिवासी संघर्ष मोर्चा

**रामगढ़।** आरएसएस, भाजपा और जनजाति सुरक्षा मंच आदिवासियों के बीच आपसी विभाजन कर हिंदू राष्ट्र बनाने की कोशिश की जा रही है। इस कोशिश का आदिवासी संघर्ष मोर्चा पुरजोर विरोध करती है। यह बात मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकी नंदन बेदिया व राज्य संयोजक जगरनाथ उरांव ने एक बयान में कहा है। आगे कहा कि डी-लिस्टिंग की मांग करने वाले जो बात करते हैं।

### बच्चा चोरी कर खरीद-बिक्री कर रहे 6 लोग रांची और कोडरमा से गिरफ्तार

# बच्चे को देख माता-पिता के चेहरे पर लौटी खुशी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड में इन दिनों बच्चा चोर गिरोह सक्रिय है। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब हजारीबाग के ओकनी मुहल्ले से 19 दिसंबर से लापता चार वर्षीय पप्लू को पुलिस ने आठ दिनों के बाद कोडरमा से बरामद किया। बच्चे को 2 लाख 95 हजार रुपए में बेच दिया गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लापता बच्चे को बरामद किया है। वहीं, अपने बच्चे को सही सलामत पाकर माता-पिता के चेहरे खुशी से चमक उठे। हालांकि, पुलिसिया तफ्तीश में जो बात सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। दरअसल, बच्चा चोरी करने के लिए गिरोह के लोगों द्वारा पिछले 4 -5 महीने से रेकी की जा रही थी। जिस दंपति को बच्चा बेचा गया था, उन्हें बच्चा नहीं है। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ महीने पहले उनके बच्चे की मौत हो गई थी। ऐसे में वह दंपति बच्चे की चाहत रखता था। इसे लेकर वे लोग बच्चा चोर गिरोह के संपर्क में आए थे। अब पुलिस तहकीकात कर रही है कि आखिर किस आधार पर उक्त दंपति ने इन लोगों से संपर्क साधा और इसका सूत्रधार कौन है। सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने सोमवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति करीना देवी का पहचान करने के बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में करीना देवी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि ज्योति रानी, उसका पति कन्हैया कुमार पासवान और नूतन देवी ने मिल कर बच्चे को चुराने के बाद कोडरमा में गीता देवी पति- रोहित रविदास के पास 2 लाख 95 हजार रुपये में बेच दिया था। उसने यह भी बताया गया कि ज्योति और कन्हैया कुमार पासवान अभी छत्तीसगढ़ गए हैं। रविवार को रांची रेलवे स्टेशन आएंगे। सूचना के आधार पर रांची रेलवे स्टेशन के आसपास होटलों में छापेमारी की गई। इस क्रम में मीरा होटल से दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया।

# विश्वकर्मा समाज की महिला मनोरमा राणा बनीं जिलाध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी द्वारा पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं जिला कमेटी स्थानीय परिसदन में आयोजित की गई। विश्वकर्मा समाज के जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई एवं सर्वसम्मति से हजारीबाग महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा हजारीबाग जिला में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला अध्यक्ष सदर प्रखण्ड की मनोरमा राणा को बनाया गया। सभी विश्वकर्मा बन्धुओं ने फूलमाला देकर नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा का स्वागत किया।

### गोला में 2030 तक गरीबी मुक्त देश का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प

**गोला।** गोला के पंचायत सचिवालय बेटुलकलां सोमवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर 2030 तक गरीबी मुक्त देश का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया गया। इसी दौरान बीडीओ कार्यालय से निर्गत पत्र 18 दिसंबर 2023 को पढ़कर सुनाया गया। जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के सतत विकास के लिए निर्धारित 2030 एजेंडा एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस एजेंडे में विकास के लक्ष्यों को निरंतरता से अपना कर गरीबी और भूख के उन्मूलन जैसी वैश्विक समस्याओं का सामना करते हुए शिक्षा में सुधार लाना शामिल है। गरीबी उन्मुलन के लिए आत्मनिर्भर इंफ्रास्ट्रक्र से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन किया जाना है। मुखिया जाकिर अख्तर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2030 तक गरीबी मुक्त देश का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें किसी को पीछे नहीं छोड़ने के इरादे से लक्ष्य को पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का खतरा अब पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मौके पर उपमुखिया सुमन कुमारी, सुरेंद्र महतो, ललिता कुमारी, दिलीप करमाली, सरयू विद्या, मंसू करमाली, ललिता देवी, मंजू देवी, सज्जाद अंसारी, वासिफ राजा, आरिफ अंसारी, आशा देवी, सविता देवी, कविता देवी सहित जनप्रतिनिधि व दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### टीपीएल का उद्घाटन मैच रौनक एलेवन 7 विकेट से जीता

**बरकाकाना।** तेलियातू ग्राउंड में सोमवार को टीपीएल 2023-24 का शुभारंभ हो गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय महसचिव रोशनलाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित थे। अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरंभ कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि गांव-शहर हर जगह प्रतिभा की कमी नहीं है। ऐसे टूर्नामेंट के आयोजन से इन प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। अपनी प्रतिभा के अनुरूप इन खिलाड़ियों को धीरे-धीरे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर में जगह बनाते हैं। उद्घाटन मैच रौनक एलेवन तेलियातू बनाम पवन एलेवन पायल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर तेलियातू की टीम ने क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मायल की टीम निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 98 रना सकी। लक्ष्य का पिछा करने उतरी तेलियातू की टीम 10 ओवर में 3 विकेट पर 100 रन बना लिए। उद्घाटन मैच पर तेलियातू की टीम ने शानदार 7 विकेट से जीत दर्ज की। मैच में अंपायर की भूमिका छोटेलाल महतो और धर्मवीर कुमार ने निभाई। जबकि मैच का आंखोदेखी हाल मार्टिन राही ने सुनाया। मौके पर अधिवक्ता उमेश महतो, अखिलेश महतो, जतरू महतो, अजय महतो, डालेश्वर महतो, मिथुन महतो, सहदेव महतो, गौतम कुमार, संजय करमाली आदि मौजूद थे।

# डेंटल कॉलेज में अनोखे अंदाज में मनाया गया क्रिसमस का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में क्रिसमस की पूर्व संध्या कॉलेज परिवार एवं छात्र- छात्राएं द्वारा भव्य व अनोखे अंदाज में क्रिसमस का त्यौहार मनाया गया। मुख्य रूप से सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं परी फाउंडेशन के निदेशक रोली श्रीनिवास ने शामिल होकर केक काटकर क्रिसमस की सभी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अनोखा कार्यक्रम कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने नृत्य, कविता और कैरोल गायन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 450 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सजावट बेहद आकर्षक एवं सुंदर रहा। झालरों, क्रिसमस ट्री एवं सतरंगी लाइटों का अद्भुत छठा बिखेरा। कार्यक्रम में नृत्य, कविता और कैरोल गायन से प्रतिभागियों ने सभी का मन मोह लिया एवं लोगों का जमकर तालियां भी बटौरी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. देवरस नंदी ने किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में प्रभु यीशु का संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु पूरी दुनिया में भगवान के रूप में पूजे जाते हैं।

### क्रिसमस पर्व मानव जाति के लिए प्रेम, क्षमा, शांति और एकता का प्रतीक

**बरकाकाना।** क्रिसमस को लेकर पोचरा स्थित असेंबली ऑफ विलिवर्स चर्च इन इंडिया, जेम्स चर्च, आईपीएच चर्च, बीएफएम चर्च, वीबीसी चर्च में भारी उत्साह देखने को मिला। प्रभु ईशु मसीह के जन्म के लिए चरनी, क्रिसमस ट्री व आकर्षक झांकियां सजाई गई है। सभी चर्च रविवार शाम से ही विद्युत झालरों की संतरंगी रोशनी में जगमगा उठे। आधी रात प्रभु यीशु के जन्म पर विशेष प्रार्थना किया गया। इसके बाद केक काटकर खुशियां मनाई गई। गले मिलकर एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। संबोधित करते हुए रेव्ह अजहर मसीह ने कहा कि सभी मानव जाति से प्रेम का संदेश देने ही प्रभु यीशू जगत में आए थे। बाइविल से बताया कि क्रिसमस पर्व मानव जाति के लिए प्रेम, क्षमा, शांति और एकता का प्रतीक है। प्रभु यीशु मसीह का जन्म इस जगत का उद्धार करने के लिए हुआ। बताया कि बाइविल के अनुसार, प्रभु यीशु मसीह इस जगत की ज्योति हैं।

# क्रिसमस की बधाई देने हजारीबाग विधायक पहुंचे बिशप हाउस



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक मनीष जायसवाल क्रिसमस ने बड़ा दिन ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में शामिल होने जुलु पार्क स्थित हजारीबाग बिशप हाउस पहुंचे। जहाँ बिशप आनंद जोजो सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। यहां क्रिसमस का केट काटकर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिशप सहित सभी ईसाई धर्मावलम्बीयों को क्रिसमस की शुभकामाएं देते हुए इशू के बताये मार्गो सत्मार्गों पर पर चलने को प्रेरित किया ।मौके पर विषेशरूप से विधायक मनीष जायसवाल के साथ विशेष रूप से फादर टॉमी, ब्रदर जोशेप, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग साथ थे ।

### संत मेरी चर्च, सीएनआई चर्च व एजी चर्च में उल्लास के साथ मना प्रभू यीशु का जन्मोत्सव

रामगढ़। संत मेरी चर्च, सीएनआई चर्च व एजी चर्च में सोमवार को प्रभु यीशु मसीह का उल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। जो दोपहर दो बजे तक चला। संत मेरी चर्च में चर्च के पुरोहित करमा कच्छप ने सर्वप्रथम अर्चना कर पल्ली में रखे शिशु स्वरूप प्रभु यीशु और माता मरियम सहित अन्य मूर्तियों पर पवित्र जल छिड़कर पवित्र किया। इसके बाद मिस्सा पूजा शुरू हुई। मौके पर करमा कच्छप ने अपने संदेश में कहा कि ईश्वर प्रेम है और हम मनुष्यों को प्यार करते है। ईश्वर के पुत्र प्रभु यीशु मसीह मनुष्य अवतार लेकर हमें पाप और हर प्रकार के बंधनों से मुक्त कराने के लिए इस धरती पर आए। उन्होंने बताया कि वह हमें शांति, प्रेम और आनंद प्रदान करते है। कार्यक्रम में बालक येसू के मूर्ति का चुबंन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संत फ्रांसिस स्कूल कांकेबार के धर्मबहने, अंस कोवेंट बिजुलिया की धर्मबहनें, सुनिता एक्का सुधीर कुजूर, दीपक बखला, विजय जोसेफ कच्छप, अजय कुमार, अनुराग, सुधीर डुंगडुंग, निर्मला तिग्गा, प्रचारक किशोर हेमरोम, सिमोन एक्का, क्रांति सरोज एक्का ने संयुक्त रूप से सहयोग किया। सारागाड़ी गेट स्थित सीएनआई चर्च में प्रातः काल उल्लास के साथ प्रभु येसू का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान पेरिस पुरोहित थॉमस बाजरय ने क्रिसमस की विशेष आराधना अर्पण की। उन्होंने प्रभु यीशु के जन्म पर उपरेश दिया। पेरिस परिवार की ओर से प्रभु भोज का अनुष्ठान किया गया। जिसमें भारी संख्या में मसीही शामिल हुए। प्रार्थना के बाद मसीहियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए प्रभु की भक्ति में गीत-संगीत प्रस्तुत कर झूमे। मौके पर भारी संख्या में मसीही उपस्थित थे।

# सरकार या जनप्रतिनिधि ने नहीं ली दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों की सुधि



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
विगत 14 दिसंबर को बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में प्रतिनियोजित सहायक अध्यापक सतीश कुमार यादव की आकस्मिक मौत हो गई थी. परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की असमय मृत्यु ने परिवार को विचलित कर दिया. दिवंगत की विधवा सहित उनके बच्चे अनाथ हो गए. इस विषम परिस्थिति में भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि परिजनों को सांत्वना देना भी उचित नहीं समझा. ऐसे में सहायक अध्यापक संघ ने एक बार फिर अपने अल्प मानदेय से परिजनों को साथ देने का काम किया. परिजनों को विचलित कर दिया. सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे की अगुवाई में प्रखंड इकाई के अधिकारियों व सदस्यों ने श्राद्धकर्म पर पहुंचकर दिवंगत के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया. साथ ही उनकी विधवा को अपने अल्प मानदेय से सहयोग स्वरूप जमा किए गए एक लाख पांच हजार रुपए बतौर सहयोग सुपुर्द किया. साथ ही परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट संपन्न

# खेल से बच्चों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास : अमित




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में बरकट्ठा विधयाक अमित कुमार यादव और प्रमुख रेनू देवी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान छठी से ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्राओं ने 15 से अधिक खेलों में अपनी प्रतिभा और सर्वांगीण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स मीट की शुरूआत मशाल जलाने के साथ हुई। मौके पर अमित कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। बच्चों में खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पो ?ट्र्स मीट का आयोजन किया गया गया है। जिसमें बच्चों के बीच 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, बिस्कुट रेस, जलेबी रेस, खो-खो, वॉलीबॉल, और बैडमिंटन जैसे खेलो का आयोजन किया गया। स्पो ?ट्र्स मीट के अंत में विभिन्न खेलों में पहला, दूसरा स्थान हासिल करने वाले छात्र पुनीत, चन्दन, पिंटू, पुरुषोत्तम, कुंदन, मनीषा, एवं अन्य छात्रों को विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती और प्रधानाचार्या स्वाती ने संयुक्त रूप से मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक ने कहा की बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फ शिक्षा के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में 10 से 15 मिनट कसरत करनी चाहिए।

### धूमधाम से मनायी गयी कांग्रेस सेवादल स्थापना की गोल्डेन जुबली




**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला सेवादल के तत्वावधान में कांग्रेस सेवादल का स्वर्ण वर्षगांठ धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि कांग्रेस का युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, महिला कांग्रेस की तरह कांग्रेस सेवादल भी अभिन्न अंग है ।उन्होंने आगे कहा कि जिला सेवादल को युद्ध स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए जिला कांग्रेस कमिटी जिला कांग्रेस सेवादल के साथ खड़ी है और निकट भविष्य में भी साथ खड़ी रहेगी ।कार्यक्रम का संचालन इंटक के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दुबे तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला सेवादल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. मेराज ने किया ।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, जावेद इकबाल, दिलीप कुमार रवि, परवेज अहमद, कजरू साव, विजय कुमार सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, मो. सद्दाम, अंनत कुमार सिन्हा, मोजाजिर अहमद ,इन्द्रेव कुमार, बाबर खान, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मो इरफान, राज कुमार, टिपू आर्यन, शहबाज अंसारी, अनिल कुमार भुईंया, बहादुर सागर, मो बदरूल अरफीन, भोला प्रसाद, अर्जुन रविदास, अनुप रंजन, आकाश शर्मा, मंटू कुमार, मो. रिजवान, बाबर अंसारी, तसलीम अंसारी, अमृतेष रंजन, सईद खान एवं संदीप कुमार समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सॉफ्टेक का 26वां वार्षिकोत्सव संपन्न, बरही के 20 आईडियल्स सहित कई प्रतिभागी सम्मानित

# सॉफ्टेक ने बरही में आईटी का जलाया है दीप : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन और निलिट की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन ने प्रखंड परिसर स्थित बहुदेशीय भवन में 26वाँ स्थापना दिवस भव्य रूप से आयोजित किया। जिसमे बरही के विभिन्न क्षेत्रों में आदर्श स्थापित करने वाले 20 लोग सहित 26वें स्थापना दिवस पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्य के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एपीयरेंस ऑफ ऑनर व नेशनल एंथम से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम : कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को बैच पहनाकर एपीरियंस ऑफ ऑनर और राष्ट्रगान के साथ किया गया। जिसमे आईलेक्स की छात्रा दीप ज्योति ने हार्मोनियम पर संगत किया जिसका केंद्र स्वागत टीम सहित उपस्थित लोगो ने सुरमय साथ दिया। पूर्व विधायक ने किया दीप प्रज्ज्वलित, अतिथियों के स्थान ग्रहण के साथ हुआ स्वागतः उद्घाटन सत्र की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ईशो सिंह, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, वयोवृद्ध सेवा निवृत उपेंद्र प्रसाद, शिक्षक राजेंद्र रुखरियार, रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अरुणा रानी, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार वर्णवाल, झामुमो केंद्रीय सदस्य बिनोद विश्वकर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र रजक, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, विहिंप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे आदि उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत गीत और गुलदस्ता के साथ किया गया। इसके साथ ही अतिथियों को उनका निर्धारित स्थान तक सम्मानपूर्वक लाया गया। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ईशो सिंह व एडवाइजरी कमिटी के सदस्य जावेद इस्लाम का किया गया स्वागत। इसके साथ ही उन्हें निर्धारित स्थान ग्रहण करवाया गया।

### जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने पर चार गांवों के ग्रामीणों ने की आम सभा

**मांडू।** मांडू प्रखंड के चार ग्राम के ग्रामीणों ने जजर्र सड़क की मरम्मति को लेकर केरीबन्दा नव प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में ग्राम विकास समिति जन प्रतिनिधि का विरोध करते हुए आम सभा का किया गया। जिसमें तोपा, दुधमटिया, केरीबंदा व तोयरा के ग्रामीण जुलूस के शक्ल में तोयरा ग्राम से नव प्राथमिक विद्यालय केरीबन्दा तक रोड नहीं तो वोट नहीं नारा लगाते हुए पहुंचे। जहां जुलूस आमसभा में तब्दील हो गया। आम सभा में सैकड़ों महिला पुरुष व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग चार ग्राम के ग्रामवासी सभी सरकारी तंत्र व सांसद, विधायक, मंत्री को रोड बनाने को लेकर कई बार आवेदन दिया। लेकिन हमारी मांग पर कोई पहल नहीं हुआ। इस लिए हम सभी ने निर्णय लिया है कि आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। मौके पर कैलाश मांझी, रमेंद्र कुमार, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, जागृति कुमारी, मुकेश कुमार, सूरज कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

# शुचिता और सुशासन के महानायक थे पूर्व प्रधानमंत्री : पूर्व विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर बरही भाजपा की ओर से बरही चौक स्थित गोलंबर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बताओ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। जिसका संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पूर्व विधायक सहित उपस्थित लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूर्व विधायक ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी देश में सुचिता और सुशासन के महानायक थे। अपने प्रधानमंत्री तो कल में उन्होंने देश में विकास की लंबी रखी थी स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, पोखरण परमाणु परीक्षण इत्यादि सहित अनेक को योजनाएं देश हित में चलाए गए। उनकी जयंती को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। वह ऐसे शख्स थे जिनका पक्ष के साथ विपक्ष भी सम्मान करता था।

### सखी मंडल की बहनों के सम्मान में हजारीबाग विधायक ने की एक अनोखी पहल




**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत ढौठवा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ढौठवा के प्रांगण से कर दिया। यहां ढौठवा पंचायत के कुल 07 गांव जिसमें ढौठवा, कोनहर, मारीगढ़ा, मनार, गुरी, आमझर और बचरा के कुल 77 सखी मंडलों की हजारों दीदियों संग सीधा संवाद किया और अपनी और से सभी सखी मंडलों/ महिला समूहों के बीच आकर्षक कालीन का वितरण किया। विधायक मनीष जायसवाल भेंट किए गए कालीन को उन्होंने बेहद ही आकर्षक डिजाइन में अपने नाम और बीजेपी के लोगों के साथ बनवाया है। जिसमें एक साथ ग्रुप की दर्जनों बहनों के बैठने के उपयुक्त है । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की क्षेत्र के विकास और जनसेवा के साथ समाज की आधी आबादी के सम्मान और उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील है और भविष्य में भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो चलती रहेगी।

## एक नजर

### सड़क पर दुकानदारों के अतिक्रमण से राहगीर परेशान, दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

जलडेगा। जलडेगा में दुकानदारों का सड़कों पर अतिक्रमण, और सड़क किनारे बसी घनी आबादी छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। जलडेगा मेन रोड, कॉपरेटिव बैंक रोड, ओडगा रोड सहित अन्य कई जगहों में दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के कारण राहगीर परेशान हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़कों पर वाहनों की गति सीमा नियंत्रण को लेकर बोर्ड भी नजर नहीं आता है। अतिक्रमण के कारण आए दिन कई बार दुर्घटना हो चुकी हैं। सड़क किनारे अपने दुकानों के बाहर तक दुकानदार अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं जलडेगा थाना गेट के पास प्रतिदिन सब्जी विक्रेताओं द्वारा भी रास्ता को जाम कर दिया जाता है जिससे कई बार वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। और अतिक्रमण के कारण वाहनों को रास्ता देना भी मुश्किल हो जाता है। मामले पर अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा से बात की गई तो उन्होने कहा कि इस तरह से दुकानदारों को अपने सामानों को सीमित क्षेत्र से बाहर तक रखना और सड़कों पर अतिक्रमण करना नियम विरूद्ध है। मामले को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक और अमीन के माध्यम से जांच कराते हुए अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर निर्धारित समय के अंदर खुद से अतिक्रमण हटाने के मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी यदि कोई सरकारी आदेशों की अवहेलना करेंगे उनके विरुद्ध कारवाई की जायेगी।

### कुरडेग में भी दिखा क्रिसमस पर्व का उत्साह

कुरडेग। प्रखण्ड के कैथोलिक पल्ली खालीजोर समेत विभिन्न गिरजाघरों में मसीह समुदाय के लोगों ने खीस्त जयन्ती के शुभावसर पर मिस्सा अनुष्ठान में भाग लिया। कुरडेग के खालीजोर पल्ली में फा सुनिल तिर्की की अगुवाई में 24 दिसम्बर की रात्रि धार्मिक मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न किया गया वहीं 25 दिसम्बर सुबह 7:00 बजे फा सुनिल तिर्की , फा रंजीत डुँग- डुँग, फा बिपिन किशोर सोरेंग , फा अलेक्स टोप्पो एवं अन्य पुरोहितों के द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न किया गया ।फा रंजीत डुँगडुँग ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु का जन्म मानव जाति के उद्धार के लिए दुनिया में मानव के रूप में हुआ ।कुवांरी मरियम के द्वारा पवित्र आत्मा की शक्ति से येरूसलेम के बेथेलहम में गोशाले घर में जन्म लिया । ईसा मसीह का गोशाला में जन्म लेना दीन - हीन और विनम्रता का संदेश है, ईसा मसीह का जन्म का संदेश दुनिया के लोगों को प्रेम, भाईचारे, एकता , शाँति और मेल - मिलाप का संदेश लेकर आता है । लोग प्रभु का जन्म संदेश को अपने जीवन में अनुभव करें और प्रभु के दिखाए मार्ग पर चलने की कोशिश करें ।प्रभु जन्म पर्व के शुभावसर पर येसु के प्रतीक मूर्ति का चुम्बन कर ईसा मसीह के प्रति विश्वास तथा प्रेम प्रकट किया गया।

# क्रिसमस के रंग में रंगा सिमडेगा, धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस का पर्व



### आकर्षक तरीके से गिरजाघर में चरणी का किया गया सजावट

इधर क्रिसमस को लेकर सिमडेगा के सभी गिरजाघर में आकर्षक तरीके से गिरजाघर को सजावट की गई थी आकर्षक लाइट लड़ी से सजाकर लोगों को अपनी और आकर्षक कर रहा था इसके अलावा ईसा मसीह के जन्म के समय का चित्रण करने के लिए चरणी बनाकर उसमें प्रभु ईसा मसीह एवं उसे समय हुए दृश्य को दशार्या गया था जिसे देखने के लिए लोग पहुंच रहे थे। वही विधि व्यवस्था को लेकर सिमडेगा पुलिस सभी गिरजाघर में तैनात रही ताकि शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न हो सके।

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिले में सोमवार को क्रिसमस का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर चर्चो में विशेष मिस्सा अनुष्ठान आयोजित किए गए। बिशप एवं फादरों की अगुवाई में धर्मविधि संपन्न कराया गया। क्रिसमस पर अहले सुबह से सिमडेगा के सबसे बडे सामटोली पल्ली के संत अन्ना महागिरजाघर में अनुष्ठान किया गया।जहां काफी तादाद में लोग प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाने पहुंचे है। बिशप विसेंट बरवा की अगुवाई में अनुष्ठान संपन्न कराया या। धर्मावलंबियों को प्रभु यीशु का संदेश सुनाया गया। उनके बीच परम प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद बालक यीशु को सभी लोगों ने श्रद्धा पूर्वक चुंबन लिया।प्रभु यीशु के बाल स्वरूप को देख सभी प्रसन्न हो उठे। चर्च में अनुष्ठान के बाद सभी अपने घर लौटे एवं परिजनों के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौके पर बिशप ने कहा ईसा मसीह का जन्म 2023 वर्ष पूर्व दुनिया में हुआ था ।पवित्र आत्मा की शक्ति से साधारण मानव के रूप में उनका जन्म हुआ । ईसा मसीह का जन्म दुनिया में मानव मुक्ति के लिए हुआ था। ईसा मसीह के अनुसरण करने वाले कभी अंधकार में नहीं भटकते, बल्कि उन्हें जीवन की ज्योति मिलती है ईसा मसीह का जन्म संदेश दुनिया को प्रेम, शांति, एकता, भाईचारा, दया, क्षमा, मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। हमें परमपिता परमेश्वर के बताए मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा करने की आवश्यकता है ताकि लोगों का भला हो सके। वही खूंटीटोली जीईएल चर्च में भी बिशप मुरेल बिलुंग ने लोगों को प्रभु के आगमन और प्रेम का संदेश दिया। मौके पर विशेष मिस्सा पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान किया गया। मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व विधायक स्व.नियेल तिर्की की घर्मपत्नी लता तिर्की समेत धर्मप्रांत के मसीह समाज के सभी लोगों ने यहां प्रभु का गुणगान किया। चर्च से आने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई दी।

### हुरदा एवं गिरदा शिव मंदिर में तुलसी पूजन दिवस के मौके पर हुई तुलसी पूजा

बानो। प्रखण्ड के शिव मंदिर हुरदा में तथा शिव मंदिर गिरदा में सोमवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया ।मौके पर सन्ध्या देवी ने कहा तुलसी के पौधे का धार्मिक महत्व बहुत है, तुलसी का पौधा बेहद ही पवित्र माना जाता है। वहीं वास्तू के अनुसार घर में तुलसी लगाने से काफी फायदे मिलते हैं। इस में घर कि नकारात्मकता दूर होती है, आयुर्वेद में भी तुलसी काफी महत्व है ।इस का पत्ता सुबह खाली पेट में सेवन करने से अनेकों फायदे मिलते है। इस लिए आज के जमाने के अनुसार हर घर में तुलसी पौधा लगाया जाए और हमारे माता-पिता एवं भाई बहन को अंग्रेजी दवाइयां से दूर रहें स्वस्थ रहें ।तुलसी पूजन में राधा देवी, अम्बिका देवी, कलावती देवी,आशा देवी,उषा देवी, रेशमी देवी,सबिता देवी द्रोपदी देवी, खिलेश्वरी देवी, सोनिया देवी, सावित्री देवी, संगीत देवी, संतोषी देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### बच्चों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे

झुमरी तिलैया। झुमरी तिलैया। बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस मनाया गया। इस दौरान बच्चे सेंटा की वेशभूषा में सजकर स्कूल आए। शुआत स्कूल के निदेशक नवनीत ओझा और प्रिंसिपल प्रियंका ओझा ने गुब्बारे उड़ा कर की। इस दौरान क्रिसमस डे के महत्व और प्रभु यीशु के जन्म त्याग, बलिदान के बारे में जानकारी दी। स्कूल में केक काटा गया। डांस प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों ने जिंगल बेल-जिंगल बेल गाने गाए। बच्चों के बीच मिठाई, चॉकलेट का वितरण किया गया। स्कूल में 26-27 दिसंबर तक वार्षिक खेल दिवस भी मनाया जाएगा। इसमें बच्चे खेल के अलग-अलग इवेंट में भाग लेंगे, जिनमें सीनियर ग्रुप के बच्चों के लिए क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल प्रतियोगिता, जूनियर विंग के बच्चों के लिए स्पून मार्बल रेस , गुब्बारा रेस, फ्रॉग जंप, म्यूजिकल चेयर, दौड़ का आयोजन किया गया।

### अवैध ब्लू स्टोन खदान पर फिर चला प्रशासन का डंडा

कोडरमा। कोडरमा वन प्राणी आश्रयणी क्षेत्र अंतर्गत लोकाई में संचालित अवैध ब्लू स्टोन खदान में जिला प्रशासन और वन विभाग की टीम रेंज ऑफिसर रामबाबू कुमार के नेतृत्व मे रविवार को फिर एक बार बुलडोजर चलाया गया। रेंज ऑफिसर ने बताया कि करीब दो एकड़ वन भूमि पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को जेसीबी मशीन से भरा गया। हालांकि मामले में किसी के विरुद्ध मामला दर्ज नहीं किया गया। बता दें कि पहले भी यहां बड़े पैमाने पर अवैध माइनिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया था और उस मामले कई लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। बताया जा रहा है कि अभी भी चोरी छुपे लोग छोटे पैमाने पर वन क्षेत्र में अवैध तरीके से ब्लू स्टोन पत्थर निकलने का कार्य कर रहे हैं। यहां से ब्लू स्टोन निकाल कर लोग जयपुर, राजस्थान समेत अन्य स्थानों पर महंगे कीमत पर बेचते हैं। अभियान में तीन जेसीबी मशीनों के सहारे अवैध माइनिंग को जमीदोंज कर दिया गया। मौके पर वन्य प्राणी आश्रयणी के उस्मान अंसारी, गोपाल यादव, सिंदर यादव, दुर्गा महतो, छत्रपति शिवाजी, कोडरमा थाना के एसआई अनिल राम, के अलावा पुलिस के जवान मौजूद थे।

### महाराजा अहिवरण जयंती को लेकर विविध कार्यक्रम आज

झुमरी तिलैया। स्थानीय सीएच हाई स्कूल रोड स्थित मोदी सेवा सदन में मंगलवार को महाराजा अहिवरण की जयंती मनाई जाएगी । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि सोमवार सुबह 10 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। शुरूआत चोवा राम मोदी धर्मशाला गांधी स्कूल रोड से होकर झंडा चौक, पूर्णिमा टॉकिज होते हुए सीएच स्कूल रोड मोदी सेवा सदन में संपन्न हो जाएगा । जबकि शाम को मोदी बर्णवाल समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने में सचिव पंकज बर्णवाल, प्रवक्ता प्रवीण मोदी, विकास बर्णवाल, रोहित कुमार आदि सक्रिय हैं।

### आजसू ने मनाई झारखंड आन्दोलनकारी नेता स्व निर्मल महतो की जयंती




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय निर्मल महतो के जयंती के मौके पर आजसु पार्टी सिमडेगा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।जिला अध्यक्ष धूपेन्द्र पांडे के नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि निर्मल महतो आजसू पार्टी के संस्थापक थे और झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे। उनका जीवन झारखंड के लोगों के लिए समर्पित रहा। निर्मल महतो झारखंडवासियों के लिए जो सपना देखे थे उसे वर्तमान सरकार कुचलने का कार्य कर रही है। आजसू पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता निर्मल महतो के सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। मौके पर तीन लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए जिनमे बृज किशोर ठाकुर, बालमुकुंद सिंह ,एवं अभिमन्यु कुमार है ।मौके उपाध्यक्ष अनिल मेहर ,केंद्रीय सदस्य अभिजीत रंजन , गायत्री नंदन मौर्य, जिला प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी प्रखंड सचिव देवेंद्र साहू, अशोक कुमार अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आपसी प्रेम व भाईचारा बनाए रखने की जरूरत : विक्सल

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक?सल कोंगाड़ी ने क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि क्रिसमस का यह दिन सभी से प्रेम करने, अपने पापों के क्षमा करने के लिए प्रभु से प्रार्थना करने का है। मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए यीशु मसीह ने अपने जीवन को बलिदान के रूप में क्रूस पर दिया। यह ईश्वर के असीम प्रेम का दर्शन है। पवित्र शस्त्र बाइबल में लिखा है परमेश्वर प्रेम है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नामांकन जारी

सिमडेगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में नामांकन जारी है। शिशु प्रवेश, बोध तथा प्रथम कक्षा में नामांकन प्रारंभ है। जबकि कक्षा द्वितीय से नवम तक के लिए नामांकन फार्म का वितरण भी शुरू हो चुका है। प्रधानाचार्य जितेन्द्र पाठक ने बताया कि इच्छुक अभिभावक संस्कार युक्त तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अपने बच्चों का नामांकन करा सकते हैं।

## कार व मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत चार लोग हुए गंभीर रूप से घायल





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरजा के पास सोमवार को दोपहर में कार एवं मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर मोटरसाइकिल में सवार दंपति और दो छोटे बच्चे घायल हो गए ।घायलों की पहचान पिथरा गांव निवासी हीरालाल उरांव एवं उसकी पत्नी प्रेमी देवी ,6 वर्षीय पुत्र शंकर उरांव एवं 3 वर्षीय पुत्री सरस्वती कुमारी के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हीरालाल उरांव मोटरसाइकिल से परिवार के साथ सिमडेगा बाजार खरीदारी करने के लिए आ रहा था ,इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार द्वारा सीधी टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर हीरालाल उरांव का दोनों पैर टूट गया, वहीं पत्नी के माथे में चोट लगी, इस के अलावा बच्चों को भी चोट लगे,सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा सभी को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, वहीं हीरालाल उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया ।इधर मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मोटरसाइकिल एवं कार को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक का टूटा पैर, दो अन्य घायल





ठेठईटांगर। ठेठईटांगर थाना प्रखंड अंतर्गत केरया पंचायत के चमन चौक के पास सोमवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक का पैर टूट गया जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। घायलों की पहचान : हेमंत बागे पिता निरल बागे केरिया चाकोड़बेडा. निवासी के रूप में हुई वही दूसरा अभिषेक बागे, अजय नायक को हल्की चोट लगी। घटना का सुचना ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को दिया। उन्होंने तत्काल प्रयास करते हुए एंबुलेंस भेज कर घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर लाया ।जहाँ उनकी इलाज की गई।बताया गया हेमंत बागे का दाहिना पैर टुट गया है ।वही घायलों का स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए घायलों को तुरंत सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया गया । जहां उनका इलाज चल रहा है।

## भारत की राजनीति में पंचनिष्ठा सिद्धांत देने वाले राजनीतिक शख्सियत थे अटल जी : डॉ.प्रदीप वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को अटल पार्क स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया ।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी कार्यकताओं को अटल जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री डॉ.प्रदीप वर्मा ने कहा कि श्रधेय अटल बिहारी वाजपेई भारतीय जनसंख्या स्थापना करने वालों में से एक थे ,वह जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके थे। भारत की राजनीति में पंचनिष्ठा सिद्धांत देने वाले राजनीतिक व्यक्ति हैं अटल जी, उन्होंने राष्ट्रवाद लोकतंत्र समता मूलक समाज का निर्माण करना सकारात्मक पंथनिरपेक्षता और मूल्य आधारित राजनीति के रूप में पांचनिष्ठा सिद्धांत दिया। लोकतंत्र के सजक प्रहरी अटल बिहारी वाजपेई एक ओजस्वी वक्ता एवं सिद्ध हिंदी कवि भी रहे हैं ।परमाणु शक्ति संपन्न देशों की संभावित नाराजगी से विचलित हुए बिना उन्होंने अग्नि दो और परमाणु परीक्षण कर देश की सुरक्षा के लिए साहसिक कदम उठाने वाले राजनेता के रूप में उन्हें याद किया जाता है ।अटल जी सबसे लंबे समय तक सांसद रहे और जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद सबसे लंबे समय तक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी रहे ।डॉ वर्मा ने अटल जी की कविता को याद करते हुए हिंदू तन मन हिंदू जीवन रग रग हिंदू मेरा जीवन की पंक्तियां गुनगुनाया ।कार्यक्रम में जिला प्रभारी के रूप में आए प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने भी सम्बोधित किया ।वही पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की अटल जी कवि हृदय प्रखर वक्ता हर दल के लोग उन्हें सर्वमान्यता के रूप में मानते थे उनके वक्तव्य था सूरज निकलेगा अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक पुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक नवीन सिंह ने किया मौके पर कार्यक्रम सहसंयोजक पिंकी प्रसाद ,जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव ,जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव ,रवि गुप्ता, रामविलास बड़ाईक ,तुलसी साहू, नवीन सिंह ,राकेश रविकांत प्राधन ,दीपिका कुमारी , जीतेश्वरी देवी, जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर आदि मौजूद रहे ।

## धूमधाम के साथ बानो प्रखंड में मनाया गया क्रिसमस का पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखण्ड में हर्षोल्लास क्रिसमस पर्व सोमवार को मनाया गया ।इस अवसर पर प्रखण्ड के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया जीईएल चर्च बानो में कंडिदत्त अर्सलयानी तोपनो के नेतृत्व में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया ।पादरी सीएस जड़िया ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु ईसा मसीह आज के दिन ही संसार मे जन्म लिये थे संसार को अंधकार से दूर करने के लिएके बीच गरीब असहाय लोगों के बीच अवतार लिये थे पूर्व में विभिन्न ईसाई धर्म के लोग अलग अलग दिनों में पर्व मनाते थे ।1936 से सभी चर्च के लोग एक ही दिन 25 दिसम्बर को प्रभु ईसा मसीह का जन्म दिन मनाते हैं। आप भी अपने गाँव टोलो में अपने पड़ोसी के साथ मिलकर उत्साह के साथ क्रिसमस पर्व मनाए ।इस अवसर पर रात्रि में सामुहिक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था ।गिरजाघरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था ।प्रखण्ड के आरसी चर्च जितुटोली, आरसी चर्च बांकी ,साहुबेडा में श्रद्धा पूर्वक क्रिसमस पर्व मनाया गया ।साउबेडा में फादर भितुस केरकेट्टा के नेतृत्व मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में मनाया गया क्रिसमस का पर्व एवं अटल जयंती



**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में क्रिसमस के अवसर प्राचार्य बी पी गुप्ता ने केक काटकर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस का यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए ईश्वर से यही प्रार्थना है। उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ नृत्य-गान में हिस्सा लिया। साथ-साथ विद्यार्थियों ने इस मौके पर विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मौके पर वरीय शिक्षक संजय कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिंह, नमिता कुमारी, डॉ. सुमन कुमार सिंह, आशुतोष कुमार पाण्डेय, अहमद फराज खान, घनश्याम, संजय टोप्पो (कार्यालय अधीक्षक, जेएनवी, मधेपुरा), अन्नु गुप्ता, रुचि गुप्ता, गीता कुमारी, सुजीत कुमार धमेर्जा एवं संतोष कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

# खेरवार भोगता समाज ने हॉकी व क्रिकेट खेल का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखण्ड के लेटाबेड़ा गाँव में सोमवार को खेरवार भोगता समाज के द्वारा हॉकी एवं क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। इस मौके पर बताया गया कि पुरुष हॉकी में अबतक 64 टीम शामिल हुए है। जिसमे 4 पुल से खेलाया जा रहा है वही महिला हॉकी टीम में 14 टीम शामिल हुए है । जिसमे दो पुल खेल हो रहा है। वहीं क्रिकेट में कुल 49 टीम शामिल हुए है ।सभी पुल माध्यम से खेल आयोजित की जा रही है खेल 22 दिसम्बर से शुरू किया गया है जो 26 दिसम्बर को फाइनल खेल होने की उम्मीद किया जा रहा है । इस मौके पर जगरनाथ प्रधान ने बताया कि खेल का मुख्य उद्देश्य सामाजिक संगठन के साथ खेल के क्षेत्र में समाज के युवा -युवतियों को बढ़ावा देना, आज खेल क्षेत्र में युवाओं को अपना कैरियर संवारने के भी मौका मिल सकता है। समाज के लोग गाँव स्तर के युवाओ को आज खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ावा देकर केंद्रीय स्तर तक पहुंचाना है । इससे समाजिक संगठन भी मजबूत होती है । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश सिंह भोगता को आमंत्रित किया गया है जबकि कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, सचिव जगरनाथ भोगता, रामदेव सिंह भोगता, रमन गंझू देशवाली, कोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसन्त प्रधान संरक्षक हीरालाल प्रधान, सचिव शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रधान, जिला खेल अध्यक्ष पूर्णचन्द्र प्रधान, सचिव सीताराम प्रधान, कोषाध्यक्ष रंजीत प्रधान के साथ ग्राम खेल समिति के अध्यक्ष सेवक प्रधान, सचिव सकिन्द्र प्रधान, कोषाध्यक्ष बुधराम प्रधान, सरकचक रामसुभग प्रधान, पूरण प्रधान, वेदप्रकाश भोगता, सुनीता देवी, बेला देवी, बलमती देवी एवं अन्य लोग खेल में सहयोग दे रहे हैं ।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के तीन पहलवानों ने जीता पदक

सिमडेगा। गणपत राय इंदौर स्टेडियम खेल गांव रांची में झारखंड राज्य कुश्ती संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के तीन पहलवानों ने पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में कुल 10 पहलवानों ने विभिन्न वजन भार में भाग लिया था। जिनमे पुरुष वर्ग के 96 किलो वजन भार में कुरडेग के संजय ठाकुर ने रजत पदक, 86किलो वजन भार में केरसई के ही साहिल बड़ाईक ने कांस्य पदक जीता जीत कर जिले का नाम रौशन किया है। वहीं महिला वर्ग के 57 किलो वजन भार में कुरडेग प्रखंड की सरस्वती कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। तीन पहलवानों को कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, कमलेश्वर मांझी, बलबीर प्रसाद, करिश्मा परवार, प्रतिमा तिर्की, पंखरासियूस टोप्पो, वेद प्रकाश, सोनू ठाकुर, राकेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

## भाजपा मंडल कोलेबिरा में मना अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर मनाया सुशासन दिवस



कोलेबिरा। भारतीय जनता पार्टी मंडल कोलेबिरा में मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार के नेतृत्व में सोमवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम वाजपेयी जी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा और भाजपा कि स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी ।जहां एक ओर उन्होने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। पूर्व प्रत्याशी डॉ महेंद्र भगत ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थें ,उनको कोटि कोटि नमन उनका जनसेवा को समर्पित उनक संपूर्ण जीवन सदैव हमारी प्रेरणा बनी रहेगी ।इस मौके पर भजपा मंडल अध्यक्ष के द्वारा मरीज के बीच फल का वितरण किया गया ,मौके पर जनेश्वर बिल्हौर ,रुपधर सिंह, अशोक ठाकुर ,सुधीर यादव ,अवधेश प्रसाद ,तपेशवर लोहरा उपस्थित हुए।

### सुशासन दिवस पर भाजपा नेता ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल



ठेठईटांगर। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया ।ठेठईटांगर मंडल में कार्यकताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही सुशासन दिवस पर भाजपा युवा नेता ठेठईटांगर प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ बामलिया के सौजन्य से 50 जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया ।मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के दिखाए हुए मार्ग पर हम भाजपा कार्यकर्ताओं को चल कर संगठन को मजबूत बनाना है साथ ही गाव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचानी है, भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर जरूरतमंदों के बीच खदान एवं वस्त्र का वितरण करती है मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरजंन प्रधान अमित बड़ाईक रमेश प्रसाद बंधु माझी मुमताज आलम बसंत प्रधान शैलेंद्र प्रसाद पप्पू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमता बरतने का लगाया आरोप

**सोनाहातु।** प्रखंड क्षेत्र के जामुदाग पंचायत अंतर्गत बन रही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत पथ जामुदाग पंचायत भवन से दीवरीडीह मंदिर तक बन रही लंबाई डेढ़ किलोमीटर मैं भारी अनियमता बरती गई जिसमें ग्रामीण आक्रोश दिखाई दिए ग्रामीण का कहना है कि प्राचीन काल की शिव मंदिर है जिसमें ग्रामीण और श्रद्धालुओं का आने-जाने में काफी दिक्कत उठाने पड़ता है वही ग्रामीणों के परेशानियों को देखते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने डेढ़ किलोमीटर तक रोड बनवाने का पहल किया लेकिन रोड के ठेकेदार और मुंशी के द्वारा सरकारी गाइडलाइन की अनुसार नहीं बनाया जा रहा है पिछले दिन इंजीनियर के द्वारा सर्वे में बताया गया था कि एक फिट गड्ढा करके के बाद मिट्टी का सोलिंग करके ऊपर से पानी डालकर रोलर मशीन से दबाया जाएगा जिसका अनुसार काम नहीं किया जा रहा है ग्रामीण ने बताया कि अधिकारी से निवेदन है जांच करके अच्छे तरीका से काम उपलब्ध कराया जाए ग्रामीण के लोग उपस्थित थे।

### रातु हुरहुरी में सड़क हादसा, एक युवक घायल

रातू। थाना क्षेत्र के हुरहुरी ऑटो सर्विस पेट्रोल पंप के पास ओमनी कर व ऑल्टो में टक्कर हो गयी। हादसे के बाद आल्टो में सवार राय बचरा के रहने वाला प्रेम कुमार महतो घायल हो गया। उसके सिर के अलावा अन्य जगहों पर चोट के निशान है।उसका इलाज झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियलअस्पताल में चल रहा है। चिकित्सको के मुताबिक उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। जानकारी के मुताबिक ओमनी कार जे एच 01 एए-8620 हुरहुरी निवासी सफीक अंसारी की है। वह पंप से पेट्रोल डलवाकर निकल रहा था। इसी उपरन्त ठाकुरगांव की तरफ से आ रहे एक आल्टो के 10 कार जेएच01एफ जे-3522 से टक्कर हो गयी। हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई। ऑल्टो कार में 5 युवक सवार थे। उसमे से एक युवक को चोट आई है। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है।

### विद्युत विभाग ने की सरकार आपके द्वार में आये आवेदन का निष्पादन

रातू। झारखंड में हेमंत सरकार प्रतिवर्ष अपने राज्य के गरीब लोगों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम, योजनाओं एवं अभियानों को संचालित कर रही है। हेमंत सरकार की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ के बाद इसका असर देखने को मिलने लगा है। 16 दिसंबर को रातु प्रखंड अंतर्गत हुरहुरी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार का शिविर लगाया गया था। ग्रामीणों की ओर से हुरहुरी में तार झुके होने की लिखित शिकायत विभाग कोकी थी। आवेदन देने के बाद विभाग के अधिकारियों ने शिकायत का निरीक्षण किया व सप्ताह भर के अंदर रविवार को ग्रामीणों की समस्या का समाधान करते हुए झुके हुए व जर्जर तार को बदल दिया।

# खेलो सिल्ली अभियान का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ सोमवार को सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत से किया गया। पंचायत के कुसुम टिकरा के खेल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में फुटबाल (महिला/पुरुष) वॉलीबाल, कबड्डी, एथलेटिक्स के दर्जनों प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रतिभा को निखारने का एक प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। प्रतिभाओं को निखारकर पंचायत स्तर से प्रखंड, जिला, राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने का एक छोटा सा प्रयास है। इन खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ खेल संबंधित शिक्षा भी दी जाएगी एवं बेहतर कोच की नियुक्ति कर प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने खेल करा रहे आयोजकों से कहा कि खेल के दौरान खिलाड़ियों का प्रतिभा को अच्छी तरह से परखे जिससे खिलाड़ियों को चिन्हित कर आगे बढ़ाया जा सके। मेरा प्रयास है कि



बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल में भी बेहतर प्लेटफॉर्म दे सके जिससे वह खेल के माध्यम से भी अपना करियर को बना सके। आगामी 12 जनवरी तक विधानसभा के 48 पंचायत से लगभग 5000 खिलाड़ियों को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। खेलो सिल्ली अभियान में पिस्का, लोसेरा, कुसुमटीकरा, मेदनी, खेरडीह, गाड़गांव एवं लोवादाग गांव के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ सुखदेव बेदिया कोचिंग सेंटर कुसुमटिकरा के छात्रओ द्वारा संस्कृत नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कुसुम टिकरा की टीमों ओवर ऑल चैंपियन बना। सभी सफल प्रतिभागियों को विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो व अन्य अतिथियों ने फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल खेल का शुभारंभ किया। इस विधायक ने दौरान के समीप बनाए जा रहा क्लब भवन का भी निरीक्षण किया। वहीं भवन निर्माण के सवेदक मनोज कुमार को जल्द से जल्द भवन का कार्य पूरा करने का निर्देश दिए। मंच के संचालन तीरंदाज के कोच प्रकाश राम एवं अंतराष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी दिनेश कुमार ने किया। इस मौके पर पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू वालीबाल प्रशिक्षक अमर पाल, सुशील महतो, रामस्वरूप मंडल, संतोष कुमार मंडल, पसस अनिल मांझी, मुखिया सोमरा, हरिपद माझी, सोमरी देवी खेल प्रभारी कालीचरण, रोहित, मुकेश, राकेश, खेलो इंडिया की खिलाड़ी तीरंदाज ज्योति कुमारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रातु में बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने की छापेमारी

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को इलाके के तिलता व चितरकोटा व विजुलिया में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में तिलता के 4 व चितर कोटा में 7 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 1 लाख 74 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोपियों में तिलता हनुमान नगर के रेखा देवी पिता अशोक लाल गुप्ता, आनंदनगर के मनु साव पिता उदय नाथ साव,तिलता बगीचा के मनोज कुमार पिता पच्चू लोहरा व श्रीवास्तव उरांव पिता गुदा उरांव शामिल है। इनपर क्रमश 28517 हजार,22604 हजार, 23 हजार व 11 हजार 500 रुपया का जुमार्ना लगाया गया है। वही चितर कोटा बड़काटोली में 5 व विजुलिया में 7 लोग पकड़े गये।

### मंडरा रहा जेएन1 वेरिएंट का खतरा, पर वैक्सीन का धनबाद में स्टॉक नहीं

**धनबाद।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन1 के बढ़ते मामले को देखते हुए एक और विभाग ने अलर्ट जारी किया है, तो दूसरी ओर पिछले 10 महीने से जिले में कोरोना वैक्सीन का स्टॉक नहीं है। अब देश में कोरोना के मामले सामने आने के बाद टीका नहीं लेने वाले लोग सिविल सर्जन कार्यालय और सदर अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। सिविल सर्जन कार्यालय आकर लोग टीका के बारे में जानकारी ले रहे हैं। ज्ञात हो कि धनबाद में फरवरी 2023 में वैक्सीन की अंतिम खेप की आपूर्ति हुई थी। इसके बाद से वैक्सीन की आपूर्ति नहीं हो पाई। तब से स्टॉक खाली पड़ा हुआ है। धनबाद में 20 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसमें 17 लाख लोगों ने पहले डोज का टीका लगाया है। जबकि 12 लाख लोगों ने दूसरे डोज का टीका लगवाया है। ऐसे में 3 लाख लोगों ने अभी तक एक भी टीका नहीं लिया है।

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमितता बरतने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप



सोनाहातु। प्रखंड क्षेत्र के जामुदाग पंचायत अंतर्गत बन रही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत पथ जामुदाग पंचायत भवन से दीवरीडीह मंदिर तक बन रही लंबाई डेढ़ किलोमीटर मैं भारी अनियमता बरती गई जिसमें ग्रामीण आक्रोश दिखाई दिए ग्रामीण का कहना है कि प्राचीन काल की शिव मंदिर है जिसमें ग्रामीण और श्रद्धालुओं का आने-जाने में काफी दिक्कत उठाने पड़ता है वही ग्रामीणों के परेशानियों को देखते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने डेढ़ किलोमीटर तक रोड बनवाने का पहल किया लेकिन रोड के ठेकेदार और मुंशी के द्वारा सरकारी गाइडलाइन की अनुसार नहीं बनाया जा रहा है पिछले दिन इंजीनियर के द्वारा सर्वे में बताया गया था कि एक फिट गड्ढा करके के बाद मिट्टी का सोलिंग करके ऊपर से पानी डालकर रोलर मशीन से दबाया जाएगा जिसका अनुसार काम नहीं किया जा रहा है ग्रामीण ने बताया कि अधिकारी से निवेदन है जांच करके अच्छे तरीका से काम उपलब्ध कराया जाए ग्रामीण के लोग उपस्थित पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू रणविजय मण्डल,रविंदर पाण्डे,गुरुपद मण्डल, गुंडू भगत, तपन मण्डल, फाकू मण्डल, जितेंद्र कुमार मण्डल शामिल थे।

### मंत्री चंपई और बन्ना गुप्ता ने निर्मल महतो की दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। झारखंड आंदोलनकारी जेएमएम नेता निर्मल महतो की 73वीं जयंती पर जमशेदपुर में जेएमएम के अलावा विभिन्न राजनातिक दल के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बिष्टुपुर स्थित चमरिया गेस्ट हाउस के पास शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि देने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही। झारखंड के मंत्री चंपई सोरेन चमरिया गेस्ट हाउस पहुंचे और शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर मालयार्पण कर एक मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, सविता महतो, मोहन कर्माकर, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी समेत झामुमो के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड में अभी काम करना बाकी है। उनकी शहादत को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। जेएमएम का हर कार्यकर्ता और नेता उनके अधूरे सपने को पूरा करेगा। वहीं झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो की समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि निर्मल दा हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उन्हें कभी नहीं भूल सकेंगे।

### डीसी ने किया औचक निरीक्षण, भोजन के बारे में ली जानकारी

# धनबाद के मंडल कारा से ग्यारह कुख्यात कैदी भेजे गए दूसरे जेल

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

शूटर अमन सिंह हत्याकांड के बाद प्रशासनिक महकमा धनबाद जेल की हर व्यवस्था की पड़ताल में जुटा हुआ है। सोमवार को भी धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन के नेतृत्व में टीम ने जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को मिलने वाले भोजन समेत कई अन्य चीजों की जॉच की गई। जानकारी हो कि अमन की हत्या के बाद धनबाद जेल में बंद कैदियों के दो गुटों में मारपीट हो गई थी। इस विवाद के बाद जेल प्रशासन ने कुख्यात कैदियों को अन्य जेल भेजने का इरादा किया था। इसके तहत सोमवार को नौ कैदी दूसरे




जेल भेजे गए। जबकि दो अन्य कैदियों को भी देर शाम दूसरे जेल भेज दिया गया। हालांकि, डीसी के निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। निरीक्षण करने पहुंची टीम ने कैदियों को मिलने वाले भोजन के बारे में उनसे पूछताछ की। तो कैदियों ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता में पहले से सुधार है। उन्हें पर्याप्त मात्रा में भोजन भी मिल रहा है। प्रशासनिक टीम ने निरीक्षण के दौरान मंडल कारा के रसोईघर, गोदाम सहित अन्य स्थानों की पड़ताल की। उपायुक्त ने बताया कि कई बंदियों से जेल में मिलने वाले भोजन के बारे में पूछा गया। उनकी तरफ से संतोषजनक जवाब मिला। कहा कि पूरे जेल परिसर में पांच घंटे तक सघन जांच अभियान चलाया गया। कोई भी आपत्तिजनक चीज बरामद नहीं हुई है। छापेमारी टीम में उपायुक्त के साथ सिटी एसपी अजीत कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय कुमार रजक के साथ बड़ी संख्या में पुलिस जवान भी शामिल थे।

# पिकअप वैन पलटने से 10 घायल मंत्री बेबी देवी ने पूछा हालचाल

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गांधीनगर थाना क्षेत्र के सीसीएल खासमहल परियोजना के समीप सोमवार को सवारी पिकअप वैन पलटने से 10 ग्रामीण घायल हो गये। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित कडरूखुट्टा निवासी 10 ग्रामीण घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीसीएल ढोरी एरिया के सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पटल में सीएमओ डॉ अरविंद कुमार, डॉ शुवेन्दु शर्मा और डॉ आरएन झा ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से दो घायलों शांति देवी व संगीता कुमारी को बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना में गंगाराम हेम्ब्रम की 18 वर्षीय पुत्री बुधनी कुमारी, देवीलाल मुर्मू का 11 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार, जीतन मुर्मू की 21 वर्षीय



पुत्री खेमंती कुमारी, टुडका मुर्मू की 18 वर्षीय पुत्री देवंती कुमारी, रामप्रसाद मुर्मू की 55 वर्षीय पत्नी शांति देवी, मोतीलाल हेम्ब्रम की 16 वर्षीय पुत्री शांति कुमारी, लाल मुर्मू की 16 वर्षीय पुत्री बसंती कुमारी, रामकिशुन मुर्मू की 12 वर्षीय पुत्री पार्वती कुमारी, स्व. देवीलाल मुर्मू की 18 वर्षीय पुत्री संगीता कुमारी सहित 60 वर्षीय देवीराम मुर्मू घायल हो गये हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उपरोक्त सभी ग्रामीण कडरूखुट्टा से सीसीएल खासमहाल स्थित सफेद मिट्टी लाने पिकअप वैन से जा रहे थे। खासमहाल परियोजना कार्यालय के समीप टर्निंग प्वाइंट पर चालक का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप वैन पलटा गया। घटना की जानकारी पाकर मंत्री बेबी देवी ने सेंट्रल हॉस्पिटल सीसीएल ढ़ोरी पहुंच कर सभी घायलों से मिल कर उनका हाल चाल लिया और उन्हें बेहतर इलाज करवाने का भरोसा दिलाया।

### गोमो स्टेशन में गर्भवती की हालत देख निकल पड़े सबके आंसू

**गोमो।** गोमो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर बुधवार की सुबह सीढ़ी चढ़ने के क्रम एक गर्भवती महिला की तबीयत अचानक खराब हो गई और वहीं पर उसकी प्रसव हो गया। प्रसव के बाद समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण नवजात बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं रहने के कारण प्रसव के बाद करीब एक घंटा तक खून से लतपथ महिला दर्द से कराहती रही। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद महिला यात्रियों ने तथा महिला आरपीएफ की जवान अपने तरीके से पीड़ित महिला का मदद करते रहे। करीब एक घंटे के बाद रेलवे चिकित्सक असीम कुमार अपने टीम के साथ पहुंचे, जिसके बाद महिला नर्स ने नवजात बच्चे की नाभी काटकर बच्चे को अलग कर महिला का प्राथमिक उपचार किया तथा चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे के कम वजन रहने के कारण बच्चे की मौत हो गई।

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आदिवासियों ने लगाई महापंचायत

# पूर्व पीएलवी के पैरवीकार नेताओं ग्रामीणों ने को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी टुंडी**

आदिवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों से पैसे लेकर केस मैनेज करने के मामले को लेकर रविवार को हुई आदिवासियों की महापंचायत में जमकर हंगामा हुआ। महापंचायत में आरोप स्वीकार करने के बावजूद आरोपित पूर्व पीएलवी श्रीलाल सोरेन की पैरवी करने वाले तीन झामुमो नेताओं को महापंचायत में शामिल लोगों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। तीनों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। इस हंगामे के कारण महापंचायत दोषी पूर्व पीएलवी को सजा नहीं सुना सकी। सजा के लिए आदिवासियों की फिर से महापंचायत होगी। आदिवासी समाज के लोगों ने बुलाई थी महापंचायत विदित हो कि रुपन पंचायत के टेसराटांड़ मैदान में



रविवार को सोनोत संताल समाज के प्रखंड अध्यक्ष संदीप हांसदा के नेतृत्व में आदिवासी समाज के लोगों ने महापंचायत बुलाई थी। आरोप है कि एक आदिवासी किशोरी से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपितों का केस मैनेज करने के लिए स्वजनों से पूर्व पीएलवी श्रीलाल सोरेन ने पांच लाख रुपये लिए थे। जब काम नहीं हुआ तो स्वजनों ने श्रीलाल सोरेन की पिछले दिनों धनबाद में पिटाई की थी। आदिवासी होकर दुष्कर्म पीड़ित आदिवासी किशोरी का केस मैनेज करने के नाम पर पैसे लेने से आदिवासी समाज श्रीलाल सोरेन पर भड़का हुआ था। इसी कारण रविवार को महापंचायत बुलाई गई थी। महापंचायत में विभिन्न आदिवासी गांवों के सैकड़ों लोगों समेत सोनोत संताल समाज के भी लोग शामिल हुए थे।

# 28 से सहायक शिक्षकों का हल्ला बोल मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा धनबाद यूनिट की बैठक सोमवार को हुई। अध्यक्षता अशोक चक्रवर्ती एवं संचालन नीलांबर रजवार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य समन्वयक सिद्दीक शेख एवं सुशील कुमार पांडेय मुख्य रूप उपस्थित थे। 28 दिसंबर से प्रदेश इकाई द्वारा प्रस्तावित 'घेरा डालो डेरा डालो' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा, जिसकी सफलता एवं रणनीति के लिए सभी प्रखंड के पदाधिकारियों की बैठक मे आत्ममंथन किया।



जिले के सहायक अध्यापकों के कार्यक्रमों में उपस्थिति को लेकर पता चला कि 19 दिसंबर को झारखंड विधानसभा घेराव में 548 सहायक अध्यापक ने भाग नहीं लिया एवं 337 सहायक अध्यापक ने संघ द्वारा घोषित किसी भी आंदोलन में कभी भी भाग नहीं लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ विरोधी कार्य करने वाले एवं घर में बैठकर भाग लेने वाले सहायक अध्यापकों के वार्षिक वृद्धि एवं आकलन उत्तीर्ण 10 प्रतिशत वृद्धि पर रोक लगाया जाएगा। वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर 28 दिसंबर से मुख्यमंत्री आवास में 'घेरा डालो डेरा डालो' कार्यक्रम में जिले के शत-प्रतिशत सहायक अध्यापक शामिल होंगे। 26-27 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव हेतु जिले के सभी संकुलो में जनसंपर्क अभियान चलेगा। वक्ताओं ने कहा कि जब अल्पसंख्यक विद्यालयों में प्रशिक्षण के आधार पर बगैर परीक्षा का वेतनमान दिया जा रहा है तो फिर 22 सालों से कार्यरत सहायक अध्यापकों के साथ अन्याय क्यों। बैठक में मुख्य रूप से रमेश सिंह, उप्पल चौबे, दिनेश महतो, छोटन प्रसाद राम, वीरेंद्र कुमार शर्मा, मोतीलाल महतो, सुमनलता पांडेय, बसंत सिंह आदि शामिल थे।

### धनबाद के सदर अस्पताल में 4 महीने से नहीं है दवा

**धनबाद।** कोर्ट मोड़ स्थित सदर अस्पताल में प्रति महीने डॉक्टर और कर्मचारियों पर भले ही 40 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन मरीजों की दवा के नाम पर स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंद कर बैठा है। दरअसल, सदर अस्पताल में पिछले 4 महीने से दवा का अभाव है। कई महत्वपूर्ण दवाएं दवा वितरण केंद्र में नहीं है। इस कारण अस्पताल में आने वाले मरीज को बाहर से दवा खरीदनी पड़ रही है। हर दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन दवा को लेकर पिछले चार महीने से स्वास्थ्य विभाग ने कोई गंभीर पहल नहीं दिखाई है। सदर अस्पताल में डॉक्टर और कर्मचारियों की बहाली डीएमएफटी फंड के तहत हुई है। फिलहाल 17 डॉक्टर और डेढ़ सौ के कर्मचारी हैं। इन पर जिला प्रशासन लगभग 40 लाख रुपए हर महीने वेतन के रूप में खर्च कर रहा है। जबकि सदर अस्पताल में दवा का जिम्मा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से सितंबर 2023 में ही दवा उपलब्ध कराई गई थी।

# गोबर से कलाकारी : सजावटी सामान ने खोली कमाई की राह

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद में आयोजित एकल अभियान के गो ग्राम कुंभ में गो आधारित उत्पाद लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। एकल ग्रामोत्थान के तहत गाय के गोबर से बने एक से बढ़कर एक घरों के सजावटी सामान की बिक्री हो रही है। यहां मेले में देवघर से आए कैलाश यादव और उनकी टीम गाय के गोबर से बने धूप, दीप, शुभ लाभ समेत अन्य उत्पाद बेच रहे हैं। कैलाश ने बताया कि एकल अभियान के लगातार कोशिश के बाद अब गांव में गायों के प्रति लोगों का नजरिया काफी बदल रहा है। गाय माता हमें केवल दूध ही नहीं बल्कि मूत्र और गोबर से भी स्वावलंबी भी बना रही है। उन्होंने बताया कि देवघर और इसके आसपास के इलाकों में




काफी संख्या में गो धन हैं। इन इलाकों में एकल अभियान के तहत लोगों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि काफी संख्या में लोग इस अभियान में जुड़े हैं। गाय के गोबर और गोमूत्र से अब आय भी आने लगी है। एक एक सदस्य हर महीने चार से 5 हजार की आमदनी कर रहे हैं। आगे यह आमदनी और बढ़ती जाएगी। कैलाश ने बताया कि गोबर से बनाए गए सजावटी सामान काफी मजबूत होते हैं। गिरने से यह टूटे नहीं है। दरअसल गोबर के साथ चुना और गुड़ के भी मिश्रण होते हैं। इसमें कम मात्रा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का भी प्रयोग किया जाता है। इससे यह उत्पाद और मजबूत हो जाते हैं। दीपावली में गोबर से बनाए गए दीप की काफी मांग रही। बाजार में अब लोग काफी से पसंद करने लगे हैं। गोबर से बनाए गए धूप बत्ती की भी काफी मांग हो रही है। इसकी कीमत 50 से 100 रुपए के बीच में रखी गई है। जबकि दीए की कीमत 10 रुपए से शुरू है। अब यह सजावटी सामान महानगरों में भी भेजे जा रहे हैं। लोगों में तेजी से मांग बढ़ रही है।

यह दुनिया भी उसी पर भरोसा करती है जिसे अपने आप पर भरोसा होता है : अज्ञात




## सावधानी है उपाय...

झारखंड में साइबर अपराध की घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस प्रकार यह एक बड़ी समस्या बनते जा रही है। साइबर अपराधी सीधे-साधे लोगों को मोबाइल में उलझा कर बैंक खाते से पैसे निकाल रहे हैं। इस लिए सावधानी जरूरी है। किसी भी अज्ञात कॉल पर ओटीपी नंबर कभी भी नहीं देनी चाहिए। गोपनीयता भंग होने पर कभी भी कोई साइबर अपराधियों के निशाने पर आ सकता है। मोबाइल पर लोकलु भावने आफर का लोभ खतरनाक साबित हो सकता है। साइबर ठग का गिरोह रोज नये-नये तरीके अपना रहे हैं। यही कारण है कि हाल के दिनों में साइबर ठगी की घटना बढ़ रही है। ऐसे तत्वों को पकड़ने में पुलिस को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि पुलिस नयी तकनीक से वंचित है। जबकि साइबर ठग नयी तकनीक से लैस हैं। इसके लिए पुलिस को भी नयी तकनीक के मामले में जानकार होना जरूरी है। इसके लिए तंत्र को नयी तकनीक से दक्ष होना पड़ेगा। इसके लिए संसाधनों को विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए लगातार प्रशिक्षण की जरूरत है। ऐसे अपराध से बचने के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। साइबर ठगी का यह गिरोह पढ़ा लिखा होता है। ऐसे में सर्तकता जरूरी है। ये ठग जहां एक ओर बैंक खाते खाली कर रहे हैं। वहीं अश्लील वीडियो बना कर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। दूसरी तरफ अपने झांसे में लेकर लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसलिए व्हाट्सएप पर किसी भी मैसेज पर सर्तकता जरूरी है। होता यह है कि ये साइबर अपराधी लड़की का इस्तेमाल ऐसे गंदे कामों के लिए करते हैं। जिसके जाल में युवा पीढ़ी फंस जाती है। बहरहाल इन ठगों से बचने के लिए किसी प्रकार के लोभ में नहीं पड़ने की जरूरत है। कुल मिलाकर सर्तकता ही इससे बचने का उपाय है। फेसबुक पर दोस्ती,चैटिंग सोच समझ कर करने की जरूरत है। कारण ऐसे ठग कभी भी किसी के खाते में डकैती डाल सकते हैं। यह गिरोह पूर्वनियोजित ढंग से पहले मीठी-मीठी बातों में लोगों को फांसने की कला में पारंगत होता है। ऐसे में सावधानी ही एक मात्र उपाय है, इससे बचने के लिए। राज्य के कई हिस्सों में साइबर ठगों का दबदबा है। पुलिस का ऐसे मामलों में साफ कहना है कि ऐसे तत्वों से बचने के लिए सावधानी जरूरी है। सरकार ने साइबर थानों का गठन किया है। लगातार ऐसे मामले यहां बार-बार आ रहे हैं। लेकिन इसके सफाये की दिशा में कई प्रकार की परेशानी आ रही है। बहरहाल साइबर ठगों का जमावड़ा राज्य के जामताड़ा जिले में सक्रिय है। इस गिरोह का सरगना देश के कई हिस्सों में अपना पांव पसार चुका है। यही कारण है कि झारखण्ड के कई हिस्सों में इस दबदबा है। पुलिस की सक्रियता के बाद भी आम आदमी को सतर्क रहने की जरुरत है।

**मोबाइल पर लोकलु भावने आफर का लोभ खतरनाक साबित हो सकता है। साइबर ठग का गिरोह रोज नये-नये तरीके अपना रहे हैं। यही कारण है कि हाल के दिनों में साइबर ठगी की घटना बढ़ रही है। ऐसे तत्वों को पकड़ने में पुलिस को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि पुलिस नयी तकनीक से वंचित है। जबकि साइबर ठग नयी तकनीक से लैस हैं। इसके लिए पुलिस को भी नयी तकनीक के मामले में जानकार होना जरूरी है। इसके लिए तंत्र को नयी तकनीक से दक्ष होना पड़ेगा। इसके लिए संसाधनों को विकसित करने की जरूरत है।**

# फिर बढ़ रही कोरोना की तेज रफ्तार

**इन दिनों**



ऋतुपर्ण दवे



**देश** में एक बार फिर कोरोना दस्तक दे चुका है? लेकिन सच यही है कि कोरोना आने के बाद से ही कभी गया ही नहीं? हां, पाबंदियां हटती गईं और दबा संक्रमण धीरे-धीरे पसरता रहा और हम सब बेफिक्र रहे। देश हो या प्रदेश, जिले हों या नगर या गांव हों या पंचायतें लोग इतनी जल्दी उस दर्दनाक मंजर को भूल भी गये जो हफ्ते, महीने दिन नहीं पूरे दो साल तक दुनिया में तबाही मचाता रहा! वो वाकये भी याद नहीं रहे जो जिन्दगी भर का दर्द दे गये? शायद इसी गलती, चूक या लापरवाही का नतीजा है, जो कोरोना की डरावनी रफ्तार फिर उसी अंदाज में बेखौफ बढ़ती जा रही है। कोविड-19 द्वारा लोगों की जान को लीलना कभी थमा नहीं था। हां, कम या बीच में कुछ वक्त ब्रेक लगने का भ्रम जरूर था। अब दिसंबर आखिरी हफ्ते में आई तेजी ने जनवरी 2020 की याद दिला दी। अभी गंभीर संक्रमण या अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा नहीं होने के कारण लोग हल्के से ले रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि नया वैरिएंट जेएन.1 धीरे-धीरे हावी होता जा रहा है जो अधिक संक्रमणीय होकर बहुत तेजी से फैल रहा है। इसके मुख्य लक्षण मुख्य रूप से बुखार के साथ लगातार या रुक-रुक कर हल्की-तेज खांसी, सांस लेने में तकलीफ या सांस नली में दिक्कत, थकान, मांसपेशियों और शरीर में दर्द के साथ ही सिरदर्द, गले में खराश, नाक बहना या बंद रहना है। ये लक्षण इतने आम होते हैं कि लोग जल्द समझ ही नहीं पाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को खुद को संक्रमित होने से बचना-बचाना होगा। विशेषज्ञों ने भी वरिष्ठ नागरिकों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है। इस संक्रमण के ताजे रिसर्च ने सबको हैरान कर दिया है। नया वैरिएंट गले को बुरी तरह से प्रभावित करता है जिससे आवाज तक जा सकती है। यह बात भी सामने आई है कि इससे मौतों के बढ़ने के मामले और अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या में वैसी बढ़ोतरी नहीं हुई, जैसी कि डेल्टा वैरिएंट के वक्त थी। लेकिन अब इस संक्रमण से स्वाद और गंध के साथ आवाज जाने की संभावना चिकित्सक बता रहे हैं। 15 साल की एक बच्ची ने इस वायरस के चलते अपनी आवाज गंवा दी, जिसके बाद चिकित्सक काफी गंभीर हैं। इस सच्चाई को स्वीकारना ही होगा कि बीते एक पखवाड़े में इससे भले ही चंद मौतें हुईं लेकिन ये चिंताजनक हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में 24 दिसंबर की सुबह तक 656 केस नये मामले मिले जबकि 23 दिसबंर को 752 मिले थे यह 21 मई, 2023 के बाद अब तक मिले सबसे अधिक हैं। इन मामलों के बाद देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामले 4 हजार के लगभग हो गये हैं। हालांकि पिछले 24 घंटों में केवल एक ही मौत हुई। इधर आंकड़े बताते हैं कि 20 नवंबर से 17 दिसंबर यानी 28 दिनों में विश्व में कोविड के 8.50 लाख से अधिक नये मामले सामने आये और इसी अवधि में इस संक्रमण से 3,000 से अधिक मरीजों की मौतें हुईं। वहीं 17 दिसंबर तक दुनिया भर में कोविड के 77 करोड़ 20 लाख से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी थी। वहीं लगभग 70 लाख मौतें भी दर्ज हो चुकी हैं। ताजे आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में 13 नवंबर से 10 दिसंबर के दौरान 1 लाख 18 हजार से अधिक ऐसे मामले सामने आये जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा तो 1,600 से अधिक को आईसीयू में दाखिल करना पड़ा। इस तरह जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वो चिन्ताजनक हैं। जाहिर है यह गंभीर या लगातार खांसी, फ्लू या फेफड़ों से संबंधित ज्यादा पीड़ितों के आंकड़े हैं। वास्तविक आंकड़े इससे कई गुना अधिक होंगे जो इस मुगालते में होंगे कि उनको सर्दी, खांसी या फ्लू जैसी साधारण तकलीफ है। पहले भी यही साधारण बीमारियां असाधारण बन गईं थीं।

**कोविड-19 द्वारा लोगों की जान को लीलना कभी थमा नहीं था। हां, कम या बीच में कुछ वक्त ब्रेक लगने का भ्रम जरूर था। अब दिसंबर आखिरी हफ्ते में आई तेजी ने जनवरी 2020 की याद दिला दी। अभी गंभीर संक्रमण या अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा नहीं होने के कारण लोग हल्के से ले रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि नया वैरिएंट जेएन.1 धीरे-धीरे हावी होता जा रहा है जो अधिक संक्रमणीय होकर बहुत तेजी से फैल रहा है। इसके मुख्य लक्षण मुख्य रूप से बुखार के साथ लगातार या रुक-रुक कर हल्की-तेज खांसी, सांस लेने में तकलीफ या सांस नली में दिक्कत, थकान, मांसपेशियों और शरीर में दर्द के साथ ही सिरदर्द, गले में खराश, नाक बहना या बंद रहना है। ये लक्षण इतने आम होते हैं कि लोग जल्द समझ ही नहीं पाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को खुद को संक्रमित होने से बचना-बचाना होगा। विशेषज्ञों ने भी वरिष्ठ नागरिकों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है। इस संक्रमण के ताजे रिसर्च ने सबको हैरान कर दिया है। नया वैरिएंट गले को बुरी तरह से प्रभावित करता है जिससे आवाज तक जा सकती है। यह बात भी सामने आई है कि इससे मौतों के बढ़ने के मामले और अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या में वैसी बढ़ोतरी नहीं हुई, जैसी कि डेल्टा वैरिएंट के वक्त थी। लेकिन अब इस संक्रमण से स्वाद और गंध के साथ आवाज जाने की संभावना चिकित्सक बता रहे हैं। 15 साल की एक बच्ची ने इस वायरस के चलते अपनी आवाज गंवा दी, जिसके बाद चिकित्सक काफी गंभीर हैं।**

## आप की बात

### अलाव की व्यवस्था से लोगों में राहत

कोडरमा में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सड़क किनारे और रेलवे स्टेशन पर रात गुजारने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है। जिससे गरीब और लाचार लोगों को काफी ठंड से राहत मिली है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा गरीब और लाचार लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। इधर ठंड को देखते हुए नगर पंचायत के प्रशासक की देखरेख में नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जबकि सड़क किनारे रात गुजारने वाले लोगों के बीच कंबल का वितरण भी नगर प्रशासक ने किया। कड़ाके की ठंड तक अलाव जलाने की व्यवस्था जारी रहेगी। इधर बाजार समिति सचिव अभिषेक आनंद और नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्द्धन ने स्टेशन के आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया,ताकि ठंड से राहत मिल सके। उपरोक्त व्यवस्था से गरीब व असहाय लोगों को काफी राहत महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग अभी आगे भी ठंड बढ़ने का संकेत दे रहा है। जिसे देखते हुए आम गरीब व फुटपाथी बेसहारों को अलाव और कंबल के सहारे की जरुरत पड़ेगी। हालांकि इस विषय में जिला प्रशासन लागतार कार्य कर रहा है।

**राजनीति**

# प्रतिबंधित हो मानव बलि लेने वाली अंधविश्वास पूर्ण तंत्र-मंत्र विद्या



निर्मल रानी

**भारत** वर्ष एक ऐसा अद्भुत देश है जहां 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज देकर उसी देश के लोगों को यह भी समझा दिया जाता है कि यदि तीसरी पारी में सत्ता हासिल हुई तो देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बना देंगे। शायद इन्हीं 'राशन लाभार्थियों' के बल पर? जहाँ चंद्रयान छोड़े जा रहे हों विकास की नित नई गाथायें लिखने के दावे किये जा रहे हों। उसी देश में आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में अंधविश्वास व पाखंड से भरी ऐसे अनेक खबरें आये दिन सुनाई देती हैं जिन्हें देख पढ़ कर रूह काँप जाती है। इंसान यह सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि धर्म-आस्था व अंधविश्वास के इस घालमेल ने मनुष्य को कितना क्रूर, अमानवीय व हिंसक बना दिया है? रोज कहीं न कहीं गांव-मुहल्ले के बलशाली लोग किसी न किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति को खासकर महिला को चुड़ैल, भूतनी या डायन बता कर उसपर मनमाना अत्याचार करते हैं। किसी को पीट पीटकर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सियों या लोहे की जंजीरों से जकड़कर, किसी पेड़ से बाँध दिया जाता है। उसे भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी अनेक पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म भी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में नाममात्र कार्रवाई भी होती है। परन्तु इस देश में जितना न्याय किसी गरीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं। इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या। इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार, हत्या, धन ऐंठना, ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्रायः पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक भी रही है।

**इस देश में जितना न्याय किसी गरीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं। इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या।**



## बोधि वृक्ष

### ऋषि मार्कण्डेय की कथा

उसका दोस्त थानेदार कुछ मदद नहीं कर सका। क्योंकि राजा का संविधान है कि यदि कोई किसी की हत्या करेगा तो उसे मृत्यु दण्ड प्राप्त होगा। उस नादान व्यक्ति ने अपने दोस्त दरोगा की आज्ञा मान कर राजा का संविधान भंग कर दिया। जिससे जीवन से हाथ धो बैठा। ठीक इसी प्रकार पवित्र गीता जी व पवित्र वेद यह प्रभु का संविधान हैं। जिसमें केवल एक पूर्ण परमात्मा की पूजा का ही विधान है, अन्य देवताओं - पितरों - भूतों की पूजा करना मना है। पुराणों में ऋषियों (थानेदारों) का आदेश है। जिनकी आज्ञा पालन करने से प्रभु का संविधान भंग होने के कारण कष्ट पर कष्ट उठाना पड़ेगा। इसलिए आन उपासना पूर्ण मोक्ष में बाधक है।

**गरीब, भूत रमै सो भूत हैं , देव रमै सो देव**

**राम रमै सो राम है , सुनो सकल सुर भेव**


श्रीमद्भगवद् गीता अध्याय 9 श्लोक 25, अध्याय 7 श्लोक 12-15 और 20-23, अध्याय 16 श्लोक 23-24 में भी इस बात का प्रमाण है कि जो लोग श्राद्ध (पित्रों/मृतक पूर्वजों की पूजा) करते हैं वे पितृ और भूत बन जाते हैं। उन्हें मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है।

**निष्कर्ष :** ऋषि-महर्षियों (ऋषि-महान ऋषियों) ने वेदों में 'ओम' नाम को ईश्वर प्राप्त करने का मोक्षदायक मंत्र जान कर भगवान को प्राप्त करने के लिए 'ओम' नाम का जाप व तप जैसी धार्मिक साधना की, लेकिन 'ब्रह्म' को नहीं देख सके। इसी प्रकार, कुछ उपासक बलपूर्वक ध्यान (हठ योग) द्वारा शरीर के भीतर एकाग्र होकर, कुछ आतिशबाजी देखकर या कुछ धुनों को सुनकर इसे ईश्वर की प्राप्ति मानने लगे। दरअसल, वह सब ब्रह्म-काल की चाल थी। काल के जाल को आनंद मानकर वे अपने अनमोल जीवन को बर्बाद करते रहे। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# हूती विद्रोहियों ने भारत अमेरिका सहित कई देशों की चिंता बढ़ाई



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर अनेक ऐसी घटनाएं होती है जिनका असर न केवल पूरी दुनियां के देशों और उनकी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि वहां के एक आम नागरिक पर भी पड़ता है। मसलन पिछले करीब 2 वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध से पेट्रोलियम व अन्य पदार्थों का असर आम नागरिकों पर पढ़ते दिखाई दिया है। परंतु अब फिर इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है, जहां एक ओर सरकारी या निजी भरपूर नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर अनेक शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर से जाना बंद कर लंबी फेरी लगाकर घूम कर आने के लिए बाध्य हो रहे हैं, जिसकी लॉजिस्टिक कास्ट बहुत हाई हो रही है जिससे खाद्य व पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने और हर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी संकट खड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि हूती विद्रोहियों द्वारा जारी हमले के कारण लाल सागर मार्ग से कारोबार करने वाली दुनियां की कई बड़ी शिपिंग फार्मो ने इस मार्ग पर अपने कारोबार रोक दिये हैं जिसके कारण पूरी दुनियां में यह पांच प्रभाव हो रहे हैं। (1) महंगाई बढ़ सकती है।(2) क्रूड ऑयल के दाम बढ़ रहे हैं। (3) ग्लोबल लेवल पर उथल-पुथल मच सकती है।(4) भारत के कोल इंपोर्टेड पर फर्क नहीं पड़ने की संभावना है। (5) अमेरिका ने हूती हमले का जवाब देने के लिए 20 देशों का गठबंधन बनाया है। वैश्विक महंगाई व उथल पुथल रोकने तथा आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचाने वाले हूती विद्रोहियों पर नकेल कसना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला करने की करें तो ईरान का समर्थन करने वाले हूती विद्रोहियों द्वारा यमन के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है जिसमें लाल सागर से जुड़ा पश्चिमी तट भी शामिल है। यहां से हूती विद्रोही हमास के समर्थन में हमले कर रहे हैं। हमले की जद में इजरायल के जहाजों सहित अमेरिका भारत सहित कुछ देशों के जहाज लपेटे में आ रहे हैं।

**इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है।**

## टेक वर्ल्ड

### फोन के कवर में रखते हैं नोट तो हो जायें सावधान

**जब** आप अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखते हैं तो फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। अक्सर आपने देखा होगा कि, लोग अपने फोन के कवर के पीछे पैसे, डॉक्यूमेंट यहां तक की एटीएम कार्ड तक रखे रहते हैं। इतना ही नहीं ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो अपने घर की चाबी तक फोन के कवर के अंदर रख देते हैं। इस संदर्भ में एक्सपर्ट कहते हैं कि फोन के कवर के पीछे सामान को रखना, चीजों को रखना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है, खासकर के नोट या पेपर संबंधी चीजों को फोन के पीछे रखना तो बेहद ही जोखिम भरा हो सकता है। आईए जानते हैं वह कौन से रीजन है जिसको लेकर यह चेतावनी एक्सपर्ट द्वारा जारी की जा रही है।



**बढ़ता है दबाव :**जब आप अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखते हैं तो फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। ऐसे में आपको अपने फोन के पीछे किसी भी वस्तु जिसमें आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड, घर या बाइक की चाबी, सिक्के जैसी वस्तुओं को रखने से बचना चाहिए।

**आग लगने की संभावना :** जब आप अपने फोन के पीछे किसी भी सामान को रखते हैं तो पहले ही बताया गया है कि वह फोन के टेंपरेचर को बढ़ाने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पूर्णिमा और क्रिसमस की छुट्टी पर गोवर्धन में उमड़ा आस्था का सैलाब, लगा लंबा जाम

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार को पूर्णिमा और क्रिसमस की छुट्टी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां गोवर्धन के गिरिराज तलहटी में दर्शन करने वालों की भीड़ पहुंची। सौंख अड्डा से लेकर डीग अड्डा तक वाहनों की कतार लगी हुई है। यहां जाम की स्थिति बनी हुई है। इससे श्रद्धालु परेशान हैं। देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं। गोवर्धन के मुख्य मंदिर दानघाटी के सामने लोग घंटों जाम में फंसे रहे। इस कारण तीर्थयात्रियों को परिक्रमा व दर्शन करने के लिए पैदल निकलना भी मुश्किल है। सौंख अड्डा से लेकर दानघाटी मंदिर, डीग अड्डा तक करीब 500 मीटर क्षेत्र में सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हैं। जाम खुलवाने के लिए पुलिस-प्रशासन भी जद्दोजहद करता नजर आया। एसडीएम मयंक गोस्वामी की भी गाड़ी दानघाटी मंदिर के सामने जाम में फंस गई।

### अयोध्या से पहुंचा प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत कलश

कुचायकोट। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अक्षत कलश बेलबनवा हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां से अक्षत कलश वितरित किया गया। मौके पर जिला सम्पर्क प्रमुख नीलमणि, जिला कार्यालय प्रमुख आनंद,शैलेश तोमर, सुबाष ,सत्येन्द्र, सुशांत , शिवकुमार उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन तिवारी, चंद्रेश सिंह आदि मौजूद थे।

### नीतीश ने नाराजगी से किया इनकार, हमें नहीं चाहिए कोई पोस्ट

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन से किसी भी तरह की नाराजगी से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी पद की इच्छा नहीं, सब कुछ जल्दी हो, यही मैं चाहता हूं। उन्होंने जदयू में भी किसी तरह की फूट से भी इनकार किया। पटना में सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए नाराजगी के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमको कुछ नहीं चाहिए, नाराज होने की बात ही कहां बनती है। हम कहीं नाराज नहीं है जो कुछ भी कहा जा रहा है वह गलत बात है। उन्होंने कहा कि मैंनें तो सिर्फ यह कहा कि राज्यों में जल्दी से सीट का बंटवारा कर लीजिए, सब कुछ जल्दी-जल्दी तय कर लीजिए।भाजपा नेता सुशील मोदी के जदयू में फूट और अध्यक्ष ललन सिंह के हटाए जाने वाले बयान पर पूछे जाने पर नीतीश ने कहा कि कौन क्या बोलते हैं, हम ध्यान नहीं देने जा रहे हैं। आजकल कुछ लोग जो मन में आता है, वह बोलते रहता है, जिससे उसको उसका लाभ मिले। लेकिन, इससे किसी को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में कोई इधर-उधर नहीं है। हमारी पार्टी में सब एकजुट है, कहीं कोई दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से आगे कहा कि बिहार में देखिए कितना काम हो रहा है। नौकरी को लेकर 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही गई थी, आधे के नजदीक हमलोग पहुंच गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में मनाया गया क्रिसमस, सीजेआई डी चन्द्रचूड़ ने कहा

# राष्ट्र की रक्षा में बलिदान दे रहे सैनिकों को न भूलें




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि क्रिसमस मनाते समय हमें अपने सशस्त्र बलों के उन जवानों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह के जीवन का संदेश दूसरों की भलाई के लिए बलिदान देना था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हम सबकुछ त्याग देंगे, भले ही यह हमारे जीवन की बात हो, जैसा कि हमारे सशस्त्र बलों में बहुत से लोग राष्ट्र की सेवा में करते हैं। हमने दो दिन पहले सशस्त्र बलों के अपने चार सदस्यों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हाल में चार सैनिकों की शहादत का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, इसलिए, जब हम क्रिसमस मना रहे हैं, तो उन लोगों के बारे में न भूलें जो सीमाओं पर हैं, जो हमारे देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं। जब हम जश्न में गाएं, तो उनके लिए भी गाएं। वह उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि बार के सदस्यों के लिए नए चैंबर बनाए जाएंगे। लंबित मामलों को कम करने के लिए कदम उठा रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह स्थगन की मांग संबंधी प्रक्रिया को संस्थागत बनाएंगे।

### दिव्यांगों का फैशन शो : रैंप पर बिखेरे जलवे

# हैरतअंगेज कारनामों से लूटी वाहवाही



**एजेंसी। जयपुर**

अपने बुलंद हौसलों के साथ जिंदगी के हर उतार-चढ़ाव को पार करने वाले दिव्यांगजनों ने जयपुर में रैंप पर कैटवॉक, व्हीलचेयर वॉक और कुछ हैरतअंगेज कारनामे किए। इन्हें देख हर कोई दातों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर हो गया। जयपुर में श्री बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान की ओर से स्पेशल एबल पर्सन सीजन-3 फैशन शो का आयोजन हुआ। इसमें राजस्थान और कई दूसरे प्रदेशों से आए 250 से ज्यादा दिव्यांगजनों ने रैंप पर अपने जलवे बिखेरें। जयपुर के सांगानेर में हुए इस आयोजन में दिव्यांगजनों ने अपने हुनर का ऐसा बेमिसाल प्रदर्शन किया, जिससे दिव्यांग और सक्षम के बीच का डिफरेंस खत्म होता नजर आया। यहां मल्टीपल स्क्लेरोसिस डिसेबल, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबल, श्रवण बाधित, दृश्य बाधित, लोकोमोटर डिसेबल, बौनापन से ग्रसित, अविकसित मांसपेशी और बौद्धिक अक्षमता वाले दिव्यांगजनों ने न सिर्फ व्हीलचेयर पर रैंप वॉक किया।

### प्राकृतिक आपदा के बाद पहली बार क्रिसमस पर शिमला, मनाली, सैलानियों से पैक

**शिमला।** बरसात के दौरान जुलाई और अगस्त माह में आई आपदा के बाद पहली बार क्रिसमस पर हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। अगले एक हफ्ते तक प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहने वाले हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी करोड़ों के कारोबार की उम्मीद है। दिल्ली से आने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें, पर्यटन विकास निगम की बसें और निजी वोल्वो पैक चल रही हैं। कालका-शिमला ट्रैक पर दौड़ने वाली सभी ट्रेनें 5 जनवरी तक के लिए पैक हैं और लंबी वेटिंग चल रही है। भारी संख्या में पर्यटक सड़क मार्ग से भी प्रदेश का रुख कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पेश आ रही है। सोलन के सनवारा टोल प्लाजा और मंडी के पंडोह से मनाली तक लंबा जाम लग रहा है। सोलन से एनएच-5 से होते हुए शिमला की ओर दो दिन में 21,000 से अधिक वाहन रवाना हुए। इधर, पिछले एक दिन में 16 हजार पर्यटक वाहन और 80 हजार लोग कुल्लू जिल में पहुंचे।

### आतंकी साजिश नाकाम एलओसी के पास मिला हथियारों का जखीरा

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने जम्मू के ज्यौड़ियां क्षेत्र के पटवार छन्नी दिवानू के नजदीक रविवार की सुबह ड्रोन से गिराए गए हथियारों के दो पैकेट बरामद कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया है। इन पैकेटों में छह बैटरी चालित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक पिस्तौल, कारतूस और 35 हजार रुपये की भारतीय मुद्रा रखी गई थी। जिन खेतों से यह सामान बरामद किया है वह नियंत्रण रेखा के पास स्थित हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह हथियार आतंकियों के लिए भेजे गए थे। इसी क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ को नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया था। पैकेट कि सुबह करीब 7.50 बजे खौर क्षेत्र के चन्नी दीवानो गांव में एक खुले मैदान में देखे गए। सेना और पुलिस ने तुरंत एक संयुक्त अभियान चलाया और बम निरोधक दस्ते की मदद से पैकेट खोले गए, जिससे छह आईईडी, एक 9-एमएम इटली में बनी पिस्तौल, तीन मैगजीन, 30 राउंड, एक हैंड ग्रेनेड,35,000 की नकदी,एक टेप, रिलीजिंग कार्ड, जिप टाइप प्लास्टिक लॉक निकला।

### नक्सलियों ने मुंशी को छोड़ने के बदले मांगी 30 लाख की लेवी

**गया।** बिहार के गया में नक्सली गतिविधियां बढ़ती जा रही है। यहां नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन कर्मियों को किडनैप कर लिया था। दरअसल जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र में हथियार से लैस नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में ड्यूटी कर रहे दो गार्ड और एक मुंशी को बीती रात अगवा कर लिया था। नक्सली की गिरफ्त में मुंशीः बाद में दोनों गार्ड को मारपीट कर छोड़ दिया गया। लेकिन नक्सलियों ने मुंशी को अब तक मुक्त नहीं किया है। जानकारी के अनुसार मुंशी को मुक्त करने के एवज में नक्सलियों के द्वारा 30 लाख लेवी की डिमांड की जा रही है। जानकारी के अनुसार लुटुआ थाना के भुसिया गांव में असुराइन जाने के मार्ग में रविवार रात के वक्त नक्सली आए थे। बताया जा रहा है कि नक्सली का दस्ता हथियार से लैस था। इस क्रम में दर्जनों की संख्या में रहे नक्सलियों के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में ड्यूटी कर रहे दो गार्ड और एक मुंशी को अगवा कर लिया।

# प्रभु यीशु के जन्म लेते ही काशी के चर्चों में बजे घंटे, गूंजने लगा मैरी क्रिसमस



**एजेंसी। वाराणसी**

घड़ी की सुइयां जैसे ही रात 12 बजे एक हुईं, मसीही समुदाय के आराध्य प्रभु यीशु ने चरनी में जन्म लिया। गिरजाघरों में घंटे बज उठे। जगह-जगह कैरोल गाकर प्रभु यीशु के आगमन का संदेश काशी की फिजा में गूंज उठा। मसीही समुदाय खुशी और उल्लास से झूम उठे। एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। प्रभु के जन्म की खुशी में घरों और गिरजाघरों में केक काटे गए। एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। कैंटोनमेंट स्थित महागिरजा समेत सभी चर्चों में प्रभु यीशु की आराधना के लिए भीड़ उमड़ी रही। सर्द रात में सेंट मैरीज महागिरजा में रात 12 बजे बिशप हाउस का घंटा बजा तो धरती पर अमन के राजकुमार प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में मसीही झूम उठे। काशी धर्मप्रांत के बिशप यूजीन जोसेफ की अगुवाई में पुरोहित बालक स्वरूप में यीशु को अपने हाथों में लेकर चर्च की वेदी पर पहुंचे। मसीहियों ने दर्शन किए। वे यीशु की बालरूप की प्रतिमा की एक झलक पाकर धन्य हो उठे।

# सीबीएसई ने पटना जोन के 36 स्कूलों की मान्यता की रद्द




**एजेंसी। पटना**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पटना जोन के 36 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है, इसमें दस स्कूल झारखंड से और शेष 26 स्कूल बिहार से है। बोर्ड ने इन स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। स्कूलों की जिलावार सूची वेबसाइट पर डाल दी गई है। अभिभावकों को आगाह भी किया गया है कि ऐसे स्कूलों में दाखिला लेने से बचें। बता दें कि इन स्कूलों से 2024 में सात हजार दो सौ परीक्षार्थी इस बार दसवीं बोर्ड के लिए परीक्षा फॉर्म भरा है। बोर्ड ने इन छात्रों के भविष्य को देखते हुए इन स्कूलों को अंतिम बार परीक्षा लेने की अनुमति दी है। सीबीएसई के अनुसार ये स्कूल कई वर्षों से चल रहे थे। छात्रों को कोई सुविधा भी नहीं देते थे और फीस के तौर पर मोटी रकम वसूलते हैं। गलत तरीके से चल रहा थे ये स्कूल सीबीएसई के अनुसार इन स्कूलों की मान्यता तो दी गई थी, लेकिन नियम को पूरा नहीं किया। बोर्ड परीक्षा में भी कई बार इन स्कूलों पर आरोप लगते रहे हैं। बोर्ड की ओर से पिछले कई महीनों से इन स्कूलों की जांच चल रही थी।

# स्थिर सरकारों की उपयोगिता देश को बता गए अटल : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। लखनऊ**

वाजपेयी ने सफलतापूर्वक इसकी आधारशिला रखी। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी आधारशिला पर नये भारत के भव्य भवन का नया स्वरूप हम सभी देशवासी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत, विकास खंड, विधानसभा, मंडल तथा राज्य स्तर पर वाजपेयी की जयन्ती के शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रमों को भव्यता से आयोजित कराएगी। इसके माध्यम से स्थानीय लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव से लेकर प्रदेश स्तर पर अटल जी की स्मृति में कवि सम्मेलन प्रारम्भ होने चाहिए। विश्वविद्यालयों में वाजपेयी पर शोध होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि हिंदुस्तान की राजनीति में स्थायित्व कैसे होना चाहिए और स्थिर सरकारें देश के लिए किस प्रकार उपयोगी होती हैं।

### सम्राट चौधरी बोले- जेडीयू की बैठक से बीजेपी का लेना-देना नहीं

**पटना।** नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू की दिल्ली में 29 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक होनी है। जिसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कि बैठक में कुछ बड़े फैसले लिए जा सकते है। चर्चा तो मौजूदा पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह के हटाए जाने की भी है। जदयू की इस महाबैठक पर बिहार बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि जदयू की बैठक से हमें कोई लेना-देना नहीं है। हमारा एक ही मकसद है। और वो है इंडिया गठबंधन को 2024 में चुनाव हराना। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित हो, जिसकी हमको चिंता है न कि जदयू की बैठक की ।महागठबंधन की सरकार में राज्य में कानून का राज खत्म हो गया है। और अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। लेकिन बीजेपी बालू, शराब और जमीन माफिया के खिलाफ लड़ती रहेगी।

### दिल्ली में पीएम मोदी ने मनाया क्रिसमस, ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की



नई दिल्ली। आज देश में क्रिमसस का पर्व मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके अलावा बच्चों ने क्रिसमस दिवस के मौके पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे।वहीं दूसरी तरफ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च पहुंचे। यहां वह प्रर्थना में शामिल हुए। उन्होंने ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह चर्च दिल्ली के गोल डाकखाना में स्थित है। चर्च पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैंने ईसा मसीह से आशीर्वाद लिया है। हम सभी जानते हैं कि भगवान यीशु हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। आज उन्हें और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है। उन्होंने आगे कहा कि हम उनसे प्रेरणा लेना चाहते हैं। लोगों और समाज में सद्भाव, शांति और विकास स्थापित करने के लिए उनके रास्ते पर चलें। मैं क्रिसमस के अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

### यूपी में सेवानिवृत्त वन अधिकारी साइबर धोखाधड़ी के शिकार 29 लाख रुपये गंवाए

**लखनऊ।** सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने साइबर धोखाधड़ी में अपने पेंशन निपटान के 29 लाख रुपये गवां दिए, जो उन्हें एक महीने पहले ही मिले थे। पहले अलीगढ़ में तैनात राकेश चंद्र अब जानकीपुरम में रहते हैं। उन्होंने अपनी पुलिस शिकायत में कहा कि जालसाजों ने खुद को ट्रेजरी अधिकारी बताकर उनसे संपर्क किया था। शहर के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूर्व अधिकारी ने घोटाले में बैंक अधिकारियों के शामिल होने का भी आरोप लगाया। चंद्रा ने कहा कि उन्हें 8 दिसंबर को एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को लखनऊ के कोषागार से कुलदीप बताया। फोन पर बातचीत के दौरान कुलदीप ने उनकी सारी बैंकिंग जानकारी ले ली। चंद्रा ने कहा, जब मुझे एहसास हुआ कि यह एक ट्रैप कॉल है, तो मैं तुरंत अपने बैंक गया और बैंक अधिकारी से अपना खाता फ्रीज करने के लिए कहा। इसके बाद बैंक ने मेरा खाता सील कर दिया।" कुछ दिनों बाद उन्हें पता चला कि उनके खाते से सारे पैसे गायब हो गए हैं और बैंक अधिकारियों ने उनकी शिकायत पर विचार करने से इनकार कर दिया।

### तुलसी दिवस पर जानकी मंदिर में भक्तों के बीच किया तुलसी पौधे का वितरण

**अररिया।** सीमा पार नेपाल के जानकी मंदिर में तुलसी दिवस के मौके पर पूजा अर्चना करने वाले भक्तों के बीच तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। पर्यावरण अभियंता सुरेश शर्मा के द्वारा तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के तरफ कार्य कर रहे स्थानीय सनातनी धर्म के युवाओ के द्वारा श्रद्धालुओं को तुलसी के पौधे वितरित किए गए और तुलसी की महत्ता से अवगत करवाया गया। तुलसी पौधा वितरण कर रहे पर्यावरण अभियंता सुरेश शर्मा ने कहा कि तुलसी को हमारे घरों में देवी का रूप माना जाता है और यह हर प्रकार से पवित्र है। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में तुलसी लगाई जाती है,उस घर में भगवान वास करते हैं। तुलसी एक ऐसी वनस्पति है,जो धार्मिक रूप से हिदू समुदाय के लिए महत्वपूर्ण औषधि है। तुलसी केवल हमारी आस्था का प्रतीक भर नहीं है। इस पौधे में पाए जाने वाले औषधीय गुणों के कारण आयुर्वेद में भी तुलसी को महत्वपूर्ण माना गया है।

### कर्नाटक में जातीय जनगणना व्यवस्थित ढंग से नहीं करायी गयी नये सिरे से सर्वेक्षण कराएं : येदियुरप्पा



त्रिवेंद्रपुरम। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि जातीय जनगणना नाम से चर्चित कर्नाटक का सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण व्यवस्थित ढंग से नहीं कराया गया, ऐसे में राज्य की कांग्रेस सरकार से अनुरोध है कि वह नये सिरे से सर्वेक्षण कराए और तथ्यों को लोगों के सामने रखे। कर्नाटक में वर्चस्व रखने वाले दो समुदायों (वोक्कलिगा और लिंगायत) ने भी इस सर्वेक्षण को अवैज्ञानिक करार देते हुए अस्वीकार कर दिया है तथा मांग की है कि इसे खारिज कर नये सिरे से सर्वेक्षण कराया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने कहा, सभी के दिमाग में यह बात है कि सर्वेक्षण व्यवस्थित ढंग नहीं कराया गया। मेरी भी ऐसी ही राय है। इसलिए नये सिरे से जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाए तथा तथ्यों से लोगों को अवगत कराया जाए। मैं सरकार से इस दिशा में ईमानदार प्रयास करने की अपील करता हूं। येदियुरप्पा लिंगायत समुदाय से आते हैं। साल 2015 में सिद्धरमैया की अगुवाई वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार (2013-2018) ने राज्य में 170 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण कराया था जिसे जातीय जनगणना कहा गया था।

# श्मशान तक जाने वाले रास्ते पर दबंगों का कब्जा, शव रखकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण



**एजेंसी। डौसा**

हिंदू संस्कृति में एक कहावत है कि जिस आदमी को जीते जी जगह न मिले, उसे श्मशान में जगह जरूर मिलती है। लेकिन यहां मामला कुछ इस तरह हो गया कि श्मशान में जाने का रास्ता तक नहीं बचा, जिसके चलते दौसा जिले में सिकराय के संवासा गांव में रास्ते की समस्या के कारण एक बुजुर्ग की अर्थी को बीच में ही रखकर करीब दो घंटे से बैठे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि दबंगों ने आम रास्ते में कब्जा कर रखा है। रविवार देर रात संवास गांव में एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। श्मशान की ओर जाने वाले आम रास्ते में तारबंदी कर दबंगों ने संवासा गांव से श्मशान तक पहुंचने के रास्ते पर कब्जा किया हुआ है। ऐसा नहीं है कि इस कब्जे से श्मशान जाने वाले रास्ते पर कब्जे की जानकारी प्रशासन को न हो, लेकिन इस मामले में कार्रवाई नहीं हो पा रही। पूरे मामले की जानकारी होने के बाद मौके पर सिकराय तहसीलदार दिनेश मीना, नायब तहसीलदार और थानाधिकारी मय जाब्ता तैनात हैं, जिसके चलते दो घंटे से बैठे हुए हैं। लेकिन खबर लिखे जाने तक समस्या का समाधान नहीं हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों का

### चीखती रही युवती, चाकू से वार करते रहे हमलावर

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव में युवती की बेरहमी से हत्या की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। दो युवक युवती के गर्दन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करते रहे और वह चीखती रही। वह हमलावरों से जिंदगी की भीख मांगती रही लेकिन उन्हें युवती पर दया नहीं आई। उधर, 100 मीटर की दूरी से दौड़ती हुई आ रही दिव्यांग मां की आंखों के सामने बेटी ने तड़प-तड़पकर जान दे दी। दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव निवासी आशा राजभर और उसके पति जयतुन राजभर दोनों दिव्यांग हैं। जयतुन राजभर की छह पुत्रियां हैं। वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पटियाला में रहकर मजदूरी करते हैं। वहीं आशा गांव के ही एक व्यक्ति का खेत बटाई पर लेकर खेती करती है। दिव्यांग आशा अपनी 21 साल की बेटी शबनम के साथ गेहूं की सिंचाई करने खेत में गई थी। शबनम खेत से घर जाने के लिए निकली। करीब 100 मीटर की दूरी पर पहुंची तभी उसके चींखने की

### अटल जी को नमन करने पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

# गठबंधन से नाराजगी और जदयू में टूट की अटकलों पर तोड़ी चुप्पी



**एजेंसी। पटना**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन की बैठक को लेकर चल रही अटकलों पर लगाम लगा दिया था। इंडी गठबंधन की बैठक के बाद नाराजगी से सवाल पर सोमवार सुबह स्पष्ट कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक से हमें कोई नाराजगी नहीं है। हम जरा सा भी नाराज नहीं है। हमारी इच्छा है कि सब लोग (विपक्ष) एकजुट हो। गठबंधन में पद के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी कोई इच्छा ही नहीं है इनसब के प्रति। हमारी इच्छा केवल यह है कि सब लोग एक साथ मिलकर देश का इतिहास बदलाने वालों के खिलाफ लड़ें। इधर, जनता दल (यूनाईटेड) में टूट के सवाल पर कहा कि हमारी पार्टी एकजुट है। सबलोग साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कोई टूट नहीं होने वाला है।

### इंडिया के लोग सिर्फ किटी पार्टी करते हैं, एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं : शाहनवाज

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने इंडिया गठबंधन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता सिर्फ किटी पार्टी करते हैं और एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते रहते हैं। दरअसल, आज सोमवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भागलपुर में भाजपा ने भी इस दिन को यादगार बनाने के लिए शहर भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए। यहां मुंदीचक स्थित एक विवाह भवन में अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने पहले अटल बिहारी वाजपेयी के तैलीय चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई कार्यक्रम किए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है।

### सेहरा सजने से पहले ही बेटे ने दिया देश के लिए बलिदान, पार्थिव शरीर देख बिलख पड़ी मां



श्रीनगर। जम्मू के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में आतंकी हमले में बलिदानी गौतम कुमार का पार्थिव शरीर आज सोमवार को उत्तराखंड पहुंचा। पार्थिव शरीर को सेना के विमान से देहरादून एयरपोर्ट लाया गया। यहां सेना ने बलिदानी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, सीएम धामी ने भी बलिदानी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिजनों को ढाढ़स बंधाया। इसके बाद बलिदानी के पार्थिव शरीर को सेना के हेलीकॉप्टर से उनके घर भेजा गया। यहां विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने बलिदानी को श्रद्धांजलि दी। पार्थिव शरीर के घर पहुंचते ही परिजनों की आंखें भर आईं। मां बेटे के पार्थिव शरीर को देखते ही बिलख पड़ी। गौतम की शादी होने वाली थी। सेहरा सजने से पहले ही बेटे के बलिदान की खबर से पूरे परिवार में मातम है। दो साल पहले ही उनके पिता का निधन हुआ था। वह शिक्षा विभाग में थे। माता नीलम देवी गृहणी हैं। गौतम चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। राहुल भी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। बिता दें कि बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में हुए आतंकी हमले में गढ़वाल मंडल के दो वीर बलिदान हो गए थे।

# फीफा ने दी ब्राजील फुटबॉल परिसंघ को निलंबित करने की धमकी





एजेंसी

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नये अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

### फीफा को तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं

रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राजील की दो सर्वोच्च अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बरकरार रखा। फीफा अपने सदस्य संघों के कामकाज में सरकार या किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता है और इसलिए पांच बार के विश्व कप विजेता ब्राजील को समस्या का समाधान होने तक प्रमुख प्रतियोगिताओं से बाहर रहना पड़ सकता है।

# निराशा से उबरने के लिए खिलाड़ी है ट्रेन्डः राहुल द्रविड़

**सेंचुरियन।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप फाइनल में मिली हार के संदर्भ में रविवार को यहां कहा कि पेशेवर खिलाड़ी निराशा से जल्द से जल्द उबरने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं। अहमदाबाद में 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया से हारने वाली टीम के सदस्यों में शामिल रहे केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर ने इसके बाद सीमित ओवरों के कुछ मैच खेले लेकिन अन्य खिलाड़ी पांच सप्ताह में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। द्रविड़ ने यहां पत्रकारों से नई चुनौतियों के बारे में कहा,वह दिल तोड़ने वाली हार थी लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको तेजी से आगे बढ़ना होता है और हमारे सामने एक और महत्वपूर्ण श्रृंखला है और यह सभी श्रृंखलाएं एक अन्य आईसीसी प्रतियोगिता (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) के लिए क्वालीफाई करने के संदर्भ में काफी मायने रखती हैं। पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ समझते हैं कि फाइनल की हार को पचा पाना आसान नहीं है लेकिन वह इस तथ्य से भी अवगत हैं कि इस निराशा को लंबे समय तक खींचने से परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।उन्होंने कहा,आपके पास निराशा में डूबे रहने के लिए वक्त नहीं होता। आपको उससे उबरकर आगे बढ़ना होता है और हमारे खिलाड़ियों ने ऐसा बहुत अच्छी तरह से किया। हम निराश थे लेकिन अब हम उससे आगे बढ़ चुके हैं। मुझे लगता है कि हमारी वनडे टीम ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला जीती। द्रविड़ ने कहा,खिलाड़ी निराशा से उबरकर आगे बढ़ने में माहिर होते हैं क्योंकि उन्हें बचपन से ऐसा करना सिखाया जाता है। आपको इससे बाहर निकलना होता है और आप लंबे समय तक निराशा के साथ नहीं जी सकते हैं। इससे अगले मैच में आपका प्रदर्शन प्रभावित होगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका में अभी तक टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है और द्रविड़ ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के विकेट इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में थोड़ा भिन्न चुनौती पेश करते हैं। उन्होंने कहा आंकड़ों के लिहाज से देखें तो यहां खेलना आसान नहीं होता है लेकिन हमने यहां अच्छा प्रदर्शन भी किया है। ऐसा नहीं है कि यहां खेलना असंभव है लेकिन अन्य देशों की तुलना में यहां उछाल असमान होता है। आपको यहां इंग्लैंड की तरह अधिक स्विंग या ऑस्ट्रेलिया की तरह पर्याप्त गति और उछाल नहीं मिलता है।



# वाइपर्स एससी ने कोच नीवा के साथ खत्म किया अनुबंध

**कंपालाः** मौजूदा युगांडा प्रीमियर लीग चैंपियन वाइपर एससी ने ब्राजीलियाई कोच लियोनार्डो मार्टिंस नीवा का अनुबंध समाप्त कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, नीवा के कार्यभार संभालने के पांच महीने बाद ही क्लब ने रविवार को यह घोषणा की। यह निर्णय वाइपर एससी द्वारा लीग लीडर बीयूएल जिंजा एफसी से 3-2 की घरेलू हार के दो दिन बाद लिया गया है।वाइपर एससी के एक बयान में कहा, ₹वाइपर्स स्पोर्ट्स क्लब अपने हितधारकों और जनता को सूचित करता है कि उसने आपसी सहमति से 23 दिसंबर, 2023 को लियोनार्डो मार्टिंस नीवा के साथ अपने अनुबंध को समाप्त कर दिया है। क्लब वेनोम्स परिवार में रहने के दौरान नीवा को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता है।

जुलाई में अपने अनावरण समारोह के दौरान, दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले नीवा ने कहा कि वह वाइपर एससी के साथ और अधिक खिताब जीतने के लिए युगांडा में थे। उनके पिछले स्पेल में उत्तरी अमेरिका, कैरेबियन, दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका के कई अन्य देश शामिल थे।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं मंजू रानी और साक्षी

**ग्रेटर नोएडाः** 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (48 किग्रा) और दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी (57 किग्रा) ने जीबीयू इंडोर स्टेडियम में 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा है रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) का प्रतिनिधित्व करते हुए, मंजू रानी ने चंडीगढ़ की गुड्डी के खिलाफ अपने अनुभव और कौशल का प्रदर्शन किया और 5-0 से जीत हासिल की। इस मुक्केबाज को अब सोमवार को क्वार्टर फाइनल में दिल्ली की संजना से भिड़ना है। एक अन्य मैच में एसएससीबी की साक्षी ने राउंड-16 मुकाबले में तेलंगाना की रेफा मोहिद का सामना किया। साक्षी के आक्रामक रवैये और जोरदार मुक्कों को संभालना रेफा के लिए बहुत मुश्किल था, जिसके परिणामस्वरूप रेफरी ने पहले राउंड में साक्षी के पक्ष में मुकाबला रोक दिया। क्वार्टर फाइनल में साक्षी का मुकाबला चंडीगढ़ की आरती मेहरा से होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में 2022 सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन शशि चोपड़ा (63 किग्रा) ने उत्तराखंड की आरती दरियाल को हराया। शशि ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और टूनामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए



शशि का मुकाबला ऑल इंडिया पुलिस के सोनू से होगा। इस बीच, 66 किग्रा मैच में अंकुशिता बोरो का मुकाबला मिजोरम कीवनलाल हरियातपुई से था। अंकुशिता ने पूरी प्रक्रिया में अपना दबदबा बनाए रखा और अंत में 5-0 के स्कोर के साथ आसानी से मुकाबला जीत लिया। क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला आरएसपीबी की अंजलि तुषीर से होगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित टूनामेंट में 12 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने वाले 300 से अधिक मुक्केबाजों की भागीदारी देखी जा रही है, जिसका फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

## अफ्रीकी टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम : सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली,** वनडे में प्रोटियाज पर 2-1 से जीत के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलेगी। सुनील गावस्कर ने कहा कि टीम में कई वरिष्ठ खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह की वापसी के बाद भारतीय टीम के पास प्रोटियाज गेंदबाजों की तुलना में अनुभवी बल्लेबाज हैं। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, वे अनुभवी बल्लेबाज हैं, जो हर जगह खेलकर आ रहे हैं। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि वे इन दो टेस्ट मैचों में बहुत सारे रन बनाएंगे। सिर्फ इसलिए नहीं कि उनके पास बहुत प्रतिभा है। बल्कि इस बार, मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण उतना मजबूत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एनरिक जैसे स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति और कैगिसो रबाडा की संभावित कमी मेजबान टीम को नुकसान पहुंचा सकती है। गावस्कर ने कहा, एनरिक, रबाडा और एनगिडी की संभावित अनुपस्थिति के साथ दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण में अनुभव कम नजर आ रहा है। मैं क्लास की कमी नहीं कह रहा हूं। मुझे लगता है कि ये दोनों बल्लेबाज (रोहित-विराट) बहुत सारे रन बनाएंगे और भारतीय टीम एक मजबूत स्कोर बनाएगी।टेस्ट सीरीज से पहले गावस्कर ने कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा की मानसिक स्थिति पर भी चर्चा की। पूर्व बल्लेबाज ने सुझाव दिया कि रोहित टेस्ट मैचों में अपनी आक्रामक खेल शैली को बदलने पर विचार कर सकते हैं। भारतीय कप्तान ने 2023 वनडे विश्व कप में भारत की सर्वश्रेष्ठ शुरूआत की गारंटी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## न्यूजीलैंड टी 20 सीरीज के लिए पाकिस्तान के हाई-परफॉर्मेंस कोच बने यासिर अराफात



**लाहौर,** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक, यासिर अराफात पाकिस्तान के टी20 विशेषज्ञों के साथ सीधे न्यूजीलैंड के लिए उड़ान भरेंगे। उन्हें फिलहाल इसी एक श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में नियुक्त किया गया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से बताया गया है, साइमन जिन्हें मौजूदा ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए कोचिंग स्टाफ के हिस्से के रूप में नामित किया गया है, उनकी जगह यासिर लेंगे। अराफात, जिनके पास न्यूजीलैंड के साथ-साथ इंग्लैंड में भी कोचिंग का पिछला अनुभव है। उन्होंने 13 टी20 सहित 27 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और पाकिस्तान की विजयी 2009 टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। हालांकि, उन्होंने टूनामेंट में सिर्फ एक मैच खेला। यह एक और बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि मिकी आर्थर और ग्रांट ब्रैडबर्न को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम निदेशक और मुख्य कोच के रूप में मोहम्मद हफीज द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करने के बावजूद, आर्थर और ब्रैडबर्न अभी भी पीसीबी के साथ सूचीबद्ध हैं और उन्हें अभी तक किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया है।

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीम में जगह बनाना चाहती हैं ज्योति

**नई दिल्ली,** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ज्योति छत्री का मानना है कि हाल ही में संपन्न 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में उनके अनुभव ने उन्हें एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने में मदद की है। 19 वर्षीय खिलाड़ी पिछले एक साल से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में एक मुख्य खिलाड़ी रही हैं और उन्होंने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में भारत के लिए सभी छह मैच खेले और रोमांचक 3-3 के दौरान एक गोल किया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप 2023 में भारत के स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रदर्शन के दौरान भी प्रमुख भूमिका निभाई। ज्योति ने इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ 2023, 4 देशों के महिला आमंत्रण टूनामेंट (बार्सिलोना) में अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की थी। 5 देशों के टूनामेंट वालेंसिया 2023 उनके लिए कुछ शीर्ष टीमों- आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक और अच्छा मौका था। ज्योति ने कहा, वालेंसिया दौरे के लिए टीम में शामिल किए जाने पर मैं बहुत खुश थी। जब आपको सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण लेने का मौका मिलता है तो यह हमेशा सीखने का एक शानदार अवसर होता है।

## व्यापार

# अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 8 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए एसईसीआई के साथ किया समझौता

एजेंसी

**मुंबई,** अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 साल के लिए 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इसके साथ ही एजीईएल ने जून 2020 में एसईसीआई द्वारा दिए गए 8,000-मेगावाट के विनिर्माण-लिंक्ड सोलर टेंडर के लिए पावर ऑफटेक टाई-अप पूरा कर लिया है, जो सौर ऊर्जा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा टेंडर है। एजीईएल के सीईओ अमित सिंह ने कहा कि कंपनी ने भारत के डीकाबोर्नाइजेशन लक्ष्य को प्राप्त करने और आत्मनिर्भर भारत में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में एक टिकाऊ ऊर्जा परिदृश्य को सक्षम करने के लिए सबसे बड़ा समझौता किया है। सिंह ने कहा, 2030 तक भारत के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म



ईंधन क्षमता के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, अदाणी ग्रीन 45 गीगावॉट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो हमारे वर्तमान ऑपरेटिंग पोर्टफोलियो से पांच गुना अधिक है। यह सस्ती और सुलभ स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने के हमारे संकल्प की पुष्टि करता है।2 गीगावॉट पीवी (फोटोवोल्टिक) सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना सहित एसईसीआई के सौर पीवी टेंडर के लिए एजीईएल की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने अपने सहयोगी मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के माध्यम से 2-गीगावॉट प्रति वर्ष सौर पीवी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र चालू किया है। एमएसईएल गुजरात के मुंद्रा में स्थित है, जिसमें एडीईएल के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से 26 प्रतिशत शेयर है।

सिंह ने कहा, इसके साथ, एजीईएल ने 19.8-गीगावॉट के पीपीए का अनुबंध किया है और शेष राशि उसके 20.6-गीगावॉट लॉक-इन पोर्टफोलियो में व्यापारी क्षमता है। पोर्टफोलियो को 2030 तक 45-गीगावॉट क्षमता के निष्पादन के लिए पूरी तरह से जोखिम मुक्त कर दिया गया है, जिसमें 12 राज्यों में 200,000 एकड़ से अधिक भूमि पहले से ही ली गई है। 20.6 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक के लॉक-इन विकास पथ के साथ, एजीईएल के पास वर्तमान में 8.4 गीगावॉट का ऑपरेटिंग नवीकरणीय पोर्ट फोलियो है, जो भारत में सबसे बड़ा है, जो संचयी रूप से 41 मिलियन टन से अधिक सीओ 2 उत्सर्जन की भरपाई करता है। एजीईएल को कई ऐतिहासिक नवीकरणीय ऊर्जा बिजली संयंत्र विकसित करने का श्रेय है, जिनमें से जैसलमेर में 2,140 मेगावाट (मेगावाट) का दुनिया का सबसे बड़ा पवन-सौर हाइब्रिड पावर क्लस्टर है। एजीईएल किफायती स्वच्छ ऊर्जा के लिए लागत कम करने को लेकर टेक्नोलॉजी का लाभ उठाता है।

# ऐप्पल वॉच सीरीज 9, अल्ट्रा 2 यूएस में अपने खुदरा स्टोर पर उपलब्ध नहीं

**सैन फ्रांसिस्को,** ऐप्पल ने अमेरिका में अपने खुदरा स्टोरों पर अपनी वॉच सीरीज 9 और अल्ट्रा 2 की बिक्री रोक दी है और जब क्रिसमस के बाद ऐप्पल स्टोर फिर से खुलेंगे, तो ये दोनों घड़ियां खरीद के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। चिकित्सा उपकरण निमार्ता मासिमो के साथ पेटेंट विवाद पर अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग (आईटीसी) द्वारा लगाए गए आयात प्रतिबंध के कारण ऐप्पल ने अपनी नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टवॉच को वापस ले लिया। पिछले हफ्ते ऐप्पल के ऑनलाइन स्टोर से ऐप्पल वॉच सीरीज 9 और एप्पल वॉच अल्ट्रा 2 को हटाने के बाद, दोनों डिवाइस अब इसके स्टोरों पर उपलब्ध नहीं हैं। 9टू5मैक की रिपोर्ट में कहा गया है, 26 दिसंबर को जब ऐप्पल स्टोर दोबारा खुलेंगे, तो ऐप्पल वॉच सीरीज 9 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 खरीदने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐप्पल स्टोर्स अब वॉच एसई को प्रमोट करेगा, जो उपलब्ध रहता है, क्योंकि इसमें ब्लड ऑक्सीजन सेंसर की कमी है। आईटीसी ने अक्टूबर में फैसला सुनाया कि ऐप्पल वॉच सीरीज 9 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 में ब्लड ऑक्सीजन सेंसर दो मैसिमो पेटेंट का उल्लंघन करता है।आईटीसी के फैसले के बाद, मामला 60 दिनों की राष्ट्रपति समीक्षा अवधि के लिए जो बाइडेन प्रशासन को भेजा गया था, लेकिन उन्होंने अब तक कार्रवाई नहीं करने का विकल्प चुना है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति की समीक्षा अवधि आधिकारिक तौर पर 25 दिसंबर के बाद समाप्त हो रही है, इसलिए यह अभी भी संभव है कि राष्ट्रपति बाइडेन अंतिम समय में आईटीसी के फैसले में हस्तक्षेप करने और वीटो करने का विकल्प चुनेंगे।

## इंक्रेड ने 60 मिलियन डॉलर जुटाए, 2023 में भारत का दूसरा यूनिकॉर्न बना

**नई दिल्ली**, सूखे को खत्म करते हुए, फिनटेक ऋणदाता इंक्रेड इस साल नए और मौजूदा निवेशकों से 60 मिलियन डॉलर जुटाने के बाद भारत का दूसरा यूनिकॉर्न बन गया है, मीडिया ने सोमवार को यह खबर दी। इंट्रैकर की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंक्रेड की धन प्रबंधन सहायक कंपनी इंक्रेड वेल्थ ने 36.76 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ फंडिंग राउंड का नेतृत्व किया, इसके बाद एमईएमजी फैमिली ऑफिस ने 9 मिलियन डॉलर का निवेश किया। रिपोर्ट के मुताबिक, आरपी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन रवि पिल्लई और डॉयचे बैंक के सह-प्रमुख राम नायक ने क्रमशः 5.4 मिलियन डॉलर और 1.2 मिलियन डॉलर का निवेश किया। इनक्रेड स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड वीसीसी, इनक्रेड की सिंगापुर-पंजीकृत इकाई, वेरेनियम कैपिटल एडवाइजर्स और एनएबीएस वृद्धि ने भी इस दौर में भाग लिया। इस फंडिंग के साथ, इंक्रेड का मूल्य अब $1.03 बिलियन हो गया है। फर्म ने पिछली बार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों से ऋण वित्तपोषण दौर में 68 मिलियन डॉलर जुटाए थे। वित्त वर्ष 2023 के दौरान इंक्रेड ने परिचालन पैमाने पर 77.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो वित्त वर्ष 22 में 488 करोड़ रुपये की तुलना में 865.6 करोड़ रुपये हो गया।

## गुरुग्राम में शराब की खपत नई ऊंचाई पर पहुंची

**गुरुग्राम,** गुरुग्राम के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में शराब की बिक्री में भारी वृद्धि देखी गई है। जिले में पिछले छह महीनों में शराब की 1,518 करोड़ रुपये की खपत दर्ज की गई है। गुरुग्राम आबकारी विभाग द्वारा संकलित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि जिले में लोग हर महीने 300 करोड़ रुपये की शराब और बीयर गटक रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि केवल छह महीने में यह उल्लेखनीय वृद्धि है। उप उत्पाद एवं कराधान आयुक्त (पश्चिम), अमित भाटिया ने मीडिया से कहा, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में शराब की बिक्री के साथ जिले में शराब और बीयर की खपत में वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

# फिनटेक लीडर पेटीएम ने की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** फिनटेक लीडर पेटीएम ने अपने परिचालन, बिक्री और इंजीनियरिंग टीम से कई सौ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने प्रभावित लोगों की संख्या का खुलासा नहीं किया, लेकिन कहा कि कंपनी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए एआई-संचालित ऑटोमेशन के साथ अपने परिचालन को बदल रही है, विकास और लागतों में दक्षता बढ़ाने के लिए दोहराए जाने वाले कार्यों और भूमिकाओं को खत्म कर रही है, इसके परिणामस्वरूप हमारे संचालन और विपणन कार्यबल में थोड़ी कमी आएगी। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने बताया,हम कर्मचारी लागत में 10-15 प्रतिशत की बचत करने में सक्षम होंगे, क्योंकि एआई ने हमारी अपेक्षा से अधिक परिणाम दिया है। इसके अतिरिक्त, हम पूरे वर्ष गैर-प्रदर्शन के मामलों का लगातार मूल्यांकन करते हैं।"

2021 में फिनटेक प्रमुख ने 500-700 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा,मौजूदा व्यवसायों पर हमारे फोकस को जारी रखते हुए, बीमा और धन हमारे मंच का एक तार्किक विस्तार होगा। ऋण वितरण में हमारे वितरण-आधारित व्यवसाय मॉडल की ताकत दिखाने के बाद, हम नए व्यवसायों को चलाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इसका विस्तार कर रहे हैं। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में कहा, पेटीएम भुगतान और धन प्रबंधन जैसी वित्तीय सेवाओं में क्रांति लाने के लिए एआई का लाभ उठा रहा है। पेटीएम की एआई-संचालित रणनीति ने भारत के लिए नवाचार जारी रखते हुए कार्यबल को कम करने में मदद की है।

## दक्षिण कोरिया में पर्यावरण-अनुकूल कारों का निर्यात 33 फीसदी बढ़ा

**सियोल,** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ठोस वैश्विक मांग के कारण इस साल के पहले 11 महीनों के दौरान दक्षिण कोरिया के पर्यावरण-अनुकूल वाहनों का निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-नवंबर की अवधि के दौरान पर्यावरण-अनुकूल ऑटोमोबाइल की निर्यात मात्रा 662,307 यूनिट रही, जबकि एक साल पहले यह 499,854 यूनिट थी। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि पूरे 2023 में यह संख्या पहली बार 700,000 से अधिक होने की उम्मीद है। बीते वर्ष पर्यावरण-अनुकूल कारों का निर्यात 554,000 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया और मूल्य भी 1.61 मिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इस वर्ष की बिक्री वृद्धि ईवी और हाइब्रिड मॉडल की लोकप्रियता से प्रेरित थी।

# बिटक्वाइन माइनर्स के राजस्व में 400 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली,** लेनदेन शुल्क के रूप में बिटकॉइन माइनर्स द्वारा एकत्र किया गया राजस्व 2023 में प्रति दिन औसतन लगभग 2 मिलियन डॉलर था, जिसमें अगले साल-400 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। बिटकॉइन सेल्फ-कस्टडी प्लेटफॉर्म कासा के सह-संस्थापक जेम्सन लोप के अनुसार, बिटकॉइन माइनर्स ने 2023 में 10 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया,बिटकॉइन माइनर्स ने 2023 में 10 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की, जो 15 वर्षों में कुल 57 बिलियन डॉलर की तुलना में महत्वपूर्ण उछाल है। क्रिप्टो.न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बिटकॉइन माइनर्स ने ब्लॉक पुरस्कारों में 44 मिलियन डॉलर से अधिक कमाए, भले ही खनन कठिनाई 3.55 प्रतिशत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। क्रिप्टो बाजार खुफिया उत्पादों के अग्रणी प्रदाता मेसारी ने पोस्ट किया कि बीटीसी माइनर्स ने नवंबर में महत्वपूर्ण उद्यम पूंजी निवेश को आकर्षित किया। पिछले महीने क्रिप्टो धन उगाहने का नेतृत्व बीटीसी माइनर्स ने किया था, इसमें नॉर्दर्न डेटा और फीनिक्स ग्रुप ने क्रमशः 600 मिलियन और 370 मिलियन डॉलर जुटाए थे। मेसारी ने एक्स पर लिखा, उन सौदों को छोड़कर, बाकी क्रिप्टो उद्यम बाजार ने 98 सौदों पर 750 मिलियन डॉलर का कारोबार किया। इस घटनाक्रम ने बाजार पर नजर रखने वालों को 2024 में बिटकॉइन की कीमत के बारे में भविष्यवाणियां करने के लिए प्रेरित किया है, कुछ का दावा है कि यह 160,000 डॉलर तक जा सकती है। इस वर्ष बिटकॉइन में 160 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, इससे इसके बाजार पूंजीकरण में लगभग 530 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। बैंकलेस टाइम्स डॉट कॉम के एक विश्लेषण के अनुसार, सोलाना डिजिटल सिक्का बाजार जनवरी 2023 से 627 प्रतिशत बढ़ गया है, जो किसी भी क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक नया वार्षिक उच्च स्तर है।

# फोन के कवर में नोट रखना खतरनाक



अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखने से फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। ऐसे में आपको अपने फोन के पीछे किसी भी वस्तु जिसमें आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड, घर या बाइक की चाबी, सिक्के जैसी वस्तुओं को रखने से बचना चाहिए।

**आग लगने की संभावना**

जब आप अपने फोन के पीछे किसी भी सामान को रखते हैं तो पहले ही बताया गया है कि वह फोन के टेंपरेचर को बढ़ाने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। जब आपका फोन गर्म होता है, ओवरहीट होता है तो ऐसे में फोन में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आपने अपने फोन के कवर में कागज जैसे कि नोट या कोई डॉक्यूमेंट रखा हुआ है तो तेजी से वह चीज है जल सकती है। इसीलिए अपने फोन के कवर के पीछे कभी भी नोटों को न रखें।

**हीट को करता है ब्लॉक**

जब आप अपने फोन के कवर में किसी भी प्रकार का कोई सामान रखते हैं तो आपने देखा होगा कि फोन में लगे कवर में कुछ होल बने होते हैं जहां से फोन का हीट निकलती रहती है। लेकिन जब आप अपने फोन के कवर में कोई भी वस्तु रख देते हैं तो वह उस छेद को ब्लॉक कर देता है, जिससे फोन की गर्मी कवर में ही रह जाती है और फोन तेजी से गर्म होने लगता है। बता दें कि आग लगने की संभावना के साथ-साथ इस तरीके की आपकी आदतें आपका फोन को भी डैमेज कर सकती हैं, क्योंकि जब फोन आपका ओवर हीट होगा तो इसका प्रोसेसर स्लो काम करना शुरू कर देगा और आपका फोन धीरे-धीरे खराब होने लग जाएगा। इसीलिए ऊपर दिए गए बातों को ध्यान में रखते हुए आप अपने फोन के कवर में कभी भी कोई भी वस्तु न रखें।

## एक नजर

### आज सीएम करेंगे 470 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास

**चतरा/सिमरिया।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26 दिसम्बर 2023 को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जिले को 470 करोड़ की सौगात देंगे। कार्यक्रम स्थल से ही मुख्यमंत्री विभिन्न 161 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिसकी प्राक्कलित राशि 137 करोड़ से अधिक है। इसी प्रकार 241 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिसका प्राक्कलन 112 करोड़ रुपये लगभग है। वहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1,13,700 लाभुकों के बीच 221 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता तैयारियों का जायजा लिए और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बाजकूम में जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट 7 से

**लातेहार।** रेलवे स्टेशन नवरंग चौक डुरूआ मीडिल स्कूल के मैदान (बाजकुम) में नॉक आउट टेनिस जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सात जनवरी से किया जाएगा। अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि कई स्थानों पर सीनियर का टूर्नामेंट होता है, जिसके कारण जूनियर खेल नहीं पाते हैं। इसी को देखते हुए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर 9815773217 पर कॉल कर नामांकन करा सकते हैं। इंट्री फीस 501 रुपये रखी गई है। वहीं प्रथम पुरुस्कार 4100 रुपये नकद प्लस ट्रॉफी प्लस मेडल और द्वितीय पुरुस्कार 1100 रुपये नकद प्लस कप प्लस मेडल दिया जायेगा। मैन ऑफ द मैच, मैन आफ द सीरीज, कैच ऑफ द मैच पुरस्कार दिया जायगा। 16 से ज्यादा टीम भाग नहीं ले सकती हैं। नियम एवं शर्तें मैदान में बताई जायगी। टूर्नामेंट में जिले के कई बड़े मुख्य अतिथि भी शामिल रहेंगे।

### बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री वितरित

**लातेहार।** सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी द्वारा लातेहार सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत के मोंगर और केरू गांव में 50 बालिकाओं के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत प्रभारी चांदनी देवी, जिला प्रभारी राजू सिंह आदि मौजूद थे।

### चहारदीवारी से मिटाई नगर मंदिर की पेंटिंग

**चंदवा।** देश भर में प्रसिद्ध माँ उग्रतारा नगर मंदिर का चित्र लातेहार के दर्शनीय स्थलों की जानकारी हेतु समाहरणालय के चहारदीवारी में बनाया गया था। लेकिन गलत स्थान में चित्र बनने की वजह से कई लोगों की आस्था को ठेस पंहुच रही थी। इस संबंध में नगर मंदिर के सेवायत वो मुंतजिमकार गोविंद बल्लभ मिश्र ने नगर पंचायत लातेहार के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर इसे तत्काल विलोपित करने की मांग की थी। मिश्र ने पत्र में लिखा था कि मां उग्रतारा का यह मंदिर उत्तर भारत समेत पूरे देश में प्रसिद्ध है। चित्र को गलत स्थान में बनाया गया है। सोमवार को उक्त स्थान पर पुताई कर मंदिर के चित्र को विलोपित कर दिया गया है।

### गढ़वा जिले में चालू वित्तीय वर्ष में दस हजार अबुआ आवास देने का लक्ष्य

# प्रखंड को अबुआ आवास के लक्ष्य का पता नहीं, आवेदन आ गए 7162

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

सरकार द्वारा गढ़वा जिले में चालू वित्तीय वर्ष में दस हजार अबुआ आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन सिर्फ केतार प्रखंड से अबुआ आवास के लिए 7162 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में गढ़वा जिला के 20 प्रखंडों का आवेदन को जोड़ा जाये तो करीब 1.5 लाख आवेदन प्राप्त होने का अनुमान है। केतार प्रखंड की सात पंचायतों में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए 7162 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें परती कुशवानी पंचायत में 997 आवेदन, पाचाडुमर पंचायत में 1251 आवेदन, लोहरगाडा. पंचायत में 922 आवेदन, केतार पंचायत में 958, बलिगढ़ पंचायत में 930 आवेदन, मुकुन्दपुर पंचायत में 1135 आवेदन, परसोडीह पंचायत में 969 आवेदन मिले हैं। प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर पंचायतों में आवेदन देने वाले ग्रामीणों के घरों का स्थल सत्यापन भी ब्लॉक कर्मियों द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। यद्यपि सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख लोगों को अबुआ आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तिय वर्ष 2023-24 में 10003 आवास निर्माण का गढ़वा जिले को टारगेट मिला है। इसमें एसी/एसटी को 5002 आवास, ओबीसी को 3501 आवास, अल्पसंख्यक को 1000 आवास और जेनरल कैटिगरी को 500 आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं 2024-025 में 17505 आवास का लक्ष्य है। इसमें एसटी/एससी 8752 आवास, ओबीसी 6127, अल्पसंख्यक को 1751 और जेनरल को 875 आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन वित्तिय वर्ष 2023-24 के लिए जिला द्वारा अभी प्रखंडवार और पंचायतवार अबुआ आवास का लक्ष्य नहीं मिला है। इसके विरुद्ध केतार प्रखंड में लक्ष्य से ज्यादा 7162 आवेदन पड़े हैं।




### नहीं घट रही है बेघर लोगों की संख्या

केतार प्रखंड में गत सात वर्ष में (2016-022) के दौरान 6168 प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कराकर बेघरों को पक्का घर दिया गया है। इसके बाद अम्बेडकर आवास और बिरसा आवास का भी लाभ दिया गया है। इसके बाद भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन प्राप्त होने के बाद भी ऐसा लग रहा है की केतार प्रखंड में बेघरों की संख्या घट नहीं रही है।

### योग्य लाभुकों को मिलेगा लाभ : बीडीओ

प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि जिला से प्रखंडवार अबुआ आवास के लिए अभी लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। स्थल सत्यापन के पश्चात योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा।

# डंडई थाना क्षेत्र के घर में देर रात लगी आग, सामान जलकर राख

### घटना में दो लाख रुपये से भी अधिक का हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

थाना क्षेत्र के डंडई हाई स्कूल निवासी नंदू प्रसाद के घर में बीती रात्रि आग लग गई। आग लगी की घटना में स्कूटी, टीवी, एलसीडी के साथ-साथ घर का अन्य सामान जलकर खाक हो गया। घटना में दो लाख रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ। इस संबंध में स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया गया। बताया जाता है कि अन्य दिन की तरह रविवार रात्रि को भी पीड़ित परिवार घर में सोया हुआ था। आग की धाह से जब पीड़ित का पुत्र रविंद्र कुमार सोमवार अहले सुबह उठा तो वह घर में धुआं भरा देख हल्ला करना शुरू कर दिया। पड़ोस के लोगों ने उक्त स्थल पहुंच आग को बुझाया, लेकिन तब तक घर का सभी सामान जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट साथ-साथ लोगों द्वारा जानबूझकर आग लगाने को बताया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों पड़ताल की गई तो शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने नहीं आई। सभी घरों में बिजली की वायरिंग पूरी तरह सुरक्षित पाई गई। पीड़ित नंदू ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना शॉर्ट सर्किट से नहीं बल्कि किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगाने का काम किया गया है। साथ ही कहा कि आवेदन के आलोक में पुलिस प्रशासन अगर कार्रवाई करे तो मामले से पर्दा उठ सकता है। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य आशीष कुमार राणा ने घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि मामले पर पुलिस प्रशासन को अविलंब कार्रवाई करने की जरूरत है। पूछने पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्तिद्वारा आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि आवेदन के आलोक में अनुसंधान जारी कर दिया गया है।



# पूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जयंती कार्यक्रम के उपरांत सुरेंद्र विश्वकर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि ज्ञानी जैल सिंह का राजनीतिक सफर शुरू होने के बाद ज्यादातर समय जेल में बीता। बार बार जेल जाने आने पर जेलर ने इनका नाम ज्ञानी जैल सिंह रख दिया था। विधायक से लेकर केंद्र के मंत्री तक बने और देश की सेवा की। 1982 में उन्होंने देश के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उनका निधन 25 दिसंबर 1994 को हुआ। इस मौके पर डॉक्टर सुचित विश्वकर्मा, बाबू लोहार शिवकुमार विश्वकर्मा ज्योति प्रकाश, बबलू कुमार शर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा, सुखनाथ विश्वकर्मा, राजकुमार शर्मा, सुखनाथ विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान भाजपाइयों ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ट भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले युगपुरुष वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की। साथ ही भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया। वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। बैठक का संचालन इग्नासियुस बाड़ा ने किया। इस दौरान भाजपा के बसंत कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, अरुण कुमार सिंह, सुनील कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, विवेकानंद यादव, सुनील कुमार रोशन, क्लामुद्दीन अंसारी, ललित कुमार सिंह, मुकेश कुमार यादव, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद मेहता शिव मंगल गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा के नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पूर्व मंत्री ने वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केशरी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी युगपुरुष थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने और उसको मजबूत करने में अपनी महती भूमिका निभायी। देश के विकास की गति को बढ़ाने के लिए वाजपेयी ने साहसिक निर्णय लिया।



### वाजपेयी की जयंती पर कंबल का वितरण

**मेराल।** प्रखंड के करकोमा पंचायत भवन पर सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सह सुशासन दिवस मनाया गया। मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, भोलाराम, रामलखन तिवारी, सुरजन बैठा, गौरी शंकर तिवारी, संदीप दुबे आदि ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने मुसहर परिवार, दलित परिवार, अल्पसंख्यक समुदाय सहित गरीब और लोगों को के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मृत्युंजय तिवारी, राधेश्याम यादव, नंदलाल तिवारी, नाजिम अंसारी, श्रीकांत चौधरी, शहाबुद्दीन अंसारी, दरबारी अंसारी, शेषमणि तिवारी, आयुष तिवारी, चंदेश्वर राम, अभिमन्यु तिवारी, विजय मुसहर, दिवार मुसहर, विजय तिवारी, बलराम मिस्त्री, बबलू तिवारी मौजूद थे।

# साप्ताहिक बाजार गिद्धौर में कोलवाहन के परिचालन के कारण लगा घंटों जाम

**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक पर सोमवार को लगने वाले सप्ताहिक बाजार के समीप चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में हाइवा कोल वाहनों के परिचालन के कारण जाम लग गया। जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के सिमरिया आगमन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 25 व 26 दिसंबर को कोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई है। यहां तक की दो दिनों तक नो एंट्री भी लगाया गया है। परंतु अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश के बावजूद कोल वाहनों का परिचालन अन्य दिनों की तरह जारी रहा। वैसे में सोमवार को गिद्धौर मुख्य चौक पर लगने वाला साप्ताहिक बाजार में घंटो जाम का सामना करना पड़ा। कुछ देर तक बाजार में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मौके पर पुलिस पहुंचकर जाम को हटाया। जिसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया। बताते चलें कि ग्रामीण सुबह 5:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक नो एंट्री लगाने की मांग कर रहे हैं।



### एसडीओ ने केक काट कर बच्चों संग मनाया क्रिसमस

चतरा। क्रिसमस पर्व के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी भवन चतरा परिसर में एसडीओ सुरेंद्र उरांव ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर क्रिसमस मनाया। साथ ही सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एसडीओ श्री उरांव तथा वस्त्र वितरण कार्यक्रम की शुरूआत करने वाली सदस्य अनुज्ञा शर्मा द्वारा इस अवसर पर गरीब व असहाय बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान करीब तीन दर्जन बच्चों को इसका लाभ मिला। मौके पर रेड क्रॉस के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, सचिव धर्मेंद्र पाठक तथा कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा ने भी बच्चों के बीच वस्त्र बांटे और बच्चों के साथ उपस्थित सभी सदस्यों को मिठाई खिलाया।

# धूमधाम व हर्षोल्लास से मना क्रिसमस का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु/चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र के इटके ग्राम स्थित मंधनिया, झुनिबांद व झिकिया स्थित चर्च में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सोमवार को धूमधाम से क्रिसमस का त्योहार मनाया। रविवार मध्य रात्रि से ही तीनों चर्चों में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया, जहां प्रभु यीशु के जन्म के साथ ही खीस्त विश्वासियों द्वारा सजाए गए चरणी में बाल यीशु के दर्शन किए गए। इटके स्थित झुनिबांद चर्च में फादर खाखा बाइबल का पाठ करते हुए विश्व प्रेम के लिए प्रभु यीशु के संदेश सुनाया। इसी प्रकार मंधनिया व झिकिया स्थित चर्च में फादर सुनिल लकड़ा ने बाइबल का संदेश सुनाया। इस मौके पर नृत्य संगीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, टोंटी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, मुखिया शांति देवी, महेंद्र कच्छप, संदीप मिंज, अनुष्का लकड़ा, उषा खलखो, बसंत लकड़ा, सुनिल कच्छप, अनुप कच्छप, सुरेन्द्र कुजुर, शिलास तिर्की, पिटर सोरेन, सेथ, अनिल आदि मौजूद रहे।

वहीं **चंदवा** में ईसाई धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा त्योहार क्रिसमस प्रखंड समेत आस पास के क्षेत्रों में प्रेम व परोपकार के संदेश के साथ धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस को लेकर चारों तरफ जश्न का माहौल देखा गया। गिरजा घरों में आधी रात से ही जश्न शुरू हो गया था। जैसे ही रात 12 बजे का घंटा बजा मसीही समाज में जश्न शुरू हो गया। हर तरफ कैरोल गीत गूंजने लगे। लोगों के बीच एक दूसरे को बधाई देने और केक खिलाने का सिलसिला शुरू हो गया।



### पहल — कुशवाहा महासभा की बैठक में कमलेश कुमार मेहता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया

# समाज की एकजुटता व कुरीतियों को दूर करने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में नरखोरिया ग्राम में रविवार को संरक्षक सूर्यदेव मेहता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को गतिशील एवं क्रियाशील बनाए जाने के लिए कमेटी का विस्तार और प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से कमलेश कुमार मेहता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया तथा अमित कुमार मेहता को युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। शेष कमेटी का पुर्नगठन अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज की एकजुटता बनाए रखने व कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया।

मौके पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज के विकास व पहचान के लिए माला की तरह होने की जरूरत है। बिखरे समाज को एकत्रित कर ही राज्य व देश में एक विशेष पहचान दी जा सकती है। दुख व सुख दोनों परिस्थितियों में साथ निभाने पर जोर दिया गया साथ ही संगठन के विकास के लिए नौजवानों को एकजुट होकर सत्ता में हिस्सेदारी के लिए लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि जिले में कुशवाहा समाज को एकजुट करने का प्रयास हम निरंतर कर रहे हैं और जल्द सफल भी होंगे। उन्होंने कुशवाहा समाज को एक बैनर के नीचे एकत्रित होने का आह्वान किया।

संरक्षक सूर्य देव मेहता ने कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और ईमानदारी पूर्वक समाज को चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संगठन में अपार शक्ति होती है। अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं सामूहिक प्रयास से बड़ा से बड़ा मुकाम प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर और एकजुट होकर कार्य करना होगा। मौके पर कुशवाहा महासभा के गढ़वा जिला कार्यकारणी अध्यक्ष जयशंकर मेहता, अरुण मेहता, अवध मेहता, शिवशंकर मेहता, शिवकुमार मेहता, विजय कुमार मेहता, सुरेश मेहता, उदय मेहता, श्रीकांत कुमार, कमलेश कुमार, पुष्परंजन कुमार, श्याम बिहारी मेहता, मुखिया संघ के अध्यक्ष राम सागर मेहता, बीरबल पंचायत मुखिया इंद्रजीत मेहता, संजय मेहता, राजेंद्र मेहता, पंकज आदि मौजूद थे।



## पेज एक के शेष

### भारत में मानव व्यापार का.....

30 फीसदी हाई स्कूल तक पढ़ी होती हैं जबकि 30 फीसदी मीडिल और 14 फीसदी प्राइमरी पास। 26 फीसदी अशिक्षित हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के कालीन उद्योग में पलामू-गढ़वा जिले के 11 हजार बाल मजदूर कार्यरत हैं।खनन क्षेत्रों से विस्थापन मानव तस्करी की वजह रिपोर्ट के अनुसार नक्सली संकट और खनन क्षेत्रों में विस्थापन मानव तस्करी की बड़ी वजह रही। खूंटी में ऐसे कई मामले सामने आए जिसमें नक्सलियों से तंग महिलाएं मानव तस्करों के चंगुल में फंस गईं। अवैध कोयला कारोबारी स्थानीय महिलाओं को वेश्यावृति में धकेलते हैं। इससे बचने के लिए वे खुद को मानव तस्करों के हवाले कर देतीं हैं। 40 मामले सिर्फ 10 राज्यों से आते हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, मानव तस्करी के देश की 4.2 फीसदी घटनाएं झारखंड में होती हैं। वर्ष 2021 की एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2,189 मानव तस्करी के केस देश भर में दर्ज किये गये। 56.6 फीसदी यानी 1,239 केस सिर्फ 5 राज्यों (तेलंगाना, महाराष्ट्र, असम, केरल और आंध्र प्रदेश) से आये। 44 फीसदी केस (408) बाकी राज्यों में रिकॉर्ड किये गये। तेलंगाना में सबसे ज्यादा होती है मानव तस्करी आंकड़े बताते हैं कि तेलंगाना में सबसे ज्यादा 347 मानव तस्करी की घटनाएं वर्ष 2021 में दर्ज की गयीं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र रहा, जहां से 320 मामले आये। असम में 203, केरल में 201 और आंध्र प्रदेश में 168 मानव तस्करी के केस वर्ष 2021 में दर्ज किये गये। टॉप-5 राज्यों के बाद ओडिशा में 136, बिहार में 111, उत्तर प्रदेश में 103, राजस्थान में 100 और झारखंड में 92 केस पुलिस ने रिकॉर्ड किये।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### 22 जनवरी को अयोध्या जाने वाली उड़ानों को पड़ोसी जिलों में पार्क किया जाएगा

**अयोध्या (यूपी)।** राम मंदिर के अभिषेक समारोह के लिए 22 जनवरी को गणमान्य व्यक्तियों को अयोध्या ले जाने वाले विमान अयोध्या के अलावा गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज के हवाई अड्डों पर तैनात किए जाएंगे। कम से कम 100 विमान अयोध्या हवाई अड्डे पर उतरेंगे और या तो मंदिर शहर में रहेंगे या आसपास के जिलों के लिए रवाना होंगे। अयोध्या से आठ और शहरों के लिए उड़ानों की घोषणा की गई है, जो 6 जनवरी से शुरू होंगी। पहले, यह घोषणा की गई थी कि उड़ानें अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ेंगी, लेकिन अब हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और गोवा को मंदिर शहर से जोड़ने वाली उड़ानें शुरू की जाएंगी।

### घने कोहरे के कारण एक दर्जन से अधिक वाहन टकराए

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़-बुलंदशहर राजमार्ग पर सोमवार सुबह घने कोहरे के चलते एक दर्जन से अधिक वाहनों में टक्कर हो गई। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 86 किलोमीटर दूर हापुड़ के हाफिजपुर कोतवाली इलाके में हुई है। इस हादसे से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आई है। जिसमें कई सारे वाहन क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहे हैं। दुर्घटना में घायल लोगों को बचाने के लिए आपातकालीन सेवाओं को तुरंत मौके पर भेजा गया और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अशोक गहलोत ने राजस्थान कैबिनेट विस्तार में देरी पर सवाल उठाए

**जयपुर।** भाजपा शासित राजस्थान में मंत्री पदों के बंटवारे में देरी पर सवाल उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि राज्य सरकार के हर विभाग में भ्रम की स्थिति है। ऐसे में आम जनता में निराशा है, जो चुनाव परिणाम के 22 दिनों के बाद भी अपने मंत्रियों को नहीं जानते हैं।

### राजस्थान में मंत्रीमंडल का विस्तार शीघ्र

**जयपुर।** भाजपा के सूत्रों ने बताया कि स्टेट पार्टी यूनिट शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए आलाकमान की हरी झंडी का इंतजार कर रही है, जो अगले दो दिनों में कभी भी हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि नये मंत्रिमंडल में अनुभवी नेता और पहली बार मंत्री बने विधायक होंगे। पिछली बीजेपी सरकार में वसुंधरा राजे कैबिनेट के कुछ चेहरों को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है।

# तमिलनाडु के राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने देखी सुबह-ए-बनारस

**एजेंसी। वाराणसी**

काशी तमिल संगमम-2 में भाग लेने आए तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को अस्सीघाट पर सुबह-ए-बनारस का अतुलनीय प्राकृतिक सौन्दर्य देखा। ठंड और कोहरे भरी सर्द हवाओं के बीच गंगा की इठलाती लहरों और अंधेरे को चीरते हुए भगवान सूर्य की किरणों की लालिमा देख दोनों विशिष्ट जन आह्लादित हो गए। घाट पर सुबह-ए-बनारस के मंच पर आध्यात्मिक संस्कृति, संगीत और योग का अतुलनीय समन्वय देख तमिलनाडु के राज्यपाल ने इसे सराहा।



संगीत की सुरमयी रागों के साथ सेहत को लेकर जागरूक लोगों को योग करते और सिखाते योगी भी आकर्षण में रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अस्सी घाट पर काशी की आध्यात्मिक संस्कृति, संगीत और योग के अतुलनीय समन्वय की झलक देखकर अभिभूत हूं। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में काशी तमिल संगमम-2023 में सहभागिता का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन से हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी बल भी मिलेगा। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह आयोजन हो रहा है और हमारा सौभाग्य है कि बीते वर्ष भी इस आयोजन में आने का सुअवसर मिला था। काशी और अस्सी जितना सुना था, उससे बेहतर है। जीवन भर यहां का आनंद आपके साथ चलता है।

# सरकार ने उपभोक्ता आयोगों के लिए शुरू की ई-जागृति पोर्टल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और राज्य उपभोक्ता आयोगों के लिए ई-जागृति पोर्टल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सुविधा खोल दी है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में सुविधाओं का शुभारंभ करते हुए उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ई-जागृति पोर्टल, एनसीडीआरसी के लिए वीसी सुविधा, एनटीएच में ड्रोन परीक्षण, 17 भाषाओं में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन 2.0, भारत सरकार के उपभोक्ताओं की विश्वास बहाली के प्रयासों का उदाहरण है। मंत्री ने उपभोक्ता मामलों के विभाग से जागरुकता फैलाने, विकल्प प्रदान करने, उपभोक्ताओं को कुशल शिकायत निवारण और उनसे निरंतर प्रतिक्रिया प्राप्त करके जागृति को एक जन आंदोलन बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

# गरीब, युवा, महिलाएं, किसान- मेरे लिए ये चार बड़ी जातियां: प्रधानमंत्री

**इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को मिली बकाया राशि, दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े मोदी**

**एजेंसी। इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है। प्रयास है कि देश का श्रमिक सशक्त बने और समृद्ध भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित मजदूरों के हित मजदूरों को समर्पित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर में हुकुमचंद मिल के श्रमिकों के लगभग 224 करोड़ रुपये के चेक आधिकारिक परिसमापक और हुकुमचंद मिल के श्रमिक संघ के प्रमुखों को सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि स्वच्छता और स्वाद के लिए मशहूर इंदौर कितने ही क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। इंदौर के विकास में यहां के कपड़ा उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार ने गरीबों का जीवन बदलने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी पहली प्राथमिकता है। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार की नई टीम को हमारे श्रमिक परिवारों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हुकुमचंद मिल, इंदौर के मजदूरों को उनका हक दिलाया। यह मध्यप्रदेश शासन की ऐतिहासिक पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित 'मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में सहभागिता की एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।




# कोरोना के वेरिएंट जेएन1 से 63 लोग हुए संक्रमित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोरोना के नये वेरिएंट जेएन 1 के मामलों में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार रविवार को देश भर में कोरोना के इस नये वेरिएंट से 63 लोग संक्रमित हुए हैं। संक्रमण के सबसे अधिक मामले गोवा से आए हैं। मंत्रालय के अनुसार रविवार को गोवा में नये वैरिएंट से 34 लोग संक्रमित पाए गए हैं। महाराष्ट्र से 09, कर्नाटक में 08, केरल से 06, तमिलनाडु से 04 और तेलंगाना से 02 लोग कोरोना के इस नये वेरिएंट से संक्रमित हुए हैं।उल्लेखनीय है कि इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 4,054 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक रविवार को देशभर में कोरोना के कुल 656 नए मामले सामने आए ।

### केंद्रीय निकाय ने बच्चों में घातक एडेनोवायरस वेरिएंट को लेकर बंगाल सरकार को किया आगाह



**कोलकाता।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कोलकाता और इसके आस-पास के जिलों में बच्चों में एडेनोवायरस के घातक संस्करण के प्रसार पर पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग को आगाह किया है। यह रहस्योद्घाटन आईसीएमआर से संबद्ध नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हैजा एंड एंटरिक डिजीज (एनआईसीईडी) के हालिया निष्कर्षों के बाद किया गया है, जो एडेनोवायरस के लिए व्यक्तियों के नमूना परीक्षण पर आधारित है। एडेनोवायरस के लिए परीक्षण किए गए 3,115 व्यक्तियों में से, कुल 1,257 का परीक्षण सकारात्मक रहा और घातक संस्करण 40 व्यक्तियों में था, इनमें से अधिकांश बच्चे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अलर्ट मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सावधानी बरती जा रही है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023 की शुरूआत में पश्चिम बंगाल में एडेनोवायरस ने खतरनाक रूप ले लिया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, दिसंबर 2022 के अंत के बीच की अवधि में एडेनोवायरस पॉजिटिव व्यक्तियों के 1,200 मामले सामने आए थे और मार्च 2023 के अंत में, ज्यादातर बच्चे, और उस अवधि के दौरान इससे प्रभावित होने वाली कुल मृत्यु का आंकड़ा 19 था। हालांकि, उस समय मौत के आंकड़ों पर विवाद हुआ था, क्योंकि डॉक्टरों के संघों ने राज्य स्वास्थ्य विभाग पर आंकड़ों को छोटा दिखाने का आरोप लगाया था। उस समय, राज्य सरकार ने एडेनोवायरस से प्रभावित लोगों के मामलों की निगरानी करने और उनका उचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए आठ सदस्यीय टास्क फोर्स का भी गठन किया था।

# सहेली से शादी के लिए जेंडर चेंज कराया, फिर उसे जिंदा जला डाला

**एजेंसी। चेन्नई**

एक ट्रांससेक्शुअल व्यक्ति ने एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि ये दोनों एक दूसरे को बचपन से जानते थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध की पहचान वेट्री मारन के रूप में हुई है, जो एक ट्रांस पुरुष है। वेट्री मारन ने अपने बचपन की सहपाठी जो कि मदुरै की एक 25 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी उसे जिंदा जला दिया। नंदिनी को उसके इरादों पर संदेह नहीं हुआ क्योंकि वेट्री मारन ने कहा था कि वह उसके जन्मदिन से पहले उसे कुछ सरप्राइज देना चाहता है। नंदिनी यहां अपने रिश्तेदार के घर पर रह रही थी। वास्तव में 26 वर्षीय वेट्री मारन पहले पंडी महेश्वरी थी। उसने नंदिनी से विवाह के लिए अपना जेंडर चेंज करवाया था। वह बचपन से मदुरै के एक स्कूल में नंदिनी के साथ पढ़ती थी। महेश्वरी द्वारा अपना नाम बदलकर वेट्री मारन करने के बाद भी नंदिनी ने मानवीय आधार पर अपनी दोस्ती जारी रखी थी, दोनों ने यहां एक ही कंपनी में काम किया था।



### अमित शाह ने दी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने एक्स हैंडल पर दिवंगत नेता वाजपेयी को नमन करते हुए लिखा- अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की। उन्होंने भाजपा के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। शाह ने कहा कि जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।

# चीन के पूर्वोतर भाग में न्यूनतम तापमान माइनस 40 डिग्री पहुंचा

**एजेंसी। चीन**

चीन की राजधानी बीजिंग में ठंड में बीते 75 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बीजिंग में दिसंबर के महीने में 300 घंटे तक तापमान शून्य से नीचे रहा जो एक रिकॉर्ड है। चीन के उत्तरी और उत्तर पूर्वी हिस्से में आर्कटिक से आने वाली हवाओं के कारण तापमान इतना नीचे गिरा है। पूर्वोत्तर का तापमान इस दौरान माइनस 40 डिग्री पहुंच गया है। रविवार 24 दिसंबर तक बीजिंग में तापमान लगातार शून्य से नीचे रहा है। आंकड़ों के अनुसार 11 दिसंबर के बाद से 300 घंटे से अधिक समय तक लगातार बीजिंग में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। वर्ष 1951 के बाद से यह सर्वाधिक अवधि है जब बीजिंग का तापमान इतने लंबे समय तक शून्य से - डिग्री तक रहा हो। राजधानी में नौ दिनों तक - 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे का तापमान रहा है।

**कई शहरों में हीटिंग सप्लाई में गिरावट**

बीजिंग में तापमान लगातार न्यूनतम बना हुआ है। इसे देखते हुए दक्षिण पश्चिम में मध्य चीनी प्रांत हिरण के कई शहरों में सर्दियों में होने वाली हीटिंग की अधिक मांग के बीच इसकी सप्लाई में गिरावट भी देखने को मिली है। स्थानीय थर्मल पावर सप्लायर के पास सप्लाई सुनिश्चित करने का भारी दबाव बन रहा है। बढ़ती ठंड के बीच स्थानीय सप्लायर के पास हीटिंग बॉयलर खराब हो गए हैं।

### एमपी : मोहन यादव मंत्रिमंडल में शामिल किए गए 28 मंत्री

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। सोमवार को 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई, जिनमें दस वे चेहरे नहीं हैं, जो कभी शिवराज सरकार में हुआ करते थे। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव और उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के साथ जगदीश देवड़ा पहले ही शपथ ले चुके थे। सोमवार को 28 नए मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रिमंडल विस्तार पर गौर करें तो 10 ऐसे विधायक हैं, जिन्हें मंत्री बनने का मौका नहीं मिला है। नवगठित मंत्रिमंडल में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मीना सिंह, बिसाहू लाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, बृजेंद्र सिंह यादव, उषा ठाकुर, ओमप्रकाश सकलेचा, हरदीप सिंह डंग और प्रभु राम चौधरी को मंत्री नहीं बनाया गया है।

# सेना प्रमुख का पुंछ दौरा हालात का लिया जायजा

**एजेंसी। जम्मू**

सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर का दौरा किया। सेना ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट हैंडल पर कहा, जनरल मनोज पांडे ने पुंछ सेक्टर का दौरा किया। इस दौरान उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कमांडरों से बातचीत की, उन्हें सबसे पेशेवर तरीके से ऑपरेशन चलाने और सभी चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ और स्थिर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। 21 दिसंबर को बफलियाज के डेरा की गली इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे। आतंकवादियों ने इलाके में सेना की एक जिप्सी और एक ट्रक को निशाना था। आतंकवादियों ने सैनिकों के शवों



को क्षत-विक्षत कर दिया और उनके हथियार लेकर भाग गए थे। आतंकियों की तलाश के लिए पुंछ और राजौरी में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। इसके बाद मुठभेड़ की जगह के पास सेना ने तीन नागरिकों की कथित तौर पर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नागरिकों को सेना ने यातनाएं देकर मारा है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मारे गए नागरिकों के लिए मुआवजे की भी घोषणा की है। परिजनों को मुआवजे के तौर पर सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है।

**विवादित बोल** | **राहुल के करीबी सैम पित्रोदा ने ईवीएम पर उठाए सवाल**

# ईवीएम के खिलाफ मतदान बहिष्कार पर हो विचार

**राजनीतिक दलों को विरोध प्रदर्शन शुरू करना चाहिए**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के बाद टेक्नोक्रेट और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ इसे अपनी सुविधा के अनुसार कैसे नियंत्रित किया जा सकता है और इसमें हस्तक्षेप कैसे संभव है, इसे जल्द ही उजागर करेंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों से ईवीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करने और मतदान के बहिष्कार के बारे में भी विचार करने को कहा।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बेहद करीबी पित्रोदा ने कहा कि ईवीएम को किसी की सुविधा के अनुसार नियंत्रित किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ भी काम कर चुके पित्रोदा ने कहा कि वर्तमान में भारत में इस्तेमाल की जा रही ईवीएम मशीन कोई स्टैंड अलोन मशीन नहीं है। आईओसी चेयरमैन ने कहा कि समस्या तब शुरू हुई, जब वीवीपैट मशीन को ईवीएम से जोड़ा गया। उन्होंने कहा, "वीवीपीएटी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से मिलकर बना एक अलग उपकरण है।" उन्होंने कहा कि वीवीपैट को ईवीएम से जोड़ने के लिए एक विशेष कनेक्टर का उपयोग किया जाता है, जिसे एसएलयू कहा जाता है। पित्रोदा ने कहा, यह एसएलयू कई सवाल खड़े करता है। एसएलयू कनेक्टर ही वीवीपैट में दिखाता है कि किस बटन से वोट किस पार्टी को जाएगा। इसे मतदान से पहले प्रोग्राम किया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एसएलयू जोड़ने के बाद ईवीएम अब अकेली मशीन नहीं रह गई है। इसमें वो सभी तरह के काम किए जा सकते हैं, जिनकी बात की जा रही है। इसलिए हम चाहते हैं कि वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची वर्तमान में थर्मल प्रिंटर के माध्यम से जारी की जाती है और इसे केवल कुछ हफ्तों तक ही सुरक्षित रखा जा सकता है, इसके बजाय एक प्रिंटर का उपयोग किया जाना चाहिए, जो अगले पांच वर्षों तक पर्ची को सुरक्षित रखेगा।

**फिल्म जगत**

# अरबाज खान की शादी में सलमान खान ने बांधा समां



**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी बंधन में बंध गए हैं। वहीं उनके भाई सलमान खान ने अपने गानों से महफिल लूट ली। इस जोड़े ने अर्पिता और आयुष के आवास पर अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ एक छोटी सी पार्टी का आयोजन किया। सलमान ने पार्टी में जोरदार एंट्री की। नवविवाहित जोड़े के साथ 'तेरे मस्त मस्त दो नैन' गाने पर डांस करते अभिनेता का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सलमान को अरबाज की पत्नी शूरा खान और उनके बेटे अरहान के साथ थिरकते देखा जा सकता है। उन्होंने 'सुल्तान' के 'जग्ग घुमेया' और 'टाइगर जिंदा है' के 'दिल दियां गल्लां' जैसे गानों पर भी डांस किया। सलमान ने ग्रे रंग का पठानी सूट पहना हुआ था और वह अपने भाई की शादी का जश्न मनाते हुए मस्ती के मूड में दिख रहे थे और ट्रैक पर थिरक रहे थे। इससे पहले अरबाज ने शादी की पहली आधिकारिक तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ह्लअपने प्रियजनों की उपस्थिति में मैं और मेरा जीवन प्रेम और एकजुटता की शुरूआत कर रहे हैं।